NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

लखनऊ से प्रकाशित

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

वर्षः 13 अंकः 318 लखनऊ, शुक्रवार 05 जुलाई 2024 मूल्यः 02 रूपये पृष्ठ- 08

## आ गई पीएम मोदी के रूस दौरे की तारीख, पुतिन से किन मुद्दों पर होगी चर्चा

एजेंसी।

नई दिल्ली नई नेता दोनों देशों के बीच बहुमुखी संबंधों की संपूर्ण श्रृंखला की समीक्षा करेंगे और आपसी हित के समसामयिक क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान–प्रदान करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 08–10 जुलाई 2024 को रूसी संघ और ऑस्ट्रिया गणराज्य की आधिकारिक यात्रा करेंगे। रूसी संघ के राष्ट्रपति के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री 08–09 जुलाई 2024 को मास्को में होंगे। व्लादिमीर पुतिन 22वां भारत–रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन आयोजित करेंगे। नेता दोनों देशों के बीच बहुमुखी संबंधों की संपूर्ण श्रृंखला की



समीक्षा करेंगे और आपसी हित के समसामयिक क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान–प्रदान करेंगे।इसके बाद, प्रधानमंत्री 09–10 जुलाई 2024 के दौरान ऑस्ट्रिया की यात्रा करेंगे। यह 41 वर्षों में किसी भारतीय प्रधान मंत्री की ऑस्ट्रिया की पहली यात्रा होगी। वह ऑस्ट्रिया गणराज्य के राष्ट्रपति महामहिम से मुलाकात करेंगे। अलेक्जेंडर वान डेर बेलेन और ऑस्ट्रिया के चांसलर महामहिम के साथ बातचीत की। प्रधानमंत्री और चांसलर भारत और ऑस्ट्रिया के व्यापारिक नेताओं को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री मॉस्को के साथ–साथ वियना में भी भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ बातचीत करेंगे।

गौरतलब है कि कीव और मॉस्के के बीच दो सालों से चल रही जंग के बीच नई दिल्ली ने रूस और यूक्रेन के बीच एक राजनयिक संतुलन बनाए रखा है। हालाँकि इसने स्पष्ट रूप से रूसी आक्रमण की निंदा नहीं की है, लेकिन इसने बुचा नरसंहार की अंतरराष्ट्रीय जाँच का आह्वान किया है और रूसी नेताओं द्वारा जारी परमाणु खतरों पर चिंता व्यक्त की है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत ने न्यूट्रल रूख अपनाया और कई प्रस्तावों में रूस के खिलाफ मतदान से परहेज किया है।

## कांग्रेस सांसद ने लोकसभा अध्यक्ष को लिखा पत्र, पीएम मोदी और अनुराग ठाकुर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

विरुधुनगर सांसद ने बिरला से सदन में प्रधान मंत्री मोदी और ठाकुर द्वारा दिए गए ष्तथ्यात्मक रूप से गलत और भ्रामक बयानोंष पर अपेक्षित कार्यवाही शुरू करने और उचित कार्रवाई करने का आह्वान किया।कांग्रेस सांसद मनिकम टैगोर ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने सदन में ष्तथ्यात्मक रूप से गलत और भ्रामक बयानष दिए और मामले में उचित कार्रवाई की मांग की। सूत्रों ने इस बात की जानकारी दी है। टैगोर ने स्पीकर बिरला को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि मोदी और ठाकुर द्वारा दिए गए बयानों पर निर्देश 115(1) के प्रावधानों को लागू किया जाए।विरुधुनगर सांसद ने बिरला से सदन में प्रधान मंत्री मोदी और ठाकुर द्वारा दिए गए ष्तथ्यात्मक रूप से गलत और भ्रामक बयानोंष पर अपेक्षित कार्यवाही शुरू करने और उचित कार्रवाई करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के जवाब में कहा था कि कांग्रेस ने महिलाओं को प्रति माह 8,500 रुपये देने का "झूठा वादा" किया था, जबकि पार्टी का वादा जीत और सरकार गठन की शर्त पर था।उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के




इस दावे को भी चुनौती दी कि कांग्रेस का वोट शेयर उन 16 राज्यों में कम हो गया है जहां उसने अकेले चुनाव लड़ा था। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के इस दावे को भी चुनौती दी कि कांग्रेस की वोट हिस्सेदारी उन 16 राज्यों में कम हो गयी है जहां उसने अकेले चुनाव लड़ा था। कांग्रेस सांसद ने पत्र में कहा, ''यह तथ्यात्मक रूप से गलत है। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, कर्नाटक, तेलंगाना आदि में कांग्रेस की वोट हिस्सेदारी बढ़ी है।' उन्होंने मोदी की इस टिप्पणी को भी ''भ्रामक'' बताया कि ''कांग्रेस की सरकार के समय में सेना के लिए कोई बुलेट प्रूफ

## मुम्बई में विश्व विजेताओं का विजय जुलूस, मरीन ड्राइव पर जनसैलाब, वानखेड़े स्टेडियम में सम्मान

एजेंसी।

मुम्बई वानखेड़े स्टेडियम विश्व विजेताओं के सम्मान में बड़ा कार्यक्रम रखा गया है। जय शाह पहले ही 125 करोड़ रुपए इनाम की घोषणा कर दी है। बीसीसीआई के सचिव जय शाह भी मौजूद रहे। साथ ही साथ बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला भी साथ रहे। मरीन ड्राइव पर विक्ट्री परेड में सुरक्षा व्यवस्था भी मजबत रखी गई है। टी20 विश्व कप 2024 में चौंपियन बनने के बाद टीम इंडिया का जबरदस्त तरीके से देश में स्वागत हुआ है। आज सुबह दिल्ली में वापस आने के बाद भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों का जबरदस्त स्वागत नई दिल्ली में हुआ। इसके बाद खिलाड़ियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। अब खिलाड़ी मुंबई में हैं। मुंबई में भी खिलाड़ियों का जबरदस्त तरीके से स्वागत किया गया। मुंबई में




मरीन ड्राइव पर विजय जुलूस निकाला गया। इसमें हजारों फैंस जबरदस्त तरीके से शामिल रहे। विश्व विजेता खिलाड़ी बस पर खड़े थे और लोगों का अभिवादन स्वीकार कर रहे थे। साथ ही साथ वह लोगों को विश्व कप के ट्रॉफी दिखा रहे थे और हाथों में तिरंगा लहरा रहे थे। खिलाड़ी पूरी तरीके से उत्साह में थे, उमंग में थे और लोगों के साथ खुद भी झूम रहे थे। वानखेड़े स्टेडियम विश्व विजेताओं के सम्मान में बड़ा कार्यक्रम रखा गया है। जय शाह पहले ही 125 करोड़ रुपए इनाम की घोषणा कर दी है। बीसीसीआई के सचिव जय शाह भी मौजूद रहे। साथ ही साथ बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला भी साथ रहे। मरीन ड्राइव पर विक्ट्री परेड में सुरक्षा व्यवस्था भी मजबत रखी गई है। खुद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी कर रहे हैं। लोगों का जबरदस्त हुजुम हैं, जैनसैलाब पूरी तरीके से उमड़ा हुआ है। वानखेड़े स्टेडियम में भी जबरदस्त जन सैलाब है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मुंबई पुलिस आयुक्त को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि मरीन ड्राइव और वानखेड़े स्टेडियम में एकत्र हुए भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों के लिए यातायात का कोई कुप्रबंधन या असुविधा न हो। सीएम द्वारा पुलिस को आज मरीन ड्राइव और उसके आसपास उचित भीड़ और यातायात प्रबंधन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। इससे पहले टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम बृहस्पतिवार को विशेष विमान से स्वदेश लौट आई। लगातार बूंदाबादी और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हवाई अड्डे पर प्रशंसकों ने खिलाड़ियों का गर्मजोशी से स्वागत किया जिसके बाद टीम के सदस्यों ने नाश्ते पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।

## 13वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद बोले हेमंत सोरेन

एजेंसीं

झारखंड हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा कि जनता, पार्टी कार्यकर्ता सबकी शुभकामनाएं है और हाई कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए हेमंत सोरेन फिर से झारखंड के मुख्यमंत्री के रूप में और तेजी से कार्य करेंगे। गांडेय मेरी प्राथमिकता है और रहेगी। मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद हेमंत सोरेन ने कहा कि वर्तमान महागठबंधन की सरकार ने 2019 से जनता की भावनाओं के अनुरूप सारी कार्य योजनाएं की। राजनीतिक उतार–चढ़ाव के बीच चंपई सोरेन ने उसे आगे बढ़ाया क्योंकि मैं जेल में था। आज कोर्ट के आदेश से मैं बाहर आ पाया हूं। पुनरू अपने कार्यभार को संभालते हुए अब आगे के काम किए जाएंगे। हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा कि जनता, पार्टी कार्यकर्ता सबकी शुभकामनाएं है और हाई कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए हेमंत सोरेन फिर से झारखंड के मुख्यमंत्री के रूप में और तेजी से कार्य करेंगे। गांडेय मेरी प्राथमिकता है और रहेगी। झामुमो ने पहले दिन में कहा था कि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन द्वारा राज्य में सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद सोरेन 7 जुलाई को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। कांग्रेस की राज्य इकाई के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि सोरेन के आवास पर गठबंधन सहयोगियों की बैठक में यह निर्णय लिया गया। हेमंत सोरेन के पिता और झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन, उनकी मां रूपी सोरेन, पत्नी कल्पना सोरेन तथा झारखंड मुक्ति मोर्चा की अगुवाई वाले गठबंधन के वरिष्ठ नेता भी शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित थे।

## हाथरस हादसे में यूपी पुलिस का पहला बड़ा एक्शन, आयोजन समिति से जुड़े 6 लोग गिरफ्तार, मुख्य आरोपी पर एक लाख का इनाम

संवाददाता।

लखनऊ शलभ माथुर ने कहा कि जब भगदड़ मची तो वे छह सेवक, जिन्हें अब गिरफ्तार कर लिया गया है, घटनास्थल से भाग गए थे। मुख्य आरोपी प्रकाश मधुकर की गिरफ्तारी पर 1 लाख रुपये का इनाम घोषित किया जा रहा है। जल्द ही उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया जाएगा।उत्तर प्रदेश पुलिस ने गुरुवार को कहा कि हाथरस में एक सत्संग के बाद हुई भगदड़ के मामले में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने कहा कि वे सभी सत्संग आयोजित करने वाली आयोजन समिति के सदस्य हैं। अलीगढ़ के महानिरीक्षक शलभ माथुर ने कहा, ष्घटना में चार पुरुषों और दो महिलाओं सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वे सभी आयोजन समिति के सदस्य हैं और श्सेवादारश के रूप में काम करते हैं। शलभ माथुर ने कहा कि जब भगदड़ मची तो वे छह सेवक,



जिन्हें अब गिरफ्तार कर लिया गया है, घटनास्थल से भाग गए थे। मुख्य आरोपी प्रकाश मधुकर की गिरफ्तारी पर 1 लाख रुपये का इनाम घोषित किया जा रहा है। जल्द ही उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया जाएगा। हम इस बात की भी जांच करेंगे कि क्या यह घटना किसी साजिश के कारण हुई है। हाथरस भगदड़ मामले में उपदेशक हरिनारायण साकार उर्फ भोले बाबा की भूमिका को लेकर उठ रहे सवालों के बीच पुलिस ने बाबा के मैनपुरी स्थित आश्रम में उसके मौजूद नहीं होने का दावा किया है। सूत्रों के मुताबिक, मैनपुरी के बिछवां कस्बे में स्थित भोले बाबा के आश्रम में बुधवार रात पुलिस दाखिल हुई थी। मगर इस बारे में कोई भी पुलिस अफसर कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। पुलिस क्षेत्राधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस और स्पेशल आपरेशन ग्रुप (एसपीजी) के लोग आश्रम परिसर में गये थे लेकिन उनकी ड्यूटी आश्रम के अंदर नहीं बल्कि बाहर थी।

उन्होंने कहा, 50–60 सेवादार आश्रम के अंदर मौजूद हैं। इनमें महिला और पुरुष दोनों हैं। इस सवाल पर कि क्या बाबा अपने आश्रम में मौजूद हैं, सिंह ने कहा, वह ना कल थे, ना आज हैं।

## कंपोजिट विद्यालय जवई से निकली स्कूल चलो अभियान रैली

बारा, कौशाम्बी। विकास खंड नेवादा के कंपोजिट विद्यालय जवई के बच्चों ने गुरुवार को स्कूल चलो अभियान की रैली निकाली। इस दौरान बच्चे अपने हाथों मे शिक्षा प्रेरक नारे लिखी तख्तियां लेकर चल रहे थे। मम्मी पापा हमें पढाओ, स्कूल चलकर नाम लिखाओ। एक भी बच्चा छूट गया, संकल्प हमारा टूट गया आदि नारे लगाते हुए बच्चे चल रहे थे। वहीं बीच बीच में प्रधानाध्यापक महेंद्र कुमार जैसल ने कि अपने परिवार के 6 वर्ष से 14 वर्ष तक के बच्चों के नाम विद्यालयों में अवश्य लिखवाएं।

## पर्यटन स्थलों का विकास सरकार की प्राथमिकता–जयवीर सिंह

संवाददाता।

लखनऊ विधायकों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के प्रस्ताव पर पर्यटन विभाग द्वारा 4415.55 करोड़ रूपये की लागत से प्रदेश में स्थित अध्यात्मिक, पौराणिक एवं धार्मिक स्थलों का विकास किया जा रहा है। वर्ष 2017–18 से 2023–24 तक प्रमुख पर्यटन स्थलों पर बुनियादी सुविधायें सृजित की जा रही है। धार्मिक एवं अध्यात्मिक पर्यटन स्थलों पर देशी–विदेशी पर्यटकों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए राज्य सरकार पर्यटन सुविधाओं का प्राथमिकता से विस्तार कर रही है।यह जानकारी आज यहां प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि विगत वर्षों में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से एक पर्यटन स्थल को विकसित किया गया है। उन्होंने बताया कि पर्यटकोंध श्रद्धालुओं के उपयोग के लिए पर्यटक सुविधा केन्द्र, यात्री निवास, शौचालय, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, बेंच, परिक्रमा मार्ग पर स्थित पड़ाव स्थल तथा घाट का निर्माण आदि कराये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जनप्रतिनिधियों से प्राप्त प्रस्तावों के अंतर्गत जनपद अयोध्या में चौदह कोसी मार्ग पर पर्यटक सुविधा की स्थापना 12.10 करोड़ रुपये से, जनपद अयोध्या में 14 धार्मिक पर्यटन स्थलों (रिर्षभ सरभ पनास मंदिर, सियाराम किला, दिगम्बर अखाड़ा, तुलसी चौराहा मंदिर, कौसल्या घाट मंदिर, कालेराम मंदिर, नेपाली मंदिर, चित्रगुप्त मंदिर, विश्वकर्मा मंदिर, छोटी देवकली मंदिर, मायूर मंदिर,



भारत महल मंदिर, राम गुलेला मंदिर, हनुमान मंदिर) के फसाड ट्रीटमेन्ट एवं पर्यटन अवस्थापना सुविधाओं का कार्य 19.19 करोड़ रुपये से किया जा रहा है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि इसी प्रकार जनपद अयोध्या में चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग स्थित कुंडों का पर्यटन विकासध निर्माण कार्य 17.72 करोड़ रुपये से, चौदह कोसी परिक्रमा मार्ग स्थित पर्यटन स्थलों का पर्यटन विकासधनिर्माण कार्य 18.29 करोड़ रुपये से, चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग स्थित पर्यटन स्थलों (आश्रम) का पर्यटन विकासधनिर्माण कार्य 17.56 करोड़ रुपये से, पंचकोसी परिक्रमा मार्ग स्थित पर्यटन स्थलों का पर्यटन विकासधनिमार्ण कार्य 18.67 करोड़ रुपये से, अयोध्या में ही 16 धामिर्क पर्यटन स्थलों (करतलिया बाबा मंदिर, तिवारी मंदिर, वेद मंदिर, सिंघम मंदिर, गारापुर मंदिर, मनीराम दास की छवनी मंदिर, बरेली मंदिर, रंग महल मंदिर, सीताराज महल मंदिर, मोतिहारी मंदिर, टेढ़ी याती महादेव मंदिर, राम पुस्तकालय मंदिर, विद्या देवी मंदिर, देवीकाली कुण्ड, श्री सरोवर मंदिर, धन्याक्ष्य कुण्ड) के फसाड ट्रीटमेन्ट एवं पर्यटन अवस्थापना सुविधाओं का कार्य 34.10 करोड़ से कराया जा रहा है।

जयवीर सिंह ने बताया कि जनपद प्रयागराज तहसील सदर के बालसन चौराहा स्थित महर्षि भारद्वाज आश्रम का पर्यटन विकास 13.35 करोड़ से, प्रयागराज के ही श्रृंगवेरपुर ध ााम में निषादराज पार्क का पर्यटन विकास 42.51 करोड़ रुपये से, जनपद मीरजापुर में विन्ध्य कॉरीडोर का निर्माण 128.95 करोड़ रुपये से, जनपद सीतापुर स्थित नैमिषारण्य में ललिता देवी मंदिर के निकट तीर्थयात्री सुविध ाा एवं कॉरीडोर का निर्माण 47. 96 करोड़ से, जनपद वाराणसी में ओवरआल टूरिज्म डेवलपमेंट के अन्तर्गत पंचकोसी परिक्रमा यात्रा पड़ाव का पर्यटन विकास 41.20 करोड़ रुपये से, वाराणसी में ओवर ऑल टूरिज्म डेवलपमेंट योजना के अन्तर्गत 24.32 करोड़ रुपये से, मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर साउण्ड एवं लाइट शो तथा दर्शकों के बैठने हेतु स्थान का निमार्ण 15.86 करोड़ रुपये से किया जा रहा है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि मथुरा के अन्तर्गत बरसाना परिक्रमा मार्ग का विकास कार्य 18.73 करोड़ रुपये से, जनपद मथुरा में वासुदेव वाटिका का निर्माण एवं विकास कार्य 45. 33 करोड़ और मथुरा परिक्रमा के विकास एवं सुदृढ़ीकरण 18. 89 करोड़ रुपये से, सहारनपुर के शाकुम्भरी देवी शक्तिपीठ में पदयात्रा मार्ग का सुदृढ़ीकरण एवं पर्यटन सुविधाओं का विकास कार्य 16 करोड़ रुपये से, सहारनपुर के शाकुम्भरी देवी शक्तिपीठ में टीएफसी का निर्माण 22.16 करोड़ और पार्किंग का निर्माण 18 करोड़ रुपये से, मुजफ्फरनगर के शुक्रतीर्थ धाम में गंगा घाट का उच्चीकरण 19.90 करोड़, टीएफसी एवं पार्किंग का निर्माण कार्य 21.24 करोड़ से, जनपद हापुड़ के ब्रजघाट गढमुक्तेश्वर का समेकित पर्यटन सुविधाओं का सृजन एवं पर्यटन विकास कार्य 13.15 करोड़ रुपये से और टीएफसी मल्टीकल्चरल हब का पर्यटन विकास कार्य 22.53 करोड़ से कराया जा रहा है।

## युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल मंत्री ने विभागीय निर्माण कार्यों की समीक्षा की

संवाददाता।

लखनऊः प्रदेश के युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चंद्र यादव ने गुरुवार को विभाग में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा युवा कल्याण मुख्यालय में की। समीक्षा के दौरान ग्रामीण स्टेडियम स्थापना, खेलो इंडिया योजनांतर्गत निर्माणाधीन परियोजनाएं, प्रान्तीय रक्षक दल केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान, युवा केन्द्रों का अनुरक्षण, ग्रामीण स्टेडियमों का अनुरक्षण, अधूरे निर्माण कार्यों और 12 जनपदों में ग्रामीण स्टेडियम की स्थिति पर चर्चा की गई। गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और इन्हें समयबद्ध और गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। योगी सरकार प्रत्येक विकास खण्ड में ग्रामीण स्टेडियम का निर्माण करा रही है। प्रथम चरण में उन 12 जनपदों को प्राथमिकता दी जा रही है जहां पूर्व से विभागीय स्टेडियम नहीं हैं। वर्तमान में प्रदेश में 111 ग्रामीण स्टेडियम निर्मितध निर्माणाधीन हैं, जिनमें 95 ग्रामीण स्टेडियम हस्तान्तरित हो चुके हैं और 16 निर्माणाधीन हैं। मुख्यमंत्री की घोषणान्तर्गत 20 ग्रामीण स्टेडियम निर्मितधनिर्माणाधीन हैं, जिसमें 14 हस्तान्तरित हो चुके हैं और 06 निर्माणाधीन हैं। 12 जनपदों में से जहां ग्रामीण स्टेडियम उपलब्ध नहीं हैं, 08 जनपद– हापुड़, सम्भल, मुजफ्फरनगर, सुलतानपुर, अम्बेडकरनगर, महोबा, सीतापुर, औरैया में भूमि प्राप्त हो चुकी है और प्रस्ताव तैयार किए जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। शेष 04 जनपद– श्रावस्ती, अमरोहा, रामपुर और इटावा में भूमि प्राप्त करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

## मछुआ दुर्घटना बीमा योजना हेतु 50. 40 लाख रुपये की धनराशि स्वीकत

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत मछुआ दुर्घटना बीमा योजना हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष में 50. 40 लाख रुपये (पचास लाख चालीस हजार मात्र)की धनराशि स्वीकृत की है। इस संबंध में मत्स्य विकास विभाग द्वारा शासनादेश जारी कर दिया गया है। शासनादेश के माध्यम से निदेशक मत्स्य विकास विभाग को निर्देशित किया गया है कि स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण व्यय भारत सरकार द्वारा अनुमोदित कार्य योजना एवं मदों में भारत सरकार द्वारा निर्धारित गाइडलाइंस का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करते हुए उपलब्ध धनराशि की सीमांतर्गत किया जाएगा।

## सुलतानपुर में निर्माणाधीन राजकीय पालीटेक्निक हेतु 148.25 लाख रूपये मंजूर

लखनऊःप्रदेश सरकार ने चालू वित्तय वर्ष 2024–25 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अन्तर्गत जनपद सुलतानपुर के बड़ौरा, ख्वाजापुर, कादीपुर में निर्माणाधीन राजकीय पालीटेक्निक हेतु 148.25 लाख रूपये मंजूर किये हैं। मंजूर की गई धनराशि जिलाधिकारी, सुलतानपुर के निवर्तन पर रखी गयी है। नियोजन विभाग ने संबंध में आवश्यक आदेश जारी कर दिये हैं। आदेशानुसार इस कार्य हेतु मंजूर की जा रही धनराशि नियमानुसार संबंधित जनपद के जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा जिलाधिकारी की अनुमति से कोषागार से आहरित कर कार्यदायी संस्था को उपलब्ध करा दी जायेगी। मंजूर की गयी परियोजना के लिये मंजूर की गई धनराशि ब्याज अर्जित करने के उद्देश्य से आहरित कर बैंक अथवा डाकघर में नहीं रखी जायेगी। यह धनराशि आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी और तदनुसार कार्यदायी संस्था को धनराशि अवमुक्त की जायेगी। कार्यां को मानकां के अनुरूप पूर्ण गुणवत्ता के साथ स्वीकृत लागत में ही पूर्ण किया जायेगा और लागत वृद्धि अनुमन्य नहीं होगी।

## खेल मंत्री ने खेल विभाग की निर्माण अवस्थापना कार्या की समीक्षा की

लखनऊःप्रदेश के खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चंद्र यादव ने गुरुवार को के.डी. सिंह स्टेडियम, लखनऊ में खेल विभाग की निर्माण अवस्थापना कार्या की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि खेल निर्माण से संबंधित कार्यों को समयबद्ध और गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं।गिरीश चंद्र यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने हेतु स्पोर्ट्स कॉलेज बनाने और उन्हें अपडेट करने का कार्य कर रहे हैं।

इन स्पोर्ट्स कॉलेज के बनने से प्रदेश के खिलाड़ियों को एक अच्छा वातावरण मिलेगा और राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खेलों का आयोजन भी किया जाएगा। खेल मंत्री ने लापरवाही करने वाली कार्यदायी संस्थाओं पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की और निर्देश दिया कि ऐसी संस्थाओं के साथ–साथ ठेकेदारों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाए।

# ग्राम्य विकास विभाग के 12.59 करोड़ पौधों के रोपण के लक्ष्य को समय से पूरा किया जाए –केशव प्रसाद मौर्य

## पौधों को लगाने से कहीं ज्यादा आवश्यक है, उन्हें बचाना।

लखनऊ(आरएनएस) उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्रीकेशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि वृक्षों को लगाना बहुत जरूरी है, लेकिन उससे ज्यादा जरूरी उन्हें बचाना है । श्री मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इस वर्ष ग्राम्य विकास विभाग के 12.59 करोड़ पौधों के रोपण के लक्ष्य को समय से पूरा किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि निधारित लक्ष्य को निर्धारित तिथि तक हर हाल में पूरा किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि रोपित पौधों की जीवन्तता सुनिश्चित करने हेतु रोपण के पश्चात आगामी 3 वर्षों अथवा पौधों के वृक्ष के रूप में स्थापित होने तक सुरक्षा एवं रखरखाव किया जाए।। कहा है कि हमें अपने बच्चों की तरह वृक्षों और पौधों की परवरिश करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सरकार और समाज दोनों को मिलकर काम करना होगा ,तभी हम अपनी पीढ़ी को स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण दे पाएंगे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और जल संरक्षण के दृष्टिकोण से ही अमृत सरोवरों का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम सबको संकल्प लेना चाहिए की परमार्थ का भाव रखते हुए वृक्षारोपण करें और पौधों को बचाएं। उन्होंने वृक्षों की महत्ता और महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वृक्ष धरा के आभूषण हैं, इनसे हमें शुद्ध ऑक्सीजन मिलती है और पर्यावरण संरक्षित रहता है। कहा कि स्वच्छ भारत और स्वस्थ भारत की दृष्टिकोण से प्रधानमंत्री जी ने जो संदेश दिया था, उसके परिणाम सार्थक और सकारात्मक परिणाम निखर कर आए हैं लेकिन अभी इस क्षेत्र में बहुत कुछ करना बाकी है।श्री मौर्य ने कहा हम सब लोग वातावरण को स्वच्छ रखने तथा वृक्षों को संरक्षित रखने की संगठित रूप से प्रयास करें, तभी आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित पर्यावरण दे पाएंगे । उन्होने लोगों से अपील की है कि हम अपने मित्रों व आसपास के लोगो को पर्यावरण सुरक्षा हेतु प्रेरित करें व अधिक से अधिक पौधे लगाएं।श्री केशव प्रसाद मौर्य ने आम जनमानस का आह्वान किया है कि सभी लोग पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन में अपना योगदान दें तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें। मौर्य ने कहा है कि लक्ष्य से अधिक उच्च गुणवत्ता प्राप्त करने वाले तीन जनपदों को चिन्हित कर सम्मानित किया जाएगा। गौरतलब है कि उप मुख्यमंत्री के नेतृत्व व निर्देशन में वृक्षारोपण को सफल बनाने हेतु ग्राम्य विकास विभाग पहले से ही सक्रिय है। विभाग को मिले लक्ष्य के अनुसार सभी जनपदों को भी लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये दिए गये निर्देशों के क्रम में कि वृक्षारोपण को लेकर माइक्रो प्लानिंग की गयी है। साथ ही व्यक्तिगत लाभार्थियों को भी मांग के अनुसार नियमानुसार फलदार पौधे उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं। दिए गए लक्ष्य के सापेक्ष प्रत्येक जनपद में ग्राम्य पंचायत स्तर पर वृक्षारोपण स्थल का चयन करते हुए अग्रिम मृदा कार्य, गड्ढा खुदान, पौध की सुरक्षा, निराई, गुड़ाई, सिंचाई, एवं उचित खाद, कीटनाशक की आदि व्यवस्था करना सुनिश्चित करने के पूर्व में ही निर्देश जारी किए गए हैं। मनरेगा योजनांतर्गत बांस का रोपण नदियों के किनारे करने के निर्देश दिये गये हैं। जारी निर्देशों में कहा गया है कि मनरेगा योजनान्तर्गत मास्टर सर्कुलर 2024–25 के प्रस्तर–7.6.10 निहित शर्तों के अनुसार पौधों की सुरक्षा हेतु कार्यवाही की जाय जहां तक सम्भव हो रोपित पौधों की देखभाल कृषि सखी व वृक्ष सखी के माध्यम से कराने पर विचार किया जाय। कृषकों की

मांग के अनुरूप पौधों की उपलब्धता हो, इसे भी सुनिश्चित करने के कहा गया है। कुल वृक्षारोपण में 20 प्रतिशत फलदार पौधों को भी सम्मिलित करने के निर्देश दिये गये हैं। इसमें पर्याप्त मात्रा में मोरिंगा प्लान्टेशन की कार्यवाही प्राविधानित की जाय।वन विभाग द्वारा ग्राम्य विकास विभाग को निरूशुल्क पौधे उपलब्ध कराये के निर्देश हैं। मनरेगा योजना से बांस का रोपण नदियों के किनारे पर किये जाने के निर्देश दिए गए हैं।अमृत सरोवरों के चारों ओर फलदारध्छायादार पौधों का रोपण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं ।

यह भी निर्देश दिए गए हैं कि रोपण के पश्चात पौधों की देखरेख एवं प्रतिस्थापन सम्बन्धी कार्य में भी श्रमिकों को योजित किया जाय, जिससे समस्त नियोजित श्रमिक परिवारों को 100 दिन का रोजगार दिया जा सके।

# नागरिकों को ग्लोबल वार्मिंग तथा पर्यावरण असंतुलन जैसी परेशानियों से बचाने के लिए ''एक पेड़ मां के नाम'' पर निकायों में किया जायेगा पौधारोपण

## सभी निकायों में अच्छे से पौधरोपण किया जाए तथा लगाए गए पौधों का रखरखाव भी पूरी जिम्मेदारी से किया जाए

लखनऊ(आरएनएस) उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा ने कहा कि पूरे देश के नागरिकों को ग्लोबल वार्मिंग तथा पर्यावरण असंतुलन जैसी परेशानियों से बचाने के लिए प्रधानमंत्री ने ''एक पेड़ मां के नाम'' स्लोगन के साथ इस बार पौधारोपण करने का अभिनव आह्वान किया है। इस दृष्टि से सभी नगर आयुक्त एवं अधिशासी अधिकारी अपने अपने निकायों में हरियाली बढ़ाने, सुंदरीकरण करने, जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने, पर्यावरण तथा नगरीय वातावरण को बेहतर बनाने के लिए 20 जुलाई को प्रदेशव्यापी वृहद पौधरोपण अभियान के दौरान अधिक से अधिक पौधरोपण कराना सुनिश्चित करायें। इसके लिए नगरों की सड़कों व फुटपाथों के किनारे पड़ी खाली जमीन, पार्कों, उद्यानों, अमृत सरोवरों, साफ किए गए कूड़ा स्थलों (ळअचे) पर पौधरोपण करायें। नगरों में ग्रीन कॉरिडोर भी बनाए जाएं और पौधरोपण के साथ थीमपार्क, नक्षत्र वन, आयुष वन, उपवन, मियावाकी पार्क भी विकसित किया जा सकते हैं। कहा कि अभियान के अभी 14 दिन शेष हैं, इस दौरान स्थानों का चिन्हांकन कर तथा वन एवं पर्यावरण विभाग से समन्वय स्थापित कर आगामी पौधरोपण के लिए अभी से तैयारी पूरी कर ली जाए। सभी निकायों में अच्छे से पौधरोपण किया जाए तथा लगाए गए पौधों का रखरखाव भी पूरी जिम्मेदारी से किया जाए। इस बार नगरों में 35 लाख पौधारोपण किया जाना है, इसके लिए स्वयंसेवी संस्थाओं, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों तथा नागरिकों का भी सहयोग लिया जाए। नगर विकास मंत्री ए0के0 शर्मा गुरुवार को वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉक्टर अरुण कुमार सक्सेना के साथ नगरीय निकायों में किए जाने वाले पौधारोपण संबंधी तैयारियां की जल निगम के फील्ड हॉस्टल 'संगम' में समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान नगर विकास विभाग तथा वन एवं पर्यावरण विभाग के अधिकारी मौजूद थे। नगर विकास मंत्री ने वन मंत्री श्री सक्सेना जी को आश्वस्त किया कि सभी निकाय इस बार बढ़–चढ़कर पौधरोपण में हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि निकायों में प्रदेश की 50 प्रतिशत आबादी रहती है। प्रदेश की जीडीपी में 60 से 65 प्रतिशत योगदान निकायों का है, जहां पर नागरिकों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए सभी प्रयास किया जा रहे हैं। इस अवसर पर वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉक्टर अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा एवं माननीय मुख्यमंत्री जी के प्रयासों से प्रदेश ग्रीन यूपी तथा ग्रीन सिटी बनने की ओर बढ़ रहा है। इस वर्ष 20 जुलाई को प्रदेशभर में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम किया जाना है। प्रदेशवासियों को हीटवेव एवं भीषण गर्मी से बचाने के लिए वृक्षारोपण बहुत जरूरी है। प्रदेश में वनीकरण बढ़ने से आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण मिलेगा तथा कार्बन डाइऑक्साइड के प्रभाव को भी कम करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि नगरीय निकायों के पास खाली जगह काफी है, जहां पर पौधों का रोपण किया जा सकता है। सभी प्रकार के पौधों का रोपण करायें। पौधारोपण में सभी का सहयोग भी लें। इस बार 'एक पेड़ मां के नाम' पर पौधरोपण जरूर करें। उन्होंने कहा कि पेड़ लगाने के साथ–साथ पेड़ बचाने का भी पूरा प्रयास करें। प्रदेश सरकार आगे पेड़ बचाओं अभियान भी चलायेगी। अपर मुख्य सचिव वन एवं पर्यावरण मनोज कुमार सिंह ने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर प्रदेश सरकार 'एक पेड़ मां के नाम' स्लोगन पर इस बार वृक्षारोपण अभियान चला रही है। पूरे प्रदेश में 35 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित है। इन पौधों के लगने से कार्बन उत्सर्जन में कमी आयेगी। पौधरोपण के लिए पूरे प्रदेश में 82 प्रतिशत गड्ढों की खुदाई कर ली गई है। विभाग के पास 54 करोड़ पौधे नर्सरी में उपलब्ध हैं। पौधरोपण के लिए सभी को पौधे मुफ्त मिलेंगे। विभाग में फलदार, छायादार, सजावटी, टिम्बर वाले पौधे उपलब्ध हैं। जिलों एवं विभागों की मांग के अनुरूप पौधे उपलब्ध कराये जायेंगे। रोपित पौधों को संरक्षित करने के लिए भी लोगों को जागरूक किया जायेगा। प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने कहा कि आगामी पौधरोपण कार्यक्रम के लिए सभी निकायों में साफ–सफाई तथा स्थानों का चिन्हांकन किया जा रहा है। नगर विकास विभाग को इस बार 35 लाख पौधरोपण कराने का लक्ष्य दिया गया है, जिसके लिए तैयारी की जा रही है। शहरों में हरियाली बढ़ने से शहरी जीवन को प्रदूषणमुक्त एवं स्वस्थ वातावरण मिलेगा। उन्होंने बताया कि पौधरोपण अभियान के अलावा भी नगरीय निकायों में हरियाली बढ़ाने के प्रयास किये जा रहे हैं। इसके लिए पार्कों के सौन्दर्यीकरण एवं उद्यानों के रखरखाव पर ध्यान दिया जा रहा है। प्रदेश के गाजियाबाद, आगरा, लखनऊ, गोरखपुर, मथुरा, प्रयागराज, अलीगढ़, कानपुर, सहारनपुर, शाहजहांपुर में मियावाकी पार्क बनाये गये हैं और इन पार्कों में नीम, पीपल, बरगद, जामुन, शहजन आदि के कुल 197,500 पौधे रोपित किये गये, जिससे इन शहरों की खूबसूरती ने वृद्धि हुई और लोगों को भी इन पार्कों में जाकर आनन्द की अनुभूति होती है। ऐसी ही पार्क अन्य निकायों में भी बनाने के प्रयास किये जा रहे हैं। बैठक में सचिव नगर विकास अजय कुमार शुक्ला, निदेशक नगरीय निकाय अनुज कुमार झा, वन विभाग के अधिकारियों में सुधीर कुमार शर्मा, संजय श्रीवास्तव, नगर विकास के विशेष सचिव तथा नगरीय निदेशालय के उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

निकायों के सभी नगर आयुक्त एवं अधिशासी अधिकारी तथा वन एवं पर्यावरण विभाग के जनपदीय अधिकारी वर्चुअल प्रतिभाग किया।

# डाबर ग्लुकोज ने युवा एथलीट्स को बढ़ावा देने के लिए लान्च किया `एनर्जाइज इंडिया 'कैंपेन

लखनऊ(आरएनएस) । डाबर की ओर से इंस्टेन्ट एनर्जी ड्रिंक डाबर ग्लुकोज ने युवाओं में खेल प्रतिभा को बढ़ावा देने तथा देश भर की स्पोर्ट्स एकेडमियों के युवा एथलीट्स को एनर्जी एवं स्टैमिना के महत्व पर जागरुक बनाने के लिए एक कैंपेन 'एनर्जाइज इंडिया का लॉन्च किया है। इस कैंपेन के तहत डाबर ग्लुकोज ने आज लखनऊ की टाउन कराटे अकादमी, विष्णुपुरी कालोनी, निकट चुंगी, कानपुर रोड में एनर्जी एवं स्टैमिना मैनेजमेन्ट पर एक विशेष जागरुकता सत्र का आयोजन किया। इस मौके पर श्री दिनेश कुमार, मैनेजर, कार्पोरेट कम्युनिकेशन, डाबर इण्डिया लिमिटेड, श्री जसपाल सिंह, सेक्रेटरी, कराटे एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश व प्रवक्ता शारीरिक शिक्षा खालसा इंटर कालेज आदि प्रमुख लोग मौजूद थे। इस मौके पर विवान आहूजा व ईशिता को सम्मानित किया गया। सत्र के दौरान जसपाल सिंह ने एथलीट्स को बताया कि किस तरह से वे खेल के दौरान अपने प्रदर्शन को बेहतर बना सकते हैं और अपनी पूर्ण क्षमता का उपयोग कर सकते हैं। इसके साथ ही खेल में अच्छा परफोर्मेन्स देने के लिए पोषण और हाइड्रेशन बहुत जरूरी है। इस सत्र के दौरान उन्हें बताया गया कि वे किस तरह अपने स्टैमिना और धैर्य में सुधार ला सकते हैं, जो एथलीट के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। डाबर इंडिया लिमिटेड में हेल्थ सप्लीमेन्ट्स के मार्केटिंग हैड प्रशांत अग्रवाल ने कहा 'हमें खुशी है कि युवा एथलीट्स को एनर्जी एवं स्टैमिना के महत्व पर जागरुक बनाने के लिए हम 'एनर्जाइज इंडिया' कैंपेन लेकर आए हैं। यह कैंपेन उन्हें अपने खेल में एनर्जी के साथ बेहतरीन परफोर्मेन्स देने के लिए प्रेरित करेगा। डाबर एथलीट्स, खेल प्रशंसकों और उन लोगों के लिए परफेक्ट ब्राण्ड है जो एक्टिव लाईफस्टाईल जीना चाहते हैं। डाबर ग्लुकोज इंस्टेन्ट एनर्जी देता है, ऐस में यह खासतौर पर उन एथलीट्स के लिए बेहतरीन है जो फिजिकल एक्टीविटीज करते हैं।' श्री अग्रवाल ने कहा कि 'डाबर ग्लुकोज हमेशा से युवाओं को स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली जीने के लिए प्रेरित करता रहा है। युवा एथलीट्स के साथ यह साझेदारी इसी लक्ष्य की दिशा में एक और कदम है। अपने ताजगी से भरे स्वाद और इंस्टेन्ट एनर्जी के साथ डाबर ग्लुकोज युवा एथलीट्स की एनर्जी बनाए रखने के लिए बेहतरीन विकल्प है, जिसे अपनाकर वे अपना सर्वश्रेष्ठ परफोर्मेन्स दे सकते हैं।

# सपा चला रहि है `पीडीए पेड़` रोपण का कार्यक्रम

लखनऊ(आरएनएस) ।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आह्वान पर पर्यावरण संरक्षण के लिए ''पीडीए पेड़'' रोपण का कार्यक्रम 01 से 07 जुलाई 2024 तक एक सप्ताह तक समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता अपने पूरे मनोयोग से कर रहे है। इस क्रम में गांवों में जगह–जगह कार्यक्रम हो रहे हैं। श्रीमती इन्द्रावती देवी बिन्द इंटर मीडिएट कालेज सागरपुर बवई बिन्द नगर में पूर्व मंत्री एवं पूर्व सांसद रामरती बिन्द के सानिध्य में पीडीए पेड़ लगाकर समाजवादी पार्टी एवम् पीडीए को मजबूत करने का संकल्प लिया गया। रायबरेली जनपद के बछरावाँ विधानसभा क्षेत्र में कलुईखेड़ा, राजामऊ में विधायक श्यामसुंदर भारती, जिलाध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव, विधानसभा अध्यक्ष ब्रजेंद्र चौधरी, राजू यादव, महासचिव अरशद खघन, राजेश मौर्या आदि के द्वारा पीडीए पेड़ लगाये गये। इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय में भी पौधे लगाकर बेहतर पर्यावरण का सन्देश दिया गया। अंबेडकर नगर जनपद के विधानसभा क्षेत्र कटेहरी बसंतपुर अचलूपुर चौराहे पर "पीडीए पेड़" वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत इंद्रजीत मौर्या के संयोजन में पाकड़ का पेड़ लगाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अंकुर माझी रवि पुत्र शंखलाल माझी पूर्व मंत्री, जगदीश मौर्य, जगदंबा प्रसाद, हरिकेश सिंह, लाल बहादुर मौर्या, मोतीलाल, सुरेश मौर्य, कुलदीप वर्मा, रोहित मौर्य, रामसागर वर्मा, शिवम मौर्य, लोकेश मौर्य, मोहित मौर्य, दीपक मौर्य, विकास अग्रहरि, अवधेश सिंह, राम जगदीश, सुनील कुमार वर्मा, बृजेश वर्मा, विष्णु अग्रहरि, विजय कन्नौजिया, राधेश्याम, अमित वर्मा, बंशीधर के साथ सैकड़ों की संख्या में समाजवादी साथी उपस्थित रहे। मऊ जनपद में समाजवादी पार्टी कार्यालय में श्री अखिलेश यादव का जन्म दिन धूमधाम से मनाया गया। पीडीए पेड अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया। बुलन्दशहर जनपद में समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष श्री तनवीर उल इस्लाम के भोजीपुरा विधानसभा में स्थित आम के बाग में केक काटकर एवं बृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण करने का संकल्प लिया गया। शाहजहांपुर में समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष भाई तनवीर खान विधानसभा शाहजहांपुर के कई मोहल्लों में पीडीए पेड़ लगाए गये। विधानसभा कटरा में किसान इंटर कॉलेज सिउरा में पूर्व विधायक राजेश यादव के साथ में बरगद और पीपल, नीम के पेड़ लगाए इस मौके पर समाजवादी पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी ज्योत्सना कश्यप कटरा विधानसभा के पूर्व विधायक श्री राजेश यादव, समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद, समाजवादी पार्टी के महानगर उपाध्यक्ष असलम खान, महानगर कोषाध्यक्ष सचिन भोजवाल, कटरा विधानसभा अध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव, सपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य डॉक्टर नवनीत यादव, ओंकार सिंह, सर्वेश राठौर, अवधेश कुमार पाल, संतोष कुमार पाल, संतोष वर्मा, मिश्रीलाल पटेल, पार्थ यादव, प्रसून कुमार, सत्येंद्र यादव, विपिन यादव, सौमित्र यादव आदि मौजूद रहे। हापुड जनपद में पूर्व जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी तेजपाल प्रमुख के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा वृक्षारोपण किया जा रहा है। विधान सभा हापुड़ में पौधारोपण किया गया। हापुड़ विधान सभा के चमरी गांव आदर्श नगर कॉलोनी सिद्धार्थ विहार जसरूफनगर कालोनी में वृक्षारोपण किया गया।

# हथार हादसे की उच्चस्तरीय जांच हो मुर्तजा अली

## 5 जुलाई को मृतकों को श्रद्धांजलि दी जाएगी

लखनऊ ((आरएनएस) ) शराबबंदी संघर्ष समिति ने हाथरस हादसे के संबंध में राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों की बैठक हुई, जिसमें राष्ट्रीय भगदारी आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पीसी कुरील, कम्युनिस्ट डीके यादव, इंडियन नेशनल लीग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष फहीम सिद्दीकी, एनसीपी के वरिष्ठ नेता अरबी लाल, इमामिया एजुकेशनल ट्रस्ट के सचिव मौलाना अली हुसैन कुमी, फैजुद्दीन सिद्दीकी, सर्वजन सेवा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आमिर कुरेशी, मुहम्मद शादाब, मुहम्मद हुसैन, शहजादे मंसूर अहमद आदि मौजूद थे। इस मौके पर मुर्तजा अली ने कहा कि 5 जुलाई 2024 को राष्ट्रीय सामाजिक कार्य कर्ता संगठन के संयोजक मोहम्मद आफाक ने हाथरस में भगदड़ के दौरान मारे गए लोगों के लिए कैंडल मार्च का आयोजन किया, मैं उनका समर्थन करता हूं और सभी से इसमें शामिल होने की अपील करता हूं।

मौतें चाहे किसी की भी हो हमारी मां, बहनें और बच्चे की मौत हुई है। हम सभी अन के मुआवजे की मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि इस दुर्घटना को राजनीतिक रूप से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूरे भारत के लोगों को आर्थिक सहायता प्रदान की जानी चाहिए। पीसी कारेल ने कहा कि जहां लोग धन, जमीन, शिक्षा, स्वास्थ्य, सम्मान, रोजगार से वंचित हो जाएंगे, वहीं भुलक्कड़ लोग धर्म को व्यवसाय बनाने वालों से जबरन संपर्क करेंगे कि वे हमें बचा लेंगे, जबकि अगर वे इतने करीब होते प्रभु, क्या वे आपसे धन लेने के बदले आपको धन देंगे। अंत में उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों से सावधान रहें और धर्म के नाम पर धंधा फैलाने वालों पर लगाम लगानी चाहिए।

# अफजाल अंसारी के मामले में उच्च न्यायालय ने किया फैसला सुरक्षित

प्रयागराज (आरएनएस) । मुख्तार अंसारी के भाई सांसद अफजाल अंसारी मामले में गुरुवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सभी पक्षों ने अपनी दलीलें पेश कीं। सभी को सुनने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया। कृष्णानंद राय मर्डर केस में गाजीपुर कोर्ट ने अफजाल अंसारी को 4 साल की सजा सुनाई थी। इसे रद्द करने के लिए अफजाल की तरफ मांग की गई। वहीं शिकायतकर्ता पीयूष राय और सरकार ने भी सजा बढ़ाने जाने की अपील की है। मामले में जस्टिस संजय कुमार सिंह की सिंगल बेंच सुनवाई कर रही है।

राज्य सरकार की ओर से आपत्ति दाखिल हुई है इस मामले में राज्य सरकार की ओर से भी आपत्ति का जवाबी हलफनामा दाखिल किया गया है। इसी वजह से कोर्ट ने अब इस मामले पर बुधवार तीन जुलाई को सुनवाई तय की है। मूल केस पर दोनों पक्षों की बहस पूरी हो चुकी है। न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह अपील की सुनवाई कर रहे है।

अंसारी की तरफ से सरकार की अपील पर आपत्ति की गई है कि गैंगस्टर एक्ट में दो से दस साल की सजा का प्रावधान है। विशेष अदालत गाजीपुर ने चार वर्ष की कैद व एक लाख के जुर्माने की सजा सुनाई है। इसलिए सजा बढ़ाने का कोई औचित्य नहीं है।सांसद अफजाल अंसारी चुनाव जीत गए हैं। सोमवार को उन्होंने लोकसभा स्पीकर के सामने लोकसभा में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। ऐसे में कोर्ट के फैसले पर सबकी निगाहें हैं। गाजीपुर एमपीध्एमएलए कोर्ट ने अफजाल अंसारी को छोटे भाई मुख्तार अंसारी के साथ गैंगस्टर मामले में 4 साल की सजा सुनाई थी। 1 मई 2023 को कोर्ट के इस फैसले के 56 घंटे बाद उनकी संसद सदस्यता रद्द हो गई थी। तब वह बसपा से गाजीपुर सांसद थे। इसके बाद अफजाल ने सजा के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट में अपील की, जहां से उनको जमानत तो मिली, लेकिन सजा से राहत नहीं।

राज्य सरकार की तरफ से सजा बढ़ाने की मांग में दाखिल अपील पर अफजाल अंसारी के अधिवक्ता उपेंद्र उपाध्याय ने आपत्ति दाखिल की है। मूल केस पर दोनों पक्षों की बहस पूरी हो चुकी है। कोर्ट ने अंसारी को आपत्ति दाखिल और बहस करने के लिए तीन जून की तिथि नियत की थी। लेकिन, तब सुनवाई नहीं हो सकी। न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह अपील पर सुनवाई कर रहे हैं। अब इस मामले में फैसला सुनाया जा सकता है।

अंसारी की तरफ से सरकार की अपील पर आपत्ति की गई है। गैंगस्टर एक्ट में दो से 10 साल की सजा का प्रावधान है। विशेष अदालत गाजीपुर ने चार वर्ष की कैद व एक लाख के जुर्माने की सजा सुनाई है। इसलिए सजा बढ़ाने का कोई औचित्य नहीं है।

असल में अफजाल अंसारी को गैंगस्टर एक्ट के मामले में गाजीपुर की स्पेशल कोर्ट एमपीध्एमएलए ने चार साल की सजा सुनाई है, जिसके खिलाफ अफजाल अंसारी ने अपील दाखिल की है। अपील में सजा को रद्द करने की मांग की गई है। विधायक कृष्णानंद राय हत्याकांड के आधार पर मुख्तार अंसारी, अफजाल अंसारी और एजाजुल हक पर गैंगस्टर एक्ट का मामला दर्ज किया गया था।

हाईकोर्ट ने पूर्व में अफजाल अंसारी की सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। इस पर अफजाल अंसारी ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की। सुप्रीम कोर्ट ने सजा पर स्थगनादेश देते हुए हाईकोर्ट को अपील का निस्तारण 30 जून तक करने का निर्देश दिया।

# सभी नगरीय निकायों में गुरूवार से 15 दिन चलेगा नाले–नालियों का सफाई अभियान – ए0के0 शर्मा

लखनऊ उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा ने सभी नगरीय निकायों में जल निकासी के उचित प्रबन्धन हेतु नाले–नलियों की बेहतर साफ–सफाई के लिए आज गुरूवार से 15 दिन का वृहद सफाई अभियान चलाने का निर्देश दिया है। इसके पहले सभी निकायों में 72 घण्टे का अनवरत नाला–नाली सफाई अभियान चलाया गया था, जिसका अपेक्षित परिणाम न आने से सफाई अभियान को 15 दिन और बढ़ाने का निर्देश मंत्री जी द्वारा दिया गया है। उन्होंने कहा कि शहरों की जल निकासी के लिए नाले–नालियों में किये गये अतिक्रमण व अवरोध को शीघ्र हटाया जाए। बरसात में पानी निकासी में आंड़े आने वाले किसी भी प्रकार के अवरोध को स्वीकार नहीं किया जायेगा। नगर विकास मंत्री ए0के0 शर्मा गुरूवार को नगरीय क्षेत्रों में जलभराव, प्लास्टिक उन्मूलन, संचारी रोग, साफ–सफाई, वन महोत्सव, आवारा पशुओं आदि समस्याओं तथा विभागीय योजनाओं की प्रगति की जल निगम फील्ड हॉस्टल 'संगम' में वर्चुअल समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने सभी नगर पालिका परिषदों एवं नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों को अपने शहरों के मुख्य मार्गों का नियमित सफाई कराने के निर्देश दिए तथा यह भी कहा कि सभी नगर आयुक्त शहरों की जोनवार एवं वार्डवार सफाई सुनिश्चित करायें। उन्होंने कहा कि निकायों में सुबह 05 बजे से 08 बजे के बीच होने वाली नियमित सफाई की मॉनीटरिंग की जाए। मंत्री ने निकायों के सभी अधिकारियों को अपने–अपने निकाय से पुरानी व अवैध होर्डिंग्स को 03 दिन के भीतर हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि नागरिकों व बच्चों को अवारा पशुओं तथा स्वानों के कारण परेशानी न हो इसकी व्यवस्था की जाए। मंत्री ने सिंगल यूज प्लास्टिक के नगरीय क्षेत्रों में प्रयोग, उत्पादन एवं वितरण पर प्रभावी नियंत्रण लगाने पर भी निर्देश दिए। नगरों में कहीं पर भी अब प्लास्टिक का प्रयोग होता न दिखे।

नगर विकास मंत्री ने सभी निकाय अधिकारियों को निर्देशित किया कि बरसात में जलभराव, कीचड़ व गंदगी से संचारी रोगों, मच्छर व मक्खीजनित बीमारियों, डेंगू, मलेरिया, चिकुनगुनिया आदि के पनपने व फैलने की संभावना बनी रहती है, जिससे नागरिकों को जीवन का खतरा भी पैदा हो जाता है। इसकी पूर्णतया रोकथाम के लिए कहीं पर भी जलभराव, कीचड़ व गंदगी न होने पाए। लोगों को कूड़ा डालने के लिए डस्टविन का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करें तथा व्यापारियों से अपनी दुकानों एवं कामर्शियल प्रतिष्ठानों के सामने डस्टविन जरूर रखवायें। सफाई के पश्चात गलियों, सड़कों पर कूड़ा डालने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर जुर्माना लगाया जाए। रोगों के नियंत्रण के लिए अभी से औषधियों उपलब्धता एवं दवा आदि के छिड़काव आदि की व्यवस्था पूर्ण कर ली जाए। उन्होंने कहा कि साफ–सफाई एवं संचारी रोगों के नियंत्रण में लापरवाही किसी भी रूप में स्वीकार नहीं होगी। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों को अपने नगरीय क्षेत्रों में ही अधिवासित करने तथा कार्यों की नियमित मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिए।

कहा कि आने वाले समय में कांवड़ यात्रा सहित अन्य धार्मिक उत्सव एवं त्योहार शुरू हो जायेंगे, जिसके लिए नगरों में साफ–सफाई बहुत जरूरी है। उन्होंने स्कलों, कॉलेजों, अस्पतालों, चौराहों, बस व रेलवे स्टेशनों, सार्वजनिक व ऐतिहासिक स्थलों की नियमित साफ–सफाई पर ध्यान देने को कहा। सभी निकाय अपने यहां के पब्लिक टॉयलेट, पिंक टॉयलेट, संस्थागत टॉयलेट की सफाई भी सुनिश्चित करायेंगे। किसी भी प्रकार की शिकायत पर जोनल अधिकारी एवं सैनेटरी इन्स्पेक्टर आदि की जिम्मेदारी तय की जायेगी।

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र


# सी.एम.एस. छात्रों ने मनाया वन महोत्सव, धरती को हरा-भरा रखने का दिया संदेश

लखनऊ, 4 जुलाई। सिटी मोन्टेसरी स्कूल के सभी 21 कैम्पसों के छात्रों ने वन महोत्सव सप्ताह (1 से 7 जुलाई) के अन्तर्गत विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन कर जनमानस में पर्यावरण संवर्धन का अलख जगाया एवं धरती को हरा–भरा रखने का संदेश दिया। सी.एम.एस. अशर्फाबाद कैम्पस समेत विभिन्न



कैम्पस के छात्रों ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिद्धता जताई तो वहीं दूसरी ओर पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग, कोलाज मेकिंग, कविता लेखन आदि विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का अलख जगाया। इसी कड़ी में आज सी.एम.एस. के विभिन्न कैम्पस के छात्रों ने बड़े उत्साह से इण्टरनेशनल प्लास्टिक बैग फ्री डे मनाया और प्लास्टिक से बने थैलों की बजाय पेपर बैग अथवा कपड़ों के बैग को अपनाने की पुरजोर अपील की। छात्रों ने प्लास्टिक प्रदूषण के खतरे पर जनमानस को जागरूक करते हुए 'रिड्यूस, रीयूज एवं रिसाइकिल' की अवधारणा पर जोर दिया।सिटी मोण्टेसरी स्कूल एक ऐसी शिक्षण संस्था है जो छात्रों, अभिभावकों व समाज के अन्य वर्गों में 'पर्यावरण बचाओ – धरती को सजाओ' का संदेश देता आ रहा है एवं सी.एम.एस. के सभी 63,000 छात्रों, उनके माता–पिता व अभिभावकों के माध्यम से समस्त लखनऊवासियों को पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रेरित कर रहा है। श्री खन्ना ने आगे कहा कि सामाजिक जागरूकता के प्रयासों में सी.एम.एस. सदैव ही अग्रणी रहा है एवं सी.एम.एस. छात्रों ने पढ़ाई में सर्वोच्च कीर्तिमान बनाने के साथ ही साथ सामाजिक जागरूकता की भी अनूठी मिसाल प्रस्तुत की है।

# माता–पिता के सम्मान में युवा पीढ़ी को जागरूक करने वाली सामाजिक संस्था संस्कार सेना का अयोध्या में स्थापना दिवस समारोह

6 जुलाई 2024 संस्कार सेना के 17 वा स्थापना दिवससमारोह का आयोजन जानकी घाट अयोध्या स्थित जन्मे जय शरण रसिक पीठाधीश्वर आश्रम में 12बजे से रखा गया जिसकी तैयारी में संस्कार सेना के संस्थापक हरभजन जांगड़े सहित उनकी टीम एक सप्ताह से अयोध्या में लगी हुई है अयोध्या के संत महात्माओं एवं नगर निगम महापौर महंत गिरीश जी पार्षद गण तथा नगर निगम





कमिश्नर को स्वयं जाकर आमंत्रण पत्र देते हुए सभी को कार्यक्रम में आमंत्रित किया

संस्था का एक सूत्रीय उद्देश्य युवा पीढ़ी को माता–पिता के सम्मान हेतु प्रेरित करना है इसी क्रम में विगत 17 वर्षों से कार्य कर रही विगत वर्ष 2023में 51 दिन की कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत यात्रा भी की गई संस्थापक जांगड़े ने बताया कि हमारा उदेशय मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के माता–पिता के प्रति सम्मान का संदेश प्रातः काल उठे रघुनाथा फिर मात–पिता गुरु नावे ही माथाका अनुसरण करना है जिसे पूरा करने के लिए 14 फरवरी को माता–पिता पूजन दिवस के रूप में संपूर्ण भारत में कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं वही मातृ दिवस पितृ दिवस आदि पर भी संस्था द्वारा आयोजन किए जाते हैंकार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जन्मे जय शरण महेंत रसिक पीठाधीश्वर जी श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर बाल योगी बालकृष्ण दास जी महाराज संत ब्रह्मचारी स्वामी रामानंद जी महाराज श्री राम सिया दीक्षित जी महाराज सहित अनेक संत महात्मा एवं संस्था के पदाधिकारी उपस्थित रहेंग

# कैंप लगाकर महिलाओं में बांटा साड़ी व राशन किट

सोहावल–अयोध्या(आरएनएस) ।जनपद की नगर पंचायत खिरौनी सुचित्तागंज में माँ ज्वाला के स्थान पर दि आयुष्मान फाउंडेशन ने कैंप लगाकर पाँच सौ माताओं और बहनों को साड़ी, राशन जिसमें एक किलो दाल, आधा किलो चीनी, आधा किलो तेल, हल्दी–मिर्चा–ध ानिया, नमक के साथ पचास–पचास रुपये नगद, लगभग सौ बच्चों को एक–एक जोड़ी कपड़ा व फ्रूटी का वितरण किया। यह वितरण कार्यक्रम संस्था के सदस्य जो कि कलकत्ता के रहने वाले है। काफी समय से संस्था के कार्यों को देख कर प्रभावित थे जब अयोध या दर्शन के लिए आये तो उन्होंने यहाँ अपनी सेवा करने की बात कही।जिसके बाद हेमचंद अग्रवाल अपनी पूरी टीम के साथ मां ज्वाला जी के स्थान पर पहुंचे। जहां पर उनका स्वागत संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र देते हुए माला पहना कर किया गया। हेमचंद्र अग्रवाल जी ने दि आयुष्मान फाउंडेशन को ऐसे पुनीत कार्य करने के लिए अपना आशीर्वाद देते हुए भविष्य में हर प्रकार से संस्था को सहयोग करने की बात कही।संस्था की तरफ से क्षेत्र के तमाम लोग मौजूद रहे।

# चिल्ड्रेन हास्पिटल में बच्चे की मौत, परिवारिजनों ने काटा हंगामा

सुल्तानपुर (आरएनएस) । शहर के चर्चित एक चिल्ड्रेन हॉस्पिटल में संदिग्ध परिस्थितियों में चार वर्षीय एक मासूम की मौत हो गई। परिवारिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हॉस्पिटल में हंगामा काटा। मौके पर आई पुलिस ने मामला शांत कराते हुए शव को पीएम में भेजकर जांच शुरू कर दी है। पूरा मामला कोतवाली नगर के डाक खाना चौराहा अंतर्गत मिश्रा हॉस्पिटल का है। जहां लम्भुआ के घाटमपुर निवासी अंजू पत्नी संदीप यादव ने अपने चार वर्षीय पुत्र आयन को बुधवार को एडमिट कराया था। बच्चे को सांस लेने में समस्या हो रही थी। आरोप है कि हॉस्पिटल के कर्मचारी व डॉक्टर ने गला व पेट दबाकर बच्चे को मारा है। वही बच्चे की मौत से परिवार में कोहराम मच गया और हॉस्पिटल में हंगामा किया। जिस पर पुलिस आ गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम में भेजकर जांच शुरू कर दी है। बच्चे के पिता संदीप ने बताया कि चौबीस घंटे में एक बार डॉक्टर आए बच्चे को देखने के लिए। बच्चे की हालत रात में खराब हुई तो स्टॉफ सोता रहा। सुबह डॉक्टर ने बच्चे के चेस्ट पर इतना प्रेशर किया कि उसकी जान चली गई। वही इस मामले में हॉस्पिटल संचालक डॉ संजय मिश्रा ने बताया कि कल बच्चे को लेकर आए थे जिसको आठ घंटे से दौरा आ रहा था। उसके फेफड़े में इन्फेक्शन था जिससे उसको सांस लेने में दिक्कत थी। घर वालो को ये सारी चीजे बता दी गई थी। उसका इलाज किया गया लेकिन दुर्भाग्य वश बच्चा सर्वाइव नहीं कर पाया। अंत में हम लोगों ने उसका सीपीआर किया जो उसके अटेंडेंट को लगा की हम लोगों ने दबा दबा कर मार डाला।

# नवागत एसडीएम ने संभाला बल्दीराय तहसील का कार्यभार

सुल्तानपुर (आरएनएस) । नवागत उपजिलाधिकारी प्रवीण कुमार ने गुरुवार को बल्दीराय तहसील कार्यालय पहुंचकर कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार संभालने के बाद एसडीएम ने सबसे पहले तहसील परिसर का निरीक्षण किया। नवागत एसडीएम ने शिकायत पत्रों के बारे में ऑनलाइन निस्तारण के बारे में जानकारी ली।इसके बाद अपने कार्यालय में बैठकर शिकायतें भी सुनीं। एसडीएम ने कहा कि पीड़ित जनता को न्याय दिलाना उनकी पहली प्राथमिकता है। जनता अपनी समस्या को लेकर कभी भी कार्यालय में मिल सकती है। काम में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं का शत–प्रतिशत पालन कराना ही पहला कर्तव्य होगा। आम–आदमी की समस्याओं का निस्तारण कराना व त्वरित न्याय पर ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि शासन की योजनाओं तथा कार्यक्रमों को प्राथमिकता से क्रियान्वित कराना हमारा मुख्य उद्देश्य रहेगा।

# 5 हादसे ने हाईवे पर रोक दी कई घंटे वाहनों की रफ्तार

सुलतानपुर (आरएनएस) । बंधुआ कला रेलवे स्टेशन के सामने हाईवे पर दो ट्राला में जबरदस्त टक्कर हो गई। इस हादसे में सुलतानपुर से लखनऊ जा रहे ट्राला के परखच्चे उड़ गए। चालक बुरी तरह फस गया, घटना रात करीब दो बजे की है। मौके पर पहुंची पुलिस के तीन से चार घंटे के अथक प्रयास के बाद कटर से काटकर चालक को बाहर निकाला जा सका। घायल चालक की हालत ठीक है, जहां हादसा हुआ है वहां सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है इससे रास्ता संकरा हो गया. इस वजह से आए दिन हादसे होते रहते हैं। 'लगा लम्बा जाम, डटी रही पुलिस' गाड़ियों के टक्कर से करीब एक किलोमीटर तक लम्बा जाम लग गया. ड्यूटी व स्कूल जाने का समय होने के नाते यह जाम बढ़ता जा रहा था. स्थिति असामान्य होते देख पुलिस कर्मियों द्वारा निर्माणाधीन हाईवे से ही वाहनो की आगे की ओर निकालने के लिए निर्देशित किया गया। कस्बा व आसपास गावों के काफी बच्चे नगरीय क्षेत्र व आसपास स्थित विद्यालयों में पढते हैं जाम लगने से स्कूली वाहनों को जाने नहीं दिया गया।

# किसानों से एडीएम ने की अपील, कोई स्वेच्छा से करे जमीन दान तो जनपद में मवेशियों का विद्युत शवदाह गृह का कार्य हो जाय जल्द शुरू।

**फिलहाल इस काम के लिए नगरपालिका द्वारा जमीन देखी जा रही जैसे ही जमीन चिन्हित हो जाएगी। आगे का कार्य शुरू हो जाएगा।-एडीएम।**

संवाददाता

सुल्तानपुर– अब जिले में पहली बार बेजुबान आवारा मवेशियों व पशुपालक के मवेशियों की मौत के बाद शव को जलाने के लिए श्मशान घाट बनाये जाने की तैयारी की जा रही है। जिसके निर्माण से आवारा पशुओं के साथ पशुपालकों (किसानों) के लिए भी यह उपयोगी बनेगा साथ ही प्रदूषण रहित तरीके से पशुओं का अंतिम संस्कार किया जा सकेगा। इस बात की जानकारी जनपद के अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुनेन्दू सुधाकरन द्वारा के.डी न्यूज को एक भेंटवार्ता के दौरान बताई। बताया कि इस काम के लिए नगरपालिका द्वारा जमीन देखी जा रही जैसे ही जमीन चिन्हित हो जाएगी। आगे का कार्य शुरू हो जाएगा। साथ ही उन्होंने जनपद के किसानों से आह्वान किया कि अगर कोई किसान स्वेच्छा से अपनी जमीन इको फ्रेंडली विद्युत शवदाह गृह के लिए दान करना चाह रहा हो तो यह शव दाह स्थल वहाँ बनाया जा सकता है। इस कार्य के लिए किसान हमसे व हमारे कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं फिलहाल जमीन की खोज युद्ध स्तर पर चल रही है। श्री सुधाकरन ने आगे बताया कि इस इको फ्रेंडली शव दाह गृह में मवेशियों का पालन करने वाले किसान या अन्य लोगो को अपने पालतू पशुओं की मौतों पर उनका अंतिम संस्कार करने में सहूलियत होगी। अपर जिलाधिकारी ने आगे पर्यावरण की चिंता जाहिर करते हुए कहा कि अक्सर देखा जाता है सड़क पर या शहर में अन्य खुले स्थानों पर पशुओं के मृत्यु होने के बाद खुले में छोड़ देते हैं जिससे वातावरण दूषित होता है। अब प्रदूषण को कम करने और शहर को साफ–सुथरा रखने के लिए पशु शवदाह गृह बनाया जाना जरूरी है। एडीएम सुधाकरन ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि इस तरह मृत पशुओं के शव इध ार–उधर फेंके जाने से खासकर बारिश में आमजनों की मुश्किलों से निजात मिल सकेगी साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर पशुओं



के शव फेंके हुए भी नजर नहीं आएंगे और प्रदूषण पर भी प्रभावी नियंत्रण संभव हो सकेगा। श्री सुधाकरन ने आगे बताया कि पशुओं के इस श्मशान घाट में इलेक्ट्रिक मशीन इस तकनीक से लैस होगी कि अंतिम संस्कार के बाद किसी प्रकार का दुर्गंध ा नहीं आ सकेगा जिससे पर्यावरण पर भी किसी प्रकार का दुष्प्रभाव नहीं हो सकेगा। बातचीत के अंत मे उन्होंने कहा कि जनपद के किसानों से हम आह्वान कर रहे हैं कि अगर कोई भी किसान स्वेच्छा से शव दाह स्थल के लिए जमीन दान करना चाह रहा हो तो वह कार्यालय में अथवा मुझसे संपर्क करें।वैसे नगरपालिका द्वारा जमीन देखी जा रही हैं जैसे ही जमीन चिन्हित हो जाएगी। आगे का कार्य शुरू हो जाएगा।

# संस्थापक सदस्य पूर्व प्रधानाचार्य राम कुमार मिश्रा का निधन

सोहावल–अयोध्या(आरएनएस) ।श्रीराम बलराम इंटर कालेज के संस्थापक सदस्य के रूप में शिक्षण कार्य शुरू करने वाले राम कुमार मिश्रा लगभग 28 साल प्रधानाचार्य की कुर्सी पर रहते हुए मृदभाषी तथा सरल व्यक्तित्व के कारण कालेज तथा क्षेत्र में एक अलग पहचान बनायी। कालेज को बढ़ाने के लिए गांव–गांव जाकर सहयोग राशि इकट्ठा करके अपने कार्यकाल में स्कूल को प्रगति की ओर ले गये। जिसके कारण लोग उन्हें आज भी सम्मान पूर्वक याद करते हैं। कुछ दिनों से अस्वस्थ होने के कारण अपने पुत्र आईपीएस अधिकारी आशुतोष मिश्रा के साथ रहते थे। आज सुबह पूर्व प्रध ानाचार्य रामकुमार मिश्र ने अंतिम सांस बाराबंकी के सिटी हॉस्पिटल में ली। बाराबंकी से आज उनका पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव रूरा अंबेडकरनगर जायेगा। उसके बाद कल सुबह 10 बजे अयोध या में उनका अंतिम संस्कार होगा। यह जानकारी उनके इकलौते पुत्र आईपीएस आशुतोष मिश्रा ने दी। उनकी सहजता सरलता सौम्यता की चर्चा स्टाफ तथा क्षेत्र के लोग करते हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल में संघर्ष और मेहनत के बल पर विद्यालय को बहुत आगे ले गये।उनके कई शिष्य आज भी उच्च शिक्षा पदों पर आसीन है। जैसे ही निधन की खबर आई कालेज तथा क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। लोग उनके कार्यों के व्यवहार के विषय में नम आंखों से चर्चा करते नजर आये।पूर्व प्रधानाचार्य स्वर्गीय राम कुमार मिश्रा की मृत्यु की सूचना मिलते ही कालेज में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन पर प्रबंधक निर्मल खत्री विधायक बीकापुर डॉक्टर अमित सिंह चौहान सूर्य प्रसाद श्रीवास्तव कृष्ण कुमार पांडेय कॉलेज के प्रधानाचार्य रामकृष्ण पांडे पूर्व प्रधानाचार्य रामपति तिवारी पूर्व प्रधानाचार्य आलोक तिवारी ,वीरेंद्र मिश्र, सतीश सिंह, गिरजेश त्रिपाठी ,राकेश दुबे, सुदर्शन उपाध याय ,अतुल मिश्रा, आशीष सिंह ,अरविंद पांडे, प्रमोद शुक्ला ,आकाश गौड़ मौजूद रहे।

# निकलने के लिए महिला ने वीडीओ से की रास्ते बनवाने की मांग

बल्दीरायध्सुलतानपुर (आरएनएस) । तहसील बल्दीराय क्षेत्र की ग्राम पंचायत सुखबडेरी निवासिनी गायत्री देवी ने खंड विकास अधिकारी बल्दीराय को जरिए प्रार्थना पत्र रास्ता दिलाए जाने की माग की है। गाव निवासिनी गायत्री देवी ने बताया कि उसके मकान से सटा चकरोड गाटा सं० 20 स्थित है जिस पर कुछ लोगो द्वारा कब्जा किया गया था। शिकायत पर राजस्व विभाग द्वारा चकरोड की पैमाइश करवा कर चिहित कर दिया था। बावजूद इसके ग्राम प्रधान द्वारा चकरोड पर मिट्टी नही डाली गई। महिला ने बताया कि उसके मकान से निकलने के लिए मात्र चकरोड ही एक रास्ता है, महिला चकरोड पर मिट्टी डालने हेतु खन्ड विकास अधिकारी बल्दीराय को प्रार्थना पत्र दिया। रास्ते के मामले को तत्काल संज्ञान में लेकर संबधित ग्राम प्रधान को अवगत कराया गया। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी बल्दीराय राधेश्याम ने बताया कि चकरोड पर मिटटी डालने का प्रस्ताव किया गया है बरसात होने के कारण कार्य बाधित था जल्दी ही चकरोड का चौड़ी करण करवाकर रास्ता सुलभ करवाया जाएगा।

# 3 पूर्व बीएसए दीपिका चतुर्वेदी की बढ़ी मुश्किलें, निदेशक ने तलब की रिपोर्ट

सुलतानपुर (आरएनएस) । बेसिक शिक्षा विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार और शिक्षक सुसाइड मामले में उजागर निलंबन बहाली के खेल के कारण आक्रोषित शिक्षको की शिकायत पर स्नातक एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह और भाजपा जिलाध्यक्ष डॉक्टर आरए वर्मा व अजय प्रताप सिंह द्वारा शासन में इसकी शिकायत की गयी। मामले की गंभीरता को संज्ञान में लेते हुए शासन ने बीएसए दीपिका।चतुर्वेदी का स्थानांतरण 28 जून को निजी व्यय पर रायबरेली डायट में वरिष्ठ प्रवक्ता पर कर दिया।गौरतलब हो कि सुल्तानपुर जनपद में पूर्व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दीपिका चतुर्वेदी द्वारा बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया जा रहा था जिसको लेकर शिक्षक संगठन और कर्मचारियों में भारी आक्रोश था शिक्षको के आक्रोश को देखते हुए स्नातक एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह बेसिक शिक्षा मंत्री व प्रमुख सचिव से मिलकर बीएसए दीपिका चतुर्वेदी की शिकायत की। शासन में प्रमुख सचिव बेसिक एम के सुंदरम के आदेश पर महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने शिक्षा निदेशक की अध्यक्षता में जांच समिति गठित कर जांच करने का निर्देश दिया। इसी क्रम में शिक्षा निदेशक बेसिक द्वारा दिनांक 28–06–24 को सहायक शिक्षा निदेशक अयोध्या को बिंदुवार साक्ष्य सहित आख्या शासन द्वारा गठित समिति को देने का निर्देश दिया।

# वन महोत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजिन

लंभुआ सुल्तानपुर (आरएनएस) । वन महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत लंभुआ रेंज के शाहपुर इको पर्यटन स्थल गौरीशंकर धामष्पर डीके यादव उप क्षेत्रीय वनाधिकारी के नेतृत्व में शुद्ध पर्यावरण के लिए हमारे जीवन की आवश्यकता विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें क्रिप्सन इंग्लिश मीडियम स्कूल पीपी कमैचा के छात्र व छात्राओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया, स्कूली बच्चों ने शुद्ध पर्यावरण के लिए धरती पर वृक्षारोपण के महत्व पर व्याख्यान दिया। उक्त अवसर पर प्रमुख व ग्राम प्रधान वृजलाल पाल के आंवला तथा बच्चों द्वारा कचनार का पौधारोपण किया गया। क्रिप्सन स्कूल के 51छात्र छात्राओं को गौरीशंकर धाम के पुजारी गोविंद गोस्वामी व वन विभाग के द्वारा आम, इमली, अमरूद आंवला आदि फलदार पौधे दानध्भेट किया गया। उक्त पौधों को बच्चों द्वारा कैसे रोपित किया जाए उसकी देखभाल कैसे किया जाए इसके विषय पर क्षेत्रीय उप वनाधिकारी डीके यादव द्वारा निर्देशित किया गया।इसके उपरांत स्कूली बच्चों द्वारा वृक्षों की बारात निकालकर वृक्षारोपण व शुद्ध पर्यावरण का संदेश दिया गया। वन महोत्सव कार्यक्रम डीएफओ अमित सिंह के निर्देशन में आयोजित किया गया।अंत में उप क्षेत्रीय वनाधिकारी डीके यादव ने आए हुए गणमान्य व छात्र, छात्राओं का आभार व्यक्त किया।

# नंदीग्राम महोत्सव की जानकारी देते हुए संत परमात्मा दास व अन्य

भरतकुण्ड –अयोध या(आरएनएस) । भरत जी की तपोभूमि नंदीग्राम भरतकुंड पर होने वाले आगामी नौ दिवसीय नंदीग्राम महोत्सव में भरत के तप की जीवंत झलक दिखाने की तैयारी है। इसके लिए अयोध या ही नहीं आसपास के तमाम पर्यटन केंद्रों व धार्मिक स्थलों के जाने–माने कलाकार बुलाये जा रहे हैं। अयोध्या छावनी के महंत नृत्य गोपाल दास जी के उत्तराधिकारी महंत कमल नयन दास जी की अगुवाई में बुधवार देर शाम भरतकुंड के भरत हनुमान मिलन मंदिर परिसर में संपन्न हुई।तैयारी बैठक मेंघ् यह भी निर्णय लिया गया कि इस बार विभिन्न स्कूलों के छात्र–छात्राओं द्वारा ऐसे कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे जो समाज की बहू बेटियों के लिए आत्मनिर्भरता और जागरूकता की बेमिसाल नजीर होंगे। साथ ही साथ हजारों महिलाओं का दुरदुरिया पूजन, इक्कीस कुंडीय श्रीराम महायज्ञ कलश यात्रा के साथ 1100 महिलाओं द्वारा जटाकुंड, शत्रुघ्न कुंड को समेटते हुए समूचे भरतकुंड परिसर की परिक्रमा कर अयोध्या होते हुए भरत हनुमान मिलन मंदिर परिसर में प्राचीन दक्षिणमुखी भरत गुफा पर संपन्न होगी।नंदीग्राम महोत्सव की तैयारी बैठक को संबोधित कर रहे महंत कमलनयन दास जी ने कहा कि प्रेम और त्याग की प्रतिमूर्ति भरत जी की तपस्या पर आध ारित नंदीग्राम महोत्सव में सभी को बढ़ चढ़कर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना चाहिए। ताकि समाज में धार्मिक जागरूकता का संदेश जाये। कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए वह हर स्तर से प्रेरणा स्रोत रहेंगे। नंदीग्राम महोत्सव कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा की चर्चा करते हुए संत परमात्मा दास ने कहा कि महोत्सव में ही यहां श्री कमलनयन दास महर्षि वेद वेदांग विद्यापीठ विद्यालय शुरू करने से आसपास के दिव्यांग छात्रों का भी सर्वांगीण विकास होगा। इस वर्ष 22 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलने वाले नौ दिवसीय नंदीग्राम महोत्सव में सिर पर कलश लेकर 1100 मातृशक्तियाँ प्राचीन दक्षिण मुखी भरतगुफा नंदीग्राम से अयोध्या सरयू का जल लाने के लिए कलश यात्रा में शामिल होंगी। कुशवाहा समाज द्वारा नंदीग्राम महोत्सव में ही भव्य लव और कुश की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा, श्री राम कथा, दीप महोत्सव, विराट संत समागम, अखिल भारतीय स्तर का कवि सम्मेलन, भजन संध्या और संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश शासन, उत्तर मध्य क्षेत्र संस्कृति केंद्र और अयोध्या शोध ा संस्थान द्वारा विभिन्न साँस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। वरिष्ठ भाजपा नेता व सहकारी बैंक के चेयरमैन धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू ने बताया कि विश्व कल्याणार्थ श्री राम चरित मानस महायज्ञ इक्कीस कुंडीय होगा। हवन पूजन महायज्ञ के साथ प्रभु श्री राम व भारत के जीवन से जुड़ी विभिन्न झांकियां आस्था का केंद्र होगी। विभिन्न सांस्कृतिक मंडलियों द्वारा रात्रिकालीन कार्यक्रमों के साथ–साथ हर रोज श्रद्धालु भरत चरित्र पर आधारित कथा का रसपान कर सकेंगे। बैठक में भरत हनुमान मिलन मंदिर के महंत परमात्मा दास ने महंत कमलनयन दास का आरती उतार और माल्यार्पण कर स्वागत किया। उन्होंने आगंतुकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि कार्यक्रम भरतजी की प्रेरणा से जुड़ा है। बैठक में नंदीग्राम महोत्सव के अध्यक्ष रमाकांत पांडेय, सुनील पाण्डेय, राकेश मिश्र, योगेश तिवारी, लक्ष्मी सिंह, सूर्यकांत पाण्डेय, पृथ्वीराज सिंह, रामप्रसाद तिवारी, सीएम यादव, हरिओम पाण्डेय, विवेक तिवारी, धर्मेंद्र वर्मा, दिनेश तिवारी, उमेश यादव, सत्येंद्र पांडेय, दिलीप तिवारी, संजय यादव, सुशील पाण्डेय, सभासद रामकरन मौर्य, प्रेम मौर्य सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# जिला अस्पताल में तैनात रहे कथित चिकित्सक विनोद सिंह लापता

अयोध्या(आरएनएस) । जिला अस्पताल में तैनात रहे कथित चिकित्सक विनोद सिंह का कुछ भी अता–पता नहीं है। अपने आप को रिटायर्ड जज का बेटा और आईएएस अधिकारी का भाई बताने वाला विनोद सिंह इस समय कहां है? किसी को जानकारी नहीं है। इसे उसका रसूख ही कहेंगे कि अभी तक न तो फर्जी डिग्री के मामले में जांच शुरू हो पाई और न हीं कोई अधिकारी खिलाफ में बोल सकता है। यही वजह है कि अस्पताल में उनके वाहन का पार्किंग स्थल आज भी बरकरार है। दीवार से उसका नाम हटाने की हिम्मत कोई भी नहीं जुटा पा रहा है।

जिला अस्पताल में डीएम कार्डियोलॉजिस्ट के पद नियुक्त हुए विनोद सिंह की पोल पट्टी पोर्टल पर उनकी डिग्री लगाते समय ही खुल गई थी, जिसके बाद विनोद सिंह ने इस्तीफा दे दिया था। उसकी एमडी की डिग्री की केजीएमयू से जांच कराई गई तो फर्जी निकली। एमबीबीएस की डिग्री जांच के लिए गोरखपुर मेडिकल कॉलेज भेजी गई तो आज तक रिपोर्ट ही नहीं आई। अस्पताल में कई बार बाहर की दवाएं लिखने के मामले में विनोद सिंह को टोका गया, लेकिन जो भी रोकने जाता उसे मुंह की खानी पड़ती थी। दो–तीन मेडिकल स्टोर वाले आज भी रो रहे हैं, जिन्होंने उनसे दवा लिखाने की एवज में लाख से दो लाख रुपये की रकम पहले ही दे दी थी। अस्पताल की पार्किंग में विनोद सिंह के नाम लिखे जाने के संबंध में सीएमएस डॉ. उत्तम कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अभी मीटिंग में हूं। बाद में बात करता हूं। अपने आप को डीएम कार्डियोलॉजिस्ट बताने विनोद सिंह गले में अक्सर सोने की मोटी चेन डाले रहता था। ऑडी, थार व वरूना जैसी लग्जरी कारें बदलकर अस्पताल पहुंचता था। वह अक्सर मरीजों को मल्टीविटमिन दवाएं ही देता था।

# संपादकीय

## खुद की तरफ मुड़ी उंगलियां भी देखनी होंगी

भारत में धर्मांतरण विरोधी कानूनों, नफरत फैलाने वाले भाषणों और धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के घरों और प्रार्थना स्थलों को ध्वस्त करने के मामलों में चिंताजनक वृद्धि हुई है।

अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर विदेश विभाग की वार्षिक रिपोर्ट पेश करते हुए अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिकन ने ये बातें कहीं। उन्होंने दुनिया भर में लोगों की धार्मिक आजादी की रक्षा के लिए काफी जद्दोजहद करने की भी बात उठाई।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के 28 में से 10 राज्यों में धर्मातरण पर प्रतिबंध लगाने वाले कानून हैं, जिनमें से कुछ राज्य विवाह के उद्देश्य से जबरन धर्मातरण के खिलाफ दंड भी लगाते हैं। इसमें दुनिया के तकरीबन दो सौ देशों की धार्मिक स्थिति का आकलन किया गया है।

हालांकि भारत इसे पहले से ही खारिज करता रहा है और इसे प्रकाशित करने वाले आयोग को पक्षपाती बताता है। सिखों, ईसाइयों, यहूदियों, मुसलमानों, दलितों और आदिवासियों के खिलाफ हिंसा से निपटने में मोदी सरकार की नाकामी की बात कर रही है यह रिपोर्ट।

इसमें 2023 में गैर– सरकारी संगठनों ने ईसाइयों के खिलाफ हिंसा की 687 घटनाओं का जिक्र भी किया गया है। जम्मू–कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने, मणिपुर हिंसा, ईसाइयों पर हमले, चर्च में तोड़–फोड़ और धर्मातरण कानून के तहत हिरासत में रखे लोगों की चर्चा भी है।

चीन, ईरान, रूस, सऊदी अरब, अफगानिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और बर्मा के साथ भारत का नाम रखे जाने पर सरकार द्वारा जताई गई आपत्ति उचित है। कहना गलत नहीं है कि मोदी सरकार अपनी हिन्दुत्ववादी विचारधारा के चलते बहुसंख्यकों को प्रभावित करने में सफल है।

इसलिए हर साल अमेरिका को इस पर पुनरू विचार करने की बात करने की बात कर रस्मादायगी कर लेती है, जबकि सरकार को अंतरराष्ट्रीय पटल पर अपनी छवि सुधारने के प्रयास करने चाहिए। संविधान कहता है कि भारत धर्मनिरपेक्ष राज्य है और ध ार्मिक आजादी मौलिक अधिकार है।

इसलिए सभी धर्मावलंबियों की सुरक्षा का दायित्व सरकार का है। वहीं अमेरिका में अेतों को लेकर जो पक्षपात होते हैं, उनकी अनदेखी नहीं की जा सकती। दूसरों पर उंगली उठाते हुए, खुद की तरफ मुड़ी उंगलियां भी देखनी होंगी।

## प्रवासियों का धन अर्थव्यवस्था के लिए लाभप्रद

हाल ही में 27 जून को यूनाइटेड नेशंस माइग्रेशन एजेंसी के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय प्रवासियों के द्वारा वर्ष 2023–24 में भेजा गया रेमिटेंस (प्रवासियों के द्वारा अपने घर भेजा गया धन) दुनिया के किसी भी देश के मुकाबले सबसे ज्यादा है। पिछले वर्ष में यह रेमिटेंस 107 अरब डॉलर यानी 8. 95 लाख करोड़ रुपए की ऊंचाई पर है।

खास बात यह है कि पिछले वर्ष में भारतीयों द्वारा भेजी गई यह रकम प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) और विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) से लगभग दो गुना है। यह लगातार दूसरा साल है, जब भारतीयों ने 100 अरब डॉलर से ज्यादा की धनराशि भारत भेजी है। पिछले वर्ष 2022–23 में भारतीय प्रवासियों ने 111 अरब डॉलर का रेमिटेंस भारत भेजा था। ज्ञातव्य है कि भारत के बाद मेक्सिको, चीन, फिलीपींस और फ्रांस सबसे ज्यादा रेमिटेंस प्राप्त करने वाले देश है।

यह भी कोई छोटी बात नहीं है कि पिछले एक दशक में भारत में लगातार अन्य देशों के मुकाबले रेमिटेंस सबसे अधिक रहा है। भारत में वर्ष 2010 में रेमिटेंस के तौर पर 53.48 अरब डॉलर आए थे। वहीं ये वर्ष 2015 में बढ़कर 68.19 अरब डॉलर और वर्ष 2020 में 83.15 अरब डॉलर हो गए हैं। प्रवासी भारतीयों की से भारत भेजा गया धन वर्ष 2021–22 में 83.57 अरब डॉलर था। प्रवासियों का यह धन उन्हें प्रवासियों के परिजनों को मुस्कुराहट दे रहा है, वहीं अर्थव्यवस्था के लिए भी लाभप्रद है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि जब कोविड–19 के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था 7.3 फीसद की ऋणात्मक विकास दर की स्थिति में पहुंच गई थी और बड़ी संख्या में उद्योग–कारोबार बंद होने के कारण देश में आर्थिक–सामाजिक परेशानियां बढ़ गई थी, उस समय आर्थिक मुश्किलों के बीच भारतीय प्रवासियों के द्वारा भेजी गई बड़ी धनराशि से भारतीय अर्थव्यवस्था को बड़ा सहारा मिला था। गौरतलब है कि दुनिया में प्रवासी भारतीयों की संख्या करीब 1 करोड़ 80 लाख है। दुनियाभर में सबसे ज्यादा प्रवासी भारत के हैं। सबसे ज्यादा भारतीय प्रवासी संयुक्त अरब अमीरात, संयुक्त राज्य अमेरिका और सऊदी अरब में रहते हैं। पहले जहां भारत से अकुशल श्रमिक कम आय वाले खाड़ी देशों में जाते थे, वहीं अब विदेश जाने वाले भारतीयों में हाई स्किल्ड लोगों की संख्या ज्यादा है और वे अमेरिका, इंग्लैंड, सिंगापुर, आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसे उच्च आय वाले देशों में जा रहे हैं। ऐसे में वे अधिक कमाई करके अधिक धन भारत भेज रहे हैं। निसंदेह प्रवासी भारतीय भारत की राजनीतिक, आर्थिक और कारोबारी शक्ति बढ़ाने में भी अहम सहयोग कर रहे हैं। यह कोई छोटी बात नहीं है कि दुनिया के कोने–कोने में भारतवंशी और प्रवासी भारतीयों की राजनीतिक, आर्थिक और कारोबारी क्षेत्रों में तेजी से बढ़ती ऊंचाई भारत के तेज विकास के मद्देनजर महत्वपूर्ण हो गई है। इतना ही नहीं भारतवंशी व प्रवासी भारतीय वैश्विक आर्थिक व वित्तीय संस्थानों आईटी, कम्प्यूटर, मैनेजमेंट, बैंकिंग, वित्त आदि के क्षेत्र में भी बहुत आगे हैं। माइक्रोसॉफ्ट के सत्य नडेला, गूगल के सुंदर पिचाई, नोवार्टिस के वसंत नरसिम्हन आदि अपनी प्रतिभा, कौशल से कारोबार और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में दुनिया की अगुवाई कर रहे हैं और भारत के विकास के सहभागी भी बन रहे हैं। इस समय 18वीं लोक सभा चुनाव के बाद भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल की एनडीए गठबंधन सरकार बनने के बाद प्रवासियों का कहना है कि एक बार फिर प्रधानमंत्री मोदी नई सरकार से प्रवासियों को भारत के विकास में सहयोग और सहभागिता करने के मद्देनजर नई ऊर्जा प्राप्त होगी।अमेरिका में कार्यरत भारतीय अमेरिकी डेमोक्रेटिक फंडराइजर तथा भारत हितैषी प्रवासियों के विभिन्न संगठनों का कहना है कि पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री मोदी ने दुनिया के आर्थिक और राजनीतिक मंचों पर जिस तरह भारत की सफलताओं का परचम फहराया है, उससे प्रवासियों के द्वारा गर्व अनुभव किया जा रहा है। उनका मानना है कि पिछले 10 वर्षों में भारत की सुरक्षा में सुधार हुआ है। सरकार ने आतंकवादी खतरों या आतंकवादी घटनाओं को नियंत्रित कर दिया है। सरकार की नीतियां भारत को आगे बढ़ा रही हैं।ज्ञातव्य है कि जहां वर्ष 2023 में इजराइल और हमास आतंकियों के बीच चल रहे संघर्ष के बीच इजराइल में फंसे भारतीय नागरिकों और प्रवासी भारतीयों की सुरक्षित वतन वापसी के लिए भारत ने ऑपरेशन अजय्य चलाया है। साथ ही वर्ष 2022 में रूस–यूक्रेन युद्ध के कारण यूक्रेन में भारतीय समुदाय सीधे खतरे में आ गया था। तब ऑपरेशन गंगा के तहत बड़ी संख्या में भारतीयों को सुरक्षित भारत वापस लाया गया था। इसमें कोई दो मत नहीं कि अभी भारत द्वारा अपने प्रवासियों के दुख–दर्द को कम करने में अधिक सहयोग किया जाना होगा।

# मोदी सरकार के कार्यकाल में लोगों का खर्च बढ़ा, आमदनी लुढ़की और बचत घटी

बता दें कि वित्त वर्ष 2022–23 में भारत की सकल बचत दर में सकल शुद्ध प्रयोज्य आय 29.7 प्रतिशत थी। जिसमें परिवार के प्राथमिक बचतकर्ता की हिस्सेदारी 60.9 प्रतिशत रही है, जबकि वर्ष 2013–22 के बीच का औसत 63.9 प्रतिशत रहा। केंद्र में सत्तारूढ़ नरेंद्र मोदी सरकार के पिछले दो कार्यकाल के मुकाबले तीसरी बार के कार्यकाल के लिए उनकी पार्टी भाजपा को जनादेश कम मिलने का रहस्य उनकी आर्थिक नीतियों में भी छिपा है, जो यह चुगली कर रहा है कि इनके पिछले 10 वर्ष के शासनकाल में भारत के लोगों की शुद्ध बचत में गिरावट आई है, जबकि खर्च में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। यह बात मैं नहीं कह रहा हूँ, बल्कि उनकी सरकार के मातहत काम करने वाले भारतीय रिजर्व बैंक की वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट–2024 बोल रही है।इस रिपोर्ट से पता चलता है कि पिछले एक दशक यानी मोदी युग में न केवल लोगों की शुद्ध बचत घटी है, बल्कि इसी बीच आई वैश्विक कोरोना महामारी के चलते भी लोगों के बचत करने के व्यवहार में आमूल चूल बदलाव आया है। यदि मोदी सरकार इसे समय रहते ही समझ गई होती तो उसे गठबंधन की बैशाखी पर चलने की जरूरत ही नहीं पड़ती और न ही 400 पार का सपना टूटता। अब बात करते हैं आरबीआई की इस रिपोर्ट की, जिसके मुताबिक, देशवासियों के बीच बचत कम होने के दो मुख्य कारण हैं– पहला यह कि अब लोग सोना–चांदी, जमीन–घर और म्यूचुअल फंड में निवेश कर रहे हैं। और दूसरा यह कि, लोगों का घरेलू खर्च यानी शिक्षा, स्वास्थ्य, आम उपभोग आदि बढ़ा है, जिसकी वजह से शुद्ध वित्तीय बचत में भारी कमी दिखाई पड़ी है। बता दें कि वित्त वर्ष 2022–23 में भारत की सकल बचत दर में सकल शुद्ध प्रयोज्य आय 29.7 प्रतिशत थी। जिसमें परिवार के प्राथमिक बचतकर्ता की हिस्सेदारी 60.9 प्रतिशत रही है, जबकि वर्ष 2013–22 के बीच का औसत 63.9 प्रतिशत रहा। इसी तरह से लोगों के पास शुद्ध वित्तीय बचत में भी 11.3 प्रतिशत की गिरावट आई है जो 2022–23 में गिरकर 28.9 प्रतिशत रह गई है, जबकि 10 वर्षों का औसत 39.8 प्रतिशत रहा है। वैश्विक महामारी कोरोना के दौरान भले ही घरेलू बचत में बढ़ोतरी देखने को मिली थी, लेकिन वह ज्यादा स्थाई नहीं रह पाई। आंकड़े बताते हैं कि इस दौरान कुल घरेलू बचत 51.7 प्रतिशत तक पहुंच गई थी, परंतु उसके बाद जैसे ही लॉकडाउन खुला तो लोगों ने अपनी बचत को सम्पत्तियों के खरीदने पर खर्च करना शुरू कर दिया। इसके साथ ही साथ लोगों की देनदारियों में भी बढ़ोतरी हुई, जिससे नगदी के रूप में बचत गिरती चली गई। वहीं, कोरोना के बाद से लोग बचत को बैंक खातों में एफडी व अन्य रूप में रखने से बच रहे हैं। जबकि सम्पत्तियों को खरीदने के लिए कर्ज लेने से भी परहेज नहीं कर रहे हैं। यही वजह है कि कृषि और व्यवसायिक लोन में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की जीडीपी का 40 प्रतिशत घरेलू उधार हो गया है, जो दुनिया की उभरती हुई अर्थव्यवस्था वाले देशों में इंडोनेशिया, मैक्सिको, पोलैंड और ब्राजील से अधिक है।रु देश के जीडीपी में वित्तीय बचत की हिस्सेदारी हुई कमवहीं, आमलोगों के खर्चों में लगातार हो रही बढ़ोतरी के चलते शुद्ध रूप से वित्तीय बचत में गिरावट आई है। यदि मोदी सरकार के 10 वर्ष के कार्यकाल के औसत के हिसाब से भी देखा जाए तो जीडीपी में शुद्ध बचत की हिस्सेदारी 2. 7 फीसदी कम हो गई है। कहने का मतलब यह कि एक दशक पहले के आठ प्रतिशत से घटकर यह 2022–23 में 5.3 फीसदी पर आ गई है,जो चिंता की बात है। सिर्फ शेयर बाजार के लोगों को मिल रहा है अच्छा रिटर्न रिपोर्ट बताती है कि अब लोगों को शेयर बाजार से अच्छा रिटर्न मिल रहा है, जो किसी भी बैंक और गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों द्वारा दिये जाने वाले ब्याज से कहीं ज्यादा है। सामान्य तौर पर बैंकों में सात से आठ प्रतिशत का सालाना रिटर्न मिल रहा है, लेकिन शेयर बाजार में पैसा लगाने वालों को मोटा रिटर्न मिला है। खासकर निफ्टी



में पैसा लगाने वालों को ठीक–ठाक रिटर्न मिला है। आंकड़े बता रहे हैं कि जहां निफ्टी 50 में पहले वर्ष 29 प्रतिशत, दूसरे वर्ष 13 प्रतिशत और तीसरे वर्ष 15 प्रतिशत का रिटर्न मिला है, वहीं निफ्टी मिडकैप 150 में पहले वर्ष 56 प्रतिशत, दूसरे वर्ष 26 प्रतिशत और तीसरे वर्ष 25 प्रतिशत का रिटर्न मिला है। वहीं, निफ्टी स्मॉलकैप 250 में पहले वर्ष 63 प्रतिशत, दूसरे वर्ष 23 प्रतिशत और तीसरे वर्ष 28 प्रतिशत का रिटर्न मिला है। जबकि निफ्टी माइक्रोकैप 250 में पहले वर्ष 85 प्रतिशत, दूसरे वर्ष 37 प्रतिशत और तीसरे वर्ष 42 प्रतिशत का रिटर्न मिला है। इससे स्पष्ट है कि मोदी सरकार के बीते एक दशक में जहां एक ओर लोगों का खर्च बेतहाशा बढ़ा है, वहीं आमदनी लुढ़की है और बचत घटी है। वहीं, सिर्फ शेयर धारक ही मालामाल हुए हैं। इस स्थिति से परेशान आमलोगों ने सरकार की इंजन पार्टी रही भाजपा का संख्या बल घटा दिया, ताकि वह अपने मित्र दलों की सलाह भी सुने और पूंजीवादी ताकतों के हाथों खेलने के बजाय आम लोगों के लिए भी सही नहीं बनाए। यदि अब भी वह जनभावनाओं को दरकिनार करके चलेगी तो संभव है कि जनता उसके नेतृत्व वाली एनडीए गठबंधन को ही सत्ता से बाहर कर दे। इसलिए समय रहते सम्भलना जरूरी है, रिपोर्ट यही चुगली कर रही है।

# भारत में शारीरिक निष्क्रियता का बढ़ना चिन्ताजनक

भविष्य के भारत को लेकर सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि देश की साठ प्रतिशत आबादी अगर शारीरिक रूप से पर्याप्त सक्रिय नहीं रहे तो आने वाले वक्त में यहां की आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक रूप से कैसी तस्वीर बनेगी।भारत में बढ़ती शारीरिक अकर्मण्यता एवं आलसीपन एक समस्या के रूप में सामने आ रहा है, लोगों की सक्रियता एवं क्रियाशीलता में कमी आना एवं वयस्कों में शारीरिक निष्क्रियता का बढ़ना चिन्ता का सबब है। इस दृष्टि से प्रतिष्ठित लैंसेट ग्लोबल हेल्थ जर्नल की वह हालिया रिपोर्ट आईना दिखाने वाली है जिसमें पचास फीसदी भारतीयों के शारीरिक श्रम न करने का उल्लेख है। महिलाओं की स्थिति ज्यादा चिंता बढ़ाने वाली है। उनकी निष्क्रियता का प्रतिशत 57 है। वैसे अकेले पुरुषों की निष्क्रियता का प्रतिशत 42 है। इस अध ययन में यह अनुमान लगाया गया है कि अगर वर्तमान में तेजी से पसर रहा आलसीपन एवं शारीरिक निष्क्रियता इसी तरह जारी रहा तो 2030 तक भारत में अपर्याप्त शारीरिक सक्रियता वाले वयस्कों की संख्या बढ़कर साठ प्रतिशत तक पहुंच जायेगी, जो चिन्ताजनक है।लैंसेट ग्लोबल हेल्थ रिपोर्ट के अनुसार, भारत की आधी वयस्क आबादी विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के शारीरिक गतिविधि संबंधी मानदंडों को पूरा नहीं कर रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश के वयस्कों में अपर्याप्त शारीरिक सक्रियता का पैमाना 2000 में 22.3 फीसदी से बढ़कर 2022 में 49.4 फीसदी हो गई है, साथ ही इसमें बताया गया है कि देश में महिलाएं पुरुषों की तुलना में ज्यादा शारीरिक रूप से ज्यादा निष्क्रिय हुई हैं। इस निष्क्रियता, आलसीपन एवं उदासीनता का कारण बढ़ते उपभोक्तावाद एवं शहरीकरण से उपजी सुविधावादी एवं आरामदायक जीवनशैली है। इसके कारण बीमारियां भी बढ़ रही है। क्योंकि जब व्यक्ति को सुस्त, निढ़ाल एवं निस्तेज देखा जाता है तो इसका सीधा अर्थ यही लगाया जाता है कि शायद उसकी तबीयत ठीक नहीं है। विडम्बना यह भी है कि समय के साथ विस्तृत होने दायरे के बीच ज्यादातर लोगों की व्यस्तता तो बढ़ी है, मगर उनकी शारीरिक सक्रियता, उत्साह एवं जोश में तेजी से कमी आई है, जो नये बनते भारत एवं सशक्त भारत के निर्माण के संकल्प के सामने एक बड़ी चुनौती है। भविष्य के भारत को लेकर सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि देश की साठ प्रतिशत आबादी अगर शारीरिक रूप से पर्याप्त सक्रिय नहीं रहे तो आने वाले वक्त में यहां की आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक रूप से कैसी तस्वीर बनेगी। जिस देश की अधिकांश आबादी के सामने रोजी–रोटी की समस्या जटिल एवं अहम है, वहां के लोगों को जीवन चलाने के लिये शारीरिक रूप से जरूरत से ज्यादा सक्रिय रहते हुए श्रम करना पड़ता है। इन स्थितियों में बड़ा सवाल खड़ा हो गया है कि भारत में ऐसे हालात कैसे पैदा हो रहे हैं कि यहां इतनी बड़ी आबादी सुस्त एवं आलसी होती जा रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन सहित शोधकर्ताओं का मानना है कि भारत एशिया प्रशांत में उच्च

# बाइडेन बोलते–बोलते लड़खड़ाए

हरिशंकर व्यास

यदि ठग व्यक्ति, झूठ बोलने में गुरू हो तो करेला नीम पर चढ़ा। तभी इन दिनों डोनाल्ड ट्रम्प जैसा ठग और झूठा राजनीति का प्रतिमान है। कोई आश्चर्य नहीं जो हाल में उन्होंने राष्ट्रपति बाइडेन को चुनावी बहस में हड़बड़ा दिया। राष्ट्रपति बाइडेन बोलते–बोलते लड़खड़ाए। इसकी मूल वजह 81 साल की उम्र में विस्मृति की थी। लेकिन बहस के दौरान बाइडेन के चेहरे से यह कई बार लगा कि उनका ऐसे झूठे ठग से पाला पड़ा है कि वे बोलें तो क्या बोलें! ठग वाचाल होते हैं। वे ऊंची आवाज में, अभिनय के साथ झूठ बोलते हैं (भारत में भी गौर करें)। इसलिए उसके आगे उम्रदराज सज्जन का लड़खड़ाना स्वाभाविक है। इसलिए डोनाल्ड ट्रम्प से बाइडेन को बहस करनी ही नहीं थी। और यदि करनी थी तो कम से कम यह शर्त तो रखनी थी कि बहस उनकी इस माफी से शुरू होगी कि हां, वे 2020 के चुनाव में हारे थे। और उस चुनाव में बाइडेन ही विजयी थे। वे 2020 के अमेरिकी जनादेश को सच्चा मानते हैं!

कितना त्रासद है यह सत्य जो नतीजों के बाद वाशिंगटन से भागा भगोड़ा डोनाल्ड ट्रम्प वापिस सत्ता की दौड़ में है। जिसने जनादेश को नहीं माना। संसद पर हमला करवाया और अमेरिकी लोकतंत्र को विश्व में कलंकित किया वही पूरी दबंगी से वापिस कह रहा है कि मैं ग्रेट हूं और बाइडेन फेल हैं। तभी बाइडेन कैसे बोलें कि मैं ग्रेट हूं या सामने वाला जो बोल रहा है वह फरेबी, ठग, झूठा और नीच है!

इस नाते लोकतंत्र की श्रेष्ठता के बावजूद उसका यह संकट स्थायी है कि फरेबी, झूठे, नीच नेताओं को रोकने का सेफ्टी वाल्व क्या हो? भारत या तीसरी दुनिया के देशों के लोकतंत्रों में झूठे, फरेबी, गंवार नेताओं का सत्ता में आना तीसरी दुनिया की अनपढ़, अंधविश्वासी आबादी के कारण समझ में आता है लेकिन अमेरिका, फ्रांस जैसे विकसित, सभ्य देशों में डोनाल्ड ट्रम्प या ले पेन जैसे अनुदारवादी ठगों का पॉवर में आना तो इन देशों के विकसित या सभ्य होने पर ही सवाल है! लोकतंत्र की आत्मा का नाम है उदारवाद। और बावजूद इसके यदि अनुदारवादी नेता ठगी, झूठ से प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति बन रहे हैं तो वैसा होना क्या लोकतंत्र की आत्मा का कमजोर होना और असुरों से उसका दानवीकरण नहीं है?

तभी अमेरिका के लोकतंत्र के लिए विष है डोनाल्ड ट्रम्प! कट्टरपंथ, अनुदारवाद, घोर दक्षिणपंथ या घोर वामपंथ याकि तमाम अतिवादी विचार तलवार का वह जुबानी रूप हैं, जिससे सर्वप्रथम लोकतंत्र ही घायल होता है। डोनाल्ड ट्रम्प 2016 में राष्ट्रपति बनने से पहले भी अनुदारवादी थे। ठग थे। झूठे थे। और राष्ट्रपति रहते हुए भी मनमानी के साथ उन्होंने दबा कर झूठ बोला। उन्होंने मार्केटिंग–ब्रांडिंग–अभिनय–झूठ के वे सभी हथकंडे अपनाए हुए थे, जिनमें ठग पारंगत होते हैं। अब सत्ता से बाहर होने के बाद वापिस चुनाव लड़ रहे हैं तो पुरानी गलतियों को मानने, उन पर माफी मांगने के बजाय ठगी के अपने चरित्र से वोट मांग रहे हैं। बाइडेन को फेल बता रहे हैं और अपने को ग्रेट! सोचें, उनका यह हुंकारा कि उनके राष्ट्रपति रहते हुए अमेरिका की दुनिया में इज्जत, गरिमा बनी जबकि बाइडने से सर्वनाश हुआ!

इस बात को वे गोरे लोग, कट्टरपंथी, अनुदारवादी, रिपब्लिकन पार्टी के नेता मानते हुए हैं जो पढ़े–लिखे होने के बावजूद यह समझते हैं कि बाहरी लोगों के आने से अमेरिका खत्म हो रहा है। काली आबादी, लातीनी आबादी, एशियाई आबादी, मुस्लिम आबादी गोरों की रोजी–रोटी खा रही है। अमेरिका क्यों दुनिया का चौधरी रहे? वह क्यों दुनिया में लोकतंत्र के लिए लड़े? क्यों तानाशाहों से यूरोप या दुनिया को बचाने के लिए अरबों–खरबों रुपए खर्च करे और सेना भेजे? कूटनीति करे? मतलब वह अपनी अमीरी खुद भोगे, दूसरों पर क्यों जाया करे या बांटे! उसे क्यों अपनी विश्व व्यवस्था बनाए रखनी चाहिए जब वह खुद अकेले अपनी ताकत से अपने हितों की सुरक्षा में समर्थ है! मतलब अमेरिका की महानता अपने घर की गोरी नस्ल, गोरे सरोकारों से है और उसी के हितों की हितसाधना और विकास में है!

सवाल है इस तरह सोचना ही अमेरिका के इतिहास और निर्माण को क्या खारिज करना नहीं है? अमेरिका बना ही बाहरी लोगों से। डोनाल्ड ट्रम्प खुद और उनके सभी भक्तों के वंशज दुनिया भर से आए प्रवासियों की संतान हैं। इसी कारण अमेरिका की तासीर सतरंगी है। विविधताओं से बने विकास का वह आधुनिक चमत्कार है। लोकतंत्र का वैश्विक प्रतिमान है। ज्ञान–विज्ञान–सत्य और कानून–कायदों का देश है। सबको समान अवसर देने की तमाम व्यवस्थाएं लिए हुए है। उसी व्यवस्था से दुनिया भर के लोगों के लिए अमेरिका आकर्षक है। सभी को अमेरिका ने मौका दिया तो बदले में उसकी प्राप्ति जहां सर्वाधिक नोबेल पुरस्कार है वही हर ओलंपिक में लगातार चली आ रही टॉप पोजिशन है। अमेरिकी सभ्यता और संस्कृति यदि आज पूरी पृथ्वी पर अपनी छाप छोड़ते हुए है तो ऐसा होना अमेरिकी समाज की विविधताओं और उदारवादी परंपराओं से खिली कला–संस्कृति की बदौलत है न कि डोनाल्ड ट्रम्प और उनके अनुदारवादी समर्थकों की जीवन शैली तथा सोच से!

और इस सत्य को अमेरिका में भी जानने–बूझने वाले कम नहीं हैं। इसलिए 2020 के चुनाव में डोनाल्ड ट्रम्प की तमाम धांधलियों के बावजूद लोगों ने बहुमत से डोनाल्ड ट्रम्प को हरा कर डेमोक्रेटिक पाटी के जो बाइडेन को राष्ट्रपति बनाया। बावजूद इसके न डोनाल्ड ट्रम्प ने संन्यास लिया और न उनके अनुदारवादी समर्थकों को समझ आया कि ट्रम्प के शासन के दौरान अमेरिका का कितना और कैसा अहित हुआ है।

तभी बोतल में बंद जिन्न वापिस चुनाव मैदान में है। उन्हें हराने का दारोमदार वापिस 81 साल के बाइडेन पर है। और उम्र से बाइडेन की दिक्कत है। उनका शरीर, उनकी आवाज, उनकी याददाश्त, उनका भलापन, उनका सत्य 78 वर्षीय डोनाल्ड ट्रम्प के आगे कमजोर दिख रहा है। डेमोक्रेटिक पार्टी और खुद बाइडेन ने यह नहीं सोचा था कि चुनाव लड़ते–लड़ते अचानक उनकी आवाज और याददाश्त लड़खड़ाई दिखेगी! मगर जब ऐसा हुआ तो 27 जून की लाइव टीवी डिबेट से ट्रम्प के आगे बाइडेन की लोकप्रियता का ग्राफ उतरता हुआ है। बाइडेन मान रहे थे कि वे ही डोनाल्ड ट्रम्प को हराने में समर्थ हैं। उन्होंने पहले हराया है, देश को बचाया है तो उन्हें ही वापिस लड़ना चाहिए। उनकी पार्टी के दूसरे नेता (ओबामा, क्लिंटन आदि) भी बाइडेन को समर्थ मानते थे। इसी कारण वे पार्टी की तरफ से अभी निर्विरोध उम्मीदवार हैं।

मगर अब सब शंकित हैं। न केवल डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसद, नेता और समर्थक शंकित हैं, बल्कि अमेरिका के वे सभी नागरिक चिंता में हैं, जो मानते हैं कि डोनाल्ड ट्रम्प यदि वापिस राष्ट्रपति बने तो तय है बरबादी! इसलिए उदारवादियों में सोचा जाने लगा है कि बाइडेन स्वयं अपनी जगह दूसरा उम्मीदवार तय करें। अगस्त में डेमोक्रेटिक पार्टी का अधिवेशन है। उसमें बाइडेन की उम्मीदवारी पर अंतिम ठप्पा लगना था लेकिन अब ट्रम्प से अमेरिका को बचाने की चाह वाले सभी चाह रहे हैं कि बाइडेन अपनी जगह किसी और डेमोक्रेटिक उम्मीदवार की घोषणा करें। भले वह उप राष्ट्रपति कमला हैरिस हों या कैबिनेट का कोई मंत्री, राज्यपाल या सांसद हो। हिसाब से उप राष्ट्रपति के नाते कमला हैरिस का नाम पार्टी में स्वीकार्य होना चाहिए।

## भोले बाबा पर हाथ न डालने के पीछे कोई राजनीतिक मजबूरी है?

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राज्य सभा में केन्द्र सरकार के फर्जी बाबाओं पर अंकुश लगाने के लिए कानून बनाने की मांग की है। अगर सरकार पेपर लीक पर सख्त कानून बना सकती है तो फिर फर्जी बाबा जो लोगों को गुमराह कर समाजद्रोह कर रहे हैं, उन पर लगाम क्यों नहीं लगनी चाहिए? लेकिन कोई सरकार ऐसा शायद ही करेगी, क्योंकि बाबा अब आध्यात्मिक प्रचार के वाहक ही नहीं राजनीतिक संदेश के अघोषित प्रचारक भी हैं।

आज देश में आजादी का अमृतकाल हो न हो, लेकिन फर्जी बाबाओं का स्वर्णकाल जरूर चल रहा है। यूपी के हाथरस जिले के सिकंदराराऊ थाने के फुलरई गांव में एक स्वयंभू बाबा के अंध भक्तों ने बाबा की चरण रज सिर माथे लगाने के चक्कर में जिस तरह 121 जानें गंवाई हैं, वह समूचे देश में बाबावाद के कैंसर के लाइलाज होने का निशानी है।

सच्चे निर्मोही संतों की जगह अब माया मोह में आकंठ डूबे फर्जी बाबाओं ने ली है, जो अब एक आम श्रद्धालु और सर्वशक्तिमान ईश्वर की बीच दलाल की भूमिका बड़ी चालाकी से निभा रहे हैं। हाथरस वाले मामले में हैरानी की बात यह है कि पुलिस और प्रशासन इस भयंकर हादसे के लिए बाबा को जिम्मेदार नहीं मान रहा है। उसका नाम अभी तक एफआईआर में भी नहीं है। लेकिन पुलिस उसे पकड़ने के लिए दर– दर की खाक छान रही है। लेकिन बाबा पकड़ में नहीं आ रहा।

सवाल यह है कि क्या बाबा को इस मानव निर्मित हादसे का आरोपी न बनाने के पीछे कोई राजनीतिक मजबूरी है, कोई जातीय गणित है या फिर इस नरसंहार का भी कोई सियासी फायदा उठाने की दूरगामी सोच है? समझना मुश्किल है कि अगर बाबा इस मामले में निर्दोष है तो यूपी पुलिस बाबा को क्यों ढूंढ रही है और अगर बाबा इस हादसे के लिए जिम्मेदार है तो उसका नाम पुलिस की प्राथमिकी में क्यों नहीं है?

इस बीच पुलिस ने आयोजन समिति के 6 लोगों को गिरफ्तार किया है और मुख्य आरोपी पर 1 लाख रुपये का इनाम घोषित किया है। उधर अज्ञातवासी भोले बाबा ने एक वकील के जरिए अंग्रेजी में एक संवेदना संदेश भक्तों ने नाम जारी किया। यह भी अपने आप में मजाक है, जिस बाबा को ठीक से शुद्ध हिंदी भी बोलनी नहीं आती और जिसके लाखों भक्तों ग्रामीण क्षेत्रों से आते हों, बाबा उन्हें अंग्रेजी में सांत्वना दे रहा है। इस संवेदना संदेश की भाषा भी निहायत गैर जिम्मेदाराना है।

बाबा ने कहा– 'आश्रम में जो हादसा हुआ, उसके पीछे शरारती तत्वों का हाथ है। मृतकों के प्रति संवेदना है। लेकिन मैं इस हादसे के पहले ही आश्रम से निकल लिया था।' अगर इस बात को भी थोड़ी देर के लिए सही मान लिया जाए कि बाबा हादसे के पहले निकल लिया था तो हादसे की सूचना मिलते ही बाबा को तुरंत आश्रम लौटना चाहिए था। अपने ही मौत से जूझते भक्तों की मदद करनी चाहिए थी। बाबा की मोबाइल डिटेल से खुलासा हो चुका है कि उसे हादसे की जानकारी तभी मिल गई थी, लेकिन वह भाग खड़ा हुआ। ये वही बाबा है, जो हमेशा अपने भक्तों को 'मानव धर्म सर्वश्रेष्ठ है', की शिक्षा रात–दिन देता है। लेकिन जब इस मानव धर्म की अग्नि परीक्षा की घड़ी आई तो खुद ही उसे कचरे की टोकरी में डाल दिया। आखिर मौत की मिट्टी को माथे लगाने की होड़ में दम तोड़ते भक्तों को उनके भाग्य पर छोड़ना कौन सा मानव धर्म है? और बाबा ही क्यों, उसके सेवादार नामधारी तमाम गुर्गे भी हादसे के वक्त भाग खड़े हुए।

इस भयावह हादसे के पीछे के कारणों की कई थ्योरियां और कडि़यां अब सामने आ रही हैं। जिसमें स्थानीय पुलिस प्रशासन की लापरवाही भी शामिल है। लाखों लोगों के समागम को बहुत हल्के में लिया गया। बाबा के अतीत की कुंडली भी खुल चुकी है।

# भारतीय मूल की स्कूली छात्रा इंग्लैंड की शतरंज टीम में सबसे कम उम्र की खिलाड़ी

उत्तर–पश्चिम लंदन के हैरो की रहने वाली बोधना सितंबर में हंगरी के बुडापेस्ट में होने वाले शतरंज ओलंपियाड में इंग्लैंड की महिला टीम में शामिल होंगी। टीम में शामिल अन्य खिलाड़ियों की उम्र 20 साल से अधिक है।लंदन। भारतीय मूल की नौ वर्षीय स्कूली छात्रा बोधना शिवनंदन शतरंज में इतिहास रचने जा रही हैं क्योंकि वह किसी भी खेल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व करने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गई हैं। उत्तर–पश्चिम लंदन के हैरो की रहने वाली बोधना सितंबर में हंगरी के बुडापेस्ट में होने वाले शतरंज ओलंपियाड में इंग्लैंड की महिला टीम में शामिल होंगी। टीम में शामिल अन्य खिलाड़ियों की उम्र 20 साल से अधिक है। बोधना ने बुधवार को बीबीसी से कहा, ''कल स्कूल से वापस आने के बाद जब मेरे पिताजी ने मुझे बताया तो मुझे इस बारे में पता चला। मैं खुश थी। मुझे उम्मीद है कि मैं अच्छा प्रदर्शन करूंगी और मुझे एक और खिताब मिलेगा।'' इंग्लैंड शतरंज टीम के मैनेजर मैल्कम पेन ने स्कूली छात्रा बोधना को अब तक देखी गई सबसे उल्लेखनीय ब्रिटिश शतरंज प्रतिभाओं में से एक बताया। उन्होंने कहा, ''यह रोमांचक है – वह अब तक की सर्वश्रेष्ठ ब्रिटिश खिलाड़ियों में से एक बनने की राह पर है।'' बोधना के पिता शिवा शिवनंदन ने कहा कि उन्हें अब भी इस



बात पर हैरानी है कि उनकी बेटी को यह प्रतिभा कहां से मिली। शिवा ने कहा, ''मैं इंजीनियरिंग स्नातक हूं, मेरी पत्नी भी इंजीनियरिंग स्नातक है लेकिन मैं शतरंज में अच्छा नहीं हूं।'' बोधना ने पहली बार महामारी के दौरान लॉकडाउन में शतरंज खेलना सीखा जब शिवा का दोस्त भारत वापस जा रहा था और उसने उन्हें कुछ बैग दिए जिनमें शतरंज का बोर्ड भी था। बोधना ने कहा, ''मुझे मोहरों में दिलचस्पी थी इसलिए मैंने खेलना शुरू कर दिया।'' पिछले दिसंबर में बोधना ने क्रोएशिया के जाग्रेब में यूरोपीय ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप जीती थी

# भारतीय मूल की स्कूली छात्रा इंग्लैंड की शतरंज टीम में सबसे कम उम्र की खिलाड़ी

उत्तर–पश्चिम लंदन के हैरो की रहने वाली बोधना सितंबर में हंगरी के बुडापेस्ट में होने वाले शतरंज ओलंपियाड में इंग्लैंड की महिला टीम में शामिल होंगी। टीम में शामिल अन्य खिलाड़ियों की उम्र 20 साल से अधिक है।लंदन। भारतीय मूल की नौ वर्षीय स्कूली छात्रा बोधना शिवनंदन शतरंज में इतिहास रचने जा रही हैं क्योंकि वह किसी भी खेल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व करने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गई हैं। उत्तर–पश्चिम लंदन के हैरो की रहने वाली बोधना सितंबर में हंगरी के बुडापेस्ट में होने वाले शतरंज ओलंपियाड में इंग्लैंड की महिला टीम में शामिल होंगी। टीम में शामिल अन्य खिलाड़ियों की उम्र 20 साल से अधिक है। बोधना ने बुधवार को बीबीसी से कहा, ''कल स्कूल से वापस आने के बाद जब मेरे पिताजी ने मुझे बताया तो मुझे इस बारे में पता चला। मैं खुश थी। मुझे उम्मीद है कि मैं अच्छा प्रदर्शन करूंगी और मुझे एक और खिताब मिलेगा।'' इंग्लैंड शतरंज टीम के मैनेजर मैल्कम पेन ने स्कूली छात्रा बोधना को अब तक देखी गई सबसे उल्लेखनीय ब्रिटिश शतरंज प्रतिभाओं में से एक बताया। उन्होंने कहा, ''यह रोमांचक है – वह अब तक की सर्वश्रेष्ठ ब्रिटिश खिलाड़ियों में से एक बनने की राह पर है।'' बोधना के पिता शिवा शिवनंदन ने कहा कि उन्हें अब भी इस



बात पर हैरानी है कि उनकी बेटी को यह प्रतिभा कहां से मिली। शिवा ने कहा, ''मैं इंजीनियरिंग स्नातक हूं, मेरी पत्नी भी इंजीनियरिंग स्नातक है लेकिन मैं शतरंज में अच्छा नहीं हूं।'' बोधना ने पहली बार महामारी के दौरान लॉकडाउन में शतरंज खेलना सीखा जब शिवा का दोस्त भारत वापस जा रहा था और उसने उन्हें कुछ बैग दिए जिनमें शतरंज का बोर्ड भी था। बोधना ने कहा, ''मुझे मोहरों में दिलचस्पी थी इसलिए मैंने खेलना शुरू कर दिया।'' पिछले दिसंबर में बोधना ने क्रोएशिया के जाग्रेब में यूरोपीय ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप जीती थी और उस समय उन्हें 'सुपर टैलेंड' करार दिया गया था।

# बहस में खराब प्रदर्शन के बाद भी बाइडन चुनाव लड़ने पर अड़े

अमेरिका में आगामी राष्ट्रपति चुनाव से पहले प्रतिद्वंद्वी रिपब्लिकन पार्टी के संभावित उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप के साथ हुई बहस में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति जो बाइडन ने तैयारियों पर उठ रहे सवालों और दावेदारी को वापस लेने के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी के भीतर बढ़ रहे दबाव को खारिज कर दिया है।वाशिंगटन। अमेरिका में आगामी राष्ट्रपति चुनाव से पहले प्रतिद्वंद्वी रिपब्लिकन पार्टी के संभावित उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप के साथ हुई बहस में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति जो बाइडन ने तैयारियों पर उठ रहे सवालों और दावेदारी को वापस लेने के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी के भीतर बढ़ रहे दबाव को खारिज कर दिया है। उन्होंने बुधवार को फिर से चुनाव लड़ने का संकल्प लिया और कहा कि शीर्ष पद की दौड़ से बाहर करने के लिए उन्हें मजबूर नहीं किया जा सकता। बाइडन ने कहा, ''मैं चुनाव लड़ रहा हूं। मैं डेमोक्रेटिक पार्टी का उम्मीदवार हूं। कोई भी मुझे इससे नहीं हटा सकता।'' घटनाक्रम से परिचित तीन लोगों ने नाम नहीं प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि डेमोक्रेटिक नेशनल कमेटी के बुलावे पर बाइडन और हैरिस दोनों ही अचानक पहुंचे। उन्होंने बताया कि इस दौरान संक्षिप्त और उत्साह बढ़ाने वाली बातचीत हुई, इसमें चुनाव के दांव–पेंच पर जोर दिया गया और पिछली बहस के बाद बाइडन की टिप्पणियों पर विचार किया गया। बाइडन ने बहस के बाद कहा था कि भले ही वह पिछड़ गये हों लेकिन वह फिर से वापसी करेंगे। राष्ट्रपति और उनके शीर्ष सहयोगियों द्वारा बहस के बाद की गयी टिप्पणी कैपिटल हिल और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की बढ़ती चिंता को दूर करने के प्रयासों में से एक माना जा रहा है। बहस में खराब प्रदर्शन को लेकर व्हाइट हाउस के कर्मचारियों और स्वयं बाइडन की ओर से दिये गये स्पष्टीकरण से डेमोक्रेट असंतुष्ट हैं। पार्टी के कुछ नेताओं का मानना है किबाइडन को अपने लचर प्रदर्शन को लेकर उठ रहे सवालों को बहुत पहले ही भांप लेना चाहिए था और उन्होंने दौड़ में बने रहकर खुद को मुश्किल स्थिति में डाल दिया है।




# बैठे थे जिनपिंग–शहबाज, तभी जयशंकर ने दुनिया को सुना दिया आतंकवाद पर मोदी का करारा संदेश

भारत सराहना के साथ याद करता है कि एससीओ के सदस्य के रूप में उसका प्रवेश 2017 के कजाख प्रेसीडेंसी के दौरान हुआ था। तब से, हमने एससीओ में अध्यक्षता का एक पूरा चक्र पूरा कर लिया है।आतंकवाद को किसी भी रूप में सही नहीं ठहराया जा और अंतरराष्ट्रीय जगत को आतंकवाद को पोषित करने वाले देशों को अलग–थलग कर देना चाहिए। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कजाकिस्तान के अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में आतंकवाद, जलवायु परिवर्तन और संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश दुनिया को बताया। उच्च स्तरीय कार्यक्रम में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने भाग लिया।रईसी के निधन पर संवेदनाभारत सराहना के साथ याद करता है कि एससीओ के सदस्य के रूप में उसका प्रवेश 2017 के कजाख प्रेसीडेंसी के



दौरान हुआ था। तब से, हमने एससीओ में अध्यक्षता का एक पूरा चक्र पूरा कर लिया है। भारत ने 2020 में शासनाध्यक्षों की परिषद की बैठक के साथ–साथ 2023 में राष्ट्राध्यक्षों की परिषद की बैठक की मेजबानी की। एससीओ हमारी विदेश नीति में एक प्रमुख स्थान रखता है। जबकि हम संगठन के सदस्य के रूप में भाग लेने वाले ईरान को बधाई देते हैं। मैं हेलीकॉप्टर दुर्घटना में राष्ट्रपति रायसी और अन्य लोगों के दुखद निधन पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। मैं राष्ट्रपति लुकाशेंको को भी बधाई देता हूं और संगठन के नए सदस्य के रूप में बेलारूस का स्वागत करता हूं। अंतर्राष्ट्रीय संबंधों और वैश्विक आर्थिक विकास पर जोर पीएम मोदी ने कहा कि हम आज दुनिया भर में महामारी के प्रभाव, चल रहे संघर्ष, बढ़ते तनाव, विश्वास की कमी और हॉटस्पॉट की बढ़ती संख्या की पृष्ठभूमि में एकत्र हुए हैं। इन घटनाओं ने अंतर्राष्ट्रीय संबंधों और वैश्विक आर्थिक विकास पर महत्वपूर्ण दबाव डाला है। उन्होंने वैश्वीकरण से उत्पन्न कुछ समस्याओं को बढ़ा दिया है। हमारी सभा का उद्देश्य इन विकासों के परिणामों को कम करने के लिए सामान्य आधार खोजना है। एससीओ एक सिद्धांत–आधारित संगठन है, जिसकी सर्वसम्मति इसके सदस्य देशों के दृष्टिकोण को संचालित करती है। इस समय, यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि हम अपनी संप्रभुता, स्वतंत्रता, क्षेत्रीय अखंडता, समानता, पारस्परिक लाभ, आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करने, बल का उपयोग न करने या बल के उपयोग की धमकी के लिए आपसी सम्मान को आधार के रूप में दोहरा रहे हैं। हम राज्य की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के सिद्धांतों के विपरीत कोई भी कदम नहीं उठाने पर भी सहमत हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर आतकंवाद की समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया तो यह वैश्विक और क्षेत्रीय शांति के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। सीमापार आतंकवाद, आतंकवाद को वित्तपोषण और नए लोगों की भर्ती के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ने की जरूरत है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को उन देशों को बेनकाब करना चाहिए, जो आतंकवाद का पोषण करते हैं और आतंकवादियों की सुरक्षित पनाहगाह बने हुए हैं।

# क्या पलट जाएगा पूरा खेल, ब्रिटिश चुनाव में भारतीयों की भूमिका क्यों इतनी अहम ?

4 जुलाई को सुबह 7 बजे से मतदान शुरू हो गया है । परिणाम रात 12 बजे से आने शुरू होंगे और 5 जुलाई सुबह 5 बजे तक स्थिति साफ होगी। भारतीय समयानुसार गुरुवार दोपहर 12.30 बजे से शुक्रवार तड़के 3.30 बजे तक वोटिंग होगी। आवश्यक होने पर समय बढ़ाया जा सकता है। रिजल्ट शुक्रवार सुबह 5.30 बजे से आने शुरू होंगे, 10.30 बजे तक स्थिति साफ होगी। ब्रिटेन में आम चुनावों के लिए गुरुवार को वोटिंग होने वाली है। इस चुनावों में 14 साल बाद विपक्षी लेबर पार्टी के सत्ता में वापसी की संभावनाएं जताई जा रही है। साथ ही पीएम ऋषि सुनक की कंजरवेटिव पार्टी की करारी हार की संभावना है। 2019 में लेबर पार्टी को 202 सीटें ही मिलीं, तब लेबर पार्टी का नेतृत्व जेरेमी कोर्बिन के पास था। 2019 में लेबर पार्टी में पद संभालने के बाद स्टारमर ने कामकाजी परिवारों पर टेक्स नहीं बढ़ाने और प्रवासियों को डिपोर्ट करने की बजाय सीमा सुरक्षित करने का वादा किया। लेबर पार्टी में से यहूदी विरोधी भावना को खत्म किया। स्टारमर लंदन के बाहर सरे में वामपंथी मजदूर परिवार में पले बढ़े, उनके पिता टूलमेकर थे। उन्होंने लीड्स और ऑक्सफोर्ड से कानून की पढ़ाई की। युवा वकील के रूप में स्टारमर ने मैकडॉनल्ड्स द्वारा मानहानि के आरोपी प्रदर्शनकारियों का प्रतिनिधित्व किया। फिर ब्रिटेन के मुख्य अभियोजक बने और उन्हें नाइटहुड से सम्मानित किया गया।4 जुलाई को सुबह 7 बजे से मतदान शुरू हो गया है । परिणाम रात 12 बजे से आने शुरू होंगे और 5 जुलाई सुबह 5 बजे तक स्थिति साफ होगी। भारतीय समयानुसार गुरुवार दोपहर 12.30 बजे से शुक्रवार तड़के 3.30 बजे तक वोटिंग होगी। आवश्यक होने पर समय बढ़ाया जा सकता है। रिजल्ट शुक्रवार सुबह 5.30 बजे से आने शुरू होंगे, 10.30 बजे तक स्थिति साफ होगी।प्रमुख भारतीय मूल के उम्मीदवार कौन–कौन?चुनावों में जिन प्रमुख ब्रिटिश भारतीय उम्मीदवारों पर नजर रहेगी उनमें प्रफुल्ल नरगुंड शामिल हैं, जो इस्लिंगटन नॉर्थ में लेबर पार्टी के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। ये पार्टी के निलंबित



पूर्व नेता जेरेमी कॉर्बिन की सीट है और वो एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। अन्य लेबर उम्मीदवारों में इफोर्ड साउथ से जस अठवाल, डर्बी साउथ से बैगी शंकर, साउथैम्पटन टेस्ट से सतवीर कौर और हडर्सफील्ड से हरप्रीत उप्पल शामिल हैं। इंदौर में जन्मे लंदन फॉर बिजनेस के पूर्व डिप्टी मेयर राजेश अग्रवाल लीसेस्टर ईस्ट से पहली बार सांसद बनने के लिए लड़ रहे हैं। उनका मुकाबला प्रतिद्वंद्वी कंजर्वेटिव पार्टी से भारतीय मूल की एक अन्य उम्मीदवार शिवानी राजा से है। गोवा मूल के सांसद कीथ वाज भी निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर दौड़ में हैं। कंजर्वेटिवों ने हेंडन में अमीत जोगिया, स्टोक–ऑन–ट्रेंट सेंट्रल में चंद्रा कन्नेगांती और हैरो वेस्ट से केन्याई–गुजराती मुस्लिम पार्षद अब्बास मेराली को भी मैदान में उतारा है। वॉल्वरहैम्प्टन पश्चिम में वारिंदर जूस, स्मेथविक में गुरिंदर सिंह जोसन और वेले ऑफ ग्लैमरगन में बिहार में जन्मे कनिष्क नारायण लेबर पार्टी की तरफ से मैदान में हैं। एक कहा जा रहा है कि प्रधानमंत्री ऋषि सुनक कथित तौर पर रिचमंड और नॉर्थहेलर्टन में अपनी सीट गवां सकते हैं। उनके पूर्व सहयोगियों प्रीति पटेल और सुएला ब्रेवरमैन को क्रमशः विथम और फारेहम और वाटरलूविल में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। लेबर पार्टी ने स्टॉकपोर्ट में नवेंदु मिश्रा को भी नामांकित किया है, जबकि प्राथमिक देखभाल और सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए यूके छाया मंत्री के रूप में कार्य करने वाली पहली ब्रिटिश सिख महिला सांसद प्रीत कौर गिल 2019 में बर्मिंघम एजबेस्टन से फिर से चुनी गईं। अन्य लेबर सांसदों में लिसा नंदी शामिल हैं विगन में सीमा मल्होत्रा घ्फेल्थम में और हेस्टन और वॉल्सॉल साउथ में वैलेरी वाज हैं। क्या होगी भारतीयों की भूमिका? ब्रिटेन में 650 में से करीब 50 सीटों पर भारतीय वोटर निर्णायक भूमिका में होते हैं। इन 50 सीटों में से लेस्टर, बर्मिंघम, कॉन्वेंट्री, साउथ हॉल और हैरॉस जैसी 15 सीटें में तो भारतीय मूल के उम्मीदवार ही पिछले दो चुनाव से जीत रहे हैं। इन सीटों पर इस बार सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी को लेकर भारतीय वोटरों में गुस्सा है, तो वहीं विपक्षी लेबर पार्टी के उम्मीदवारों को जबरदस्त समर्थन मिल रहा है। 2019 में हुए पिछले आम चुनाव में भारतीय मूल के 15 सांसद चुने गए थे, जिनमें से कई दोबारा चुनाव लड़ रहे हैं। उनके अलावा भारतीय मूल के कई लोग पहली बार आम चुनाव लड़ रहे हैं। भारतीय समुदाय के साथ लेबर का खघ्राब रिश्ता

भारतीय समुदाय ब्रिटेन में सबसे बड़े समुदायों में से एक है। हालाँकि, अतीत में लेबर पार्टी के साथ उनके रिश्ते इतने सहज नहीं रहे हैं। पूर्व लेबर नेता जेरेमी कॉर्बिन के कार्यकाल के दौरान, कथित भारत विरोधी भावनाओं और कश्मीर से जुड़े विवादों के कारण पार्टी को भारतीय समुदाय से समर्थन में गिरावट का अनुभव हुआ। इस फैक्टर ने भारतीयों को कंजरवेटिव के करीब ला दिया। जिससे भारतीय मूल के ऋषि सुनक के प्रधान मंत्री के रूप में चुनाव में मदद मिली। स्टार्मर के नेतृत्व में लेबर पार्टी ने भारतीय मूल की आबादी के बढ़ते राजनीतिक दबदबे को पहचाना है और श्भारत विरोधी भावनाओंश पर लगाम लगाने की कोशिश की है। इसने ब्रिटिश भारतीयों के लिए महत्वपूर्ण समझी जाने वाली अपनी विदेश नीति के दृष्टिकोण पर भी ध्यान केंद्रित किया है। लेबर पार्टी इस बात को उजागर करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है कि टोरीज द्वारा दिवाली 2022 की समय सीमा चूक जाने के बाद वे भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते को पूरा करने के लिए कैसे तैयार हैं। नेता जा रहे हिंदू मंदिर यूनाइटेड किंगडम की कुल आबादी में 10 लाख हिंदू हैं, जिनको अपनी तरफ खींचने के लिए वहां के नेता धर्म का कार्ड खेल रहे हैं। ब्रिटिश आम चुनाव से पहले पहली बार ब्रिटिश हिंदू संगठनों के एक समूह द्वारा एक शहिंदू घोषणापत्रश लॉन्च किया गया था, जिसमें निर्वाचित प्रतिनिधियों से हिंदू पूजा स्थलों की रक्षा और हिंदू विरोधी नफरत से निपटने के लिए सक्रिय कदम उठाने का आह्वान किया गया था। 2021 की जनगणना के अनुसार, ब्रिटेन में रहने वाले लगभग 1 मिलियन लोग हिंदू के रूप में पहचान करते हैं, जिससे 4 जुलाई के आम चुनाव में यह मतदाता एक बड़ा हिस्सा बन जाएगा। चुनाव प्रचार के अंतिम सप्ताहांत में सुनक ने समुदाय को गौरवान्वित करने का प्रयास जारी रखने का वादा करने के लिए नेसडेन में बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर का दौरा किया, जबकि स्टार्मर ने भारत के साथ रणनीतिक साझेदारी बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराने के लिए किंग्सबरी में स्वामीनारायण मंदिर को चुना।

# एसलएसी पर खत्म हो जाएगा झगड़ा!भारत–चिन के विदेश मंत्रियों की मीटिंग, हो गई दोस्ती ?

भारत ने कहा कि जयशंकर ने अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन के मौके पर यी से मुलाकात की, जहां वे इस बात पर सहमत हुए कि ष्सीमावर्ती क्षेत्रों में मौजूदा स्थिति का लंबे समय तक बढ़ना किसी भी पक्ष के हित में नहीं है।नई दिल्ली ने एक बयान में कहा कि भारत के विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने गुरुवार को कजाकिस्तान में अपने चीनी समकक्ष वांग यी से मुलाकात की है। जहां दोनों अपनी सीमा पर मुद्दों को जल्द से जल्द सुलझाने के लिए बातचीत बढ़ाने पर सहमत हुए। भारत और चीन एक लंबी हिमालयी सीमा साझा करते हैं, इसका अधिकांश भाग खराब तरीके से सीमांकित है, और जुलाई 2020



में सैन्य गतिरोध के बाद से दोनों देशों के बीच संबंधों में खटास आ गई है, जब कम से कम 20 भारतीय सैनिक और चार चीनी सैनिक मारे गए थे। भारत ने कहा कि जयशंकर ने अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन के मौके पर यी से मुलाकात की, जहां वे इस बात पर सहमत हुए कि ष्सीमावर्ती क्षेत्रों में मौजूदा स्थिति का लंबे समय तक बढ़ना किसी भी पक्ष के हित में नहीं है।भारत के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, दोनों नेता शेष मुद्दों को जल्द से जल्द हल करने के लिए अपने राजनयिक और सैन्य अधिकारियों के बीच बैठकें बढ़ाने पर सहमत हुए। भारतीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी पिछले महीने अपना तीसरा सीधा कार्यकाल शुरू किया था, ने अप्रैल में कहा था कि दोनों देशों को अपनी सीमा पर लंबे समय से चली आ रही स्थिति पर तत्काल ध्यान देना चाहिए। दोनों परमाणु–सशस्त्र देशों ने 2020 से अपनी स्थिति मजबूत कर ली है और सीमा पर अतिरिक्त सैनिकों और उपकरणों को तैनात कर दिया है, जो 1962 में खूनी सीमा युद्ध के बाद दशकों तक असहज पड़ोसी रहे हैं। नई दिल्ली के बयान में कहा गया, ष्उन्होंने अतीत में दोनों सरकारों के बीच हुए प्रासंगिक द्विपक्षीय समझौतों, प्रोटोकॉल और समझ का पूरी तरह से पालन करने के महत्व की पुष्टि की। दोनों देश पहले सैन्य और राजनयिक चैनलों के माध्यम से बातचीत बनाए रखने पर सहमत हुए हैं। बयान में कहा गया है कि जयशंकर ने पूर्वी लद्दाख में शेष क्षेत्रों से सैनिकों की पूर्ण वापसी और उनके संबंधों में सामान्य स्थिति की वापसी के लिए प्रयास बढ़ाने पर भी जोर दिया।

# आम चुनाव के लिए ब्रिटेन में मतदान, रिषि सुनक ने पत्नी अक्षता मूर्ति संग डाला वोट

प्रधानमंत्री और कंजर्वेटिव पार्टी के उम्मीदवार ऋषि सुनक ने उत्तरी यॉर्कशायर में अपना वोट डाला है। मतदान शुरू होने के लगभग तीस मिनट बाद वह और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति नॉर्थहेलर्टन के एक गांव के हॉल में अपने मतदान केंद्र पर गए।यूनाइटेड किंगडम में आज मतदान हो रहा है। मतदान केंद्र सुबह 7 बजे से रात 10 बजे तक (0600–2100 ळडज) खुले रहेंगे। मतदान समाप्त होने के बाद रात 10 बजे एक एग्जिट पोल परिणाम का पहला संकेत आएगा, जिसके विस्तृत परिणाम शुक्रवार की शुरुआत में आने की उम्मीद है। इस साल के यूके चुनाव के लिए जनमत सर्वेक्षण से संकेत मिलता है कि केंद्र–वाम लेबर पार्टी गुरुवार के चुनाव में ऐतिहासिक जीत के लिए तैयार है। इससे संभावित रूप से 14 साल के कंजर्वेटिव शासन का अंत हो जाएगा और स्टार्मर को शुक्रवार की सुबह तक 10 डाउनिंग स्ट्रीट स्थित प्रधान मंत्री कार्यालय में स्थान मिल जाएगा। ल्वनळवअ की बुधवार को जारी अंतिम सीट अनुमान से पता चलता है कि लेबर 212 सीटों का बहुमत जीतने की ओर अग्रसर है, जो आधुनिक इतिहास में किसी भी पार्टी से सबसे बड़ी है। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन, लेबर नेता स्टार्मर और कंजर्वेटिव प्रधान मंत्री ऋषि सनक दोनों




ने मतदाताओं को चेतावनी दी कि यदि कोई अन्य उम्मीदवार जीतता है तो गंभीर आर्थिक परिणाम होंगे।यूके इलेक्शन 2024 में ऋषि सनक के खिलाफ खड़े लेबर पार्टी के उम्मीदवार 61 वर्षीय कीर स्टारर ने अनुभवी वामपंथी नेता जेरेमी कॉर्बिन के तहत 2019 में 84 वर्षों में अपनी सबसे खराब चुनावी हार के बाद 2020 में पार्टी का नेतृत्व संभाला। उन्होंने लेबर को एक ऐसी पार्टी के रूप में आकार देने पर ध्यान केंद्रित किया जो मुख्य रूप से विचारधारा से प्रेरित होने के बजाय योग्यता और व्यावहारिकता के लिए जानी जाती है। स्टार्मर पूर्व मानवाधिकार वकील हैं और ब्रिटेन के शीर्ष अभियोजक भी रह चुके हैं। उन्होंने 2015 में संसद में प्रवेश किया और ब्रेक्सिट पर कॉर्बिन के प्रवक्ता के रूप में कार्य किया। उनका नाम लेबर पार्टी के संस्थापक कीर हार्डी के नाम पर रखा गया था। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, प्रधानमंत्री और कंजर्वेटिव पार्टी के उम्मीदवार ऋषि सुनक ने उत्तरी यॉर्कशायर में अपना वोट डाला है। मतदान शुरू होने के लगभग तीस मिनट बाद वह और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति नॉर्थहेलर्टन के एक गांव के हॉल में अपने मतदान केंद्र पर गए।

# टी20 विश्व कप टीम के मुंबई के खिलाड़ियों को विधान भवन में सम्मानित किया जाएगा

टी20 विश्व चौंपियन भारतीय टीम के मुंबई के चार खिलाड़ियों को शुक्रवार को महाराष्ट्र विधान भवन परिसर में सम्मानित किया जाएगा। राज्य विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने गुरुवार को सदन में यह जानकारी दी।मुंबई। टी20 विश्व चौंपियन भारतीय टीम के मुंबई के चार खिलाड़ियों को शुक्रवार को महाराष्ट्र विधान भवन परिसर में सम्मानित किया जाएगा। राज्य विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने गुरुवार को सदन में यह जानकारी दी। कप्तान रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, शिवम दुबे और यशस्वी जायसवाल भारत की टी20 विश्व कप टीम का हिस्सा थे। ये सभी मुंबई के रहने वाले हैं। भारतीय क्रिकेट टीम ने 29 जून को देश को



दूसरा टी20 विश्व खिताब दिलाया जिससे आईसीसी ट्रॉफी का 11 साल का इंतजार खत्म हुआ। भारत ने पिछला आईसीसी खिताब 2013 में जीता था जब उसने महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में चौंपियंस ट्रॉफी अपने नाम की थी। शिवसेना विधायक प्रताप सरनाईक ने गुरुवार को विधानसभा में मुंबई के खिलाड़ियों को विधान भवन में सम्मानित किए जाने का मुद्दा उठाया। विधानसभा अध्यक्ष नार्वेकर ने कहा कि शहर के खिलाड़ियों का सम्मान शुक्रवार दोपहर विधान भवन में होगा। टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम गुरुवार सुबह बारबाडोस से नई दिल्ली लौटी जहां उसका भव्य स्वागत किया गया।

# बैठे टीम इंडिया की विक्ट्री परेड का उठाना चाहते हैं लुत्फ, यहां देखें लाइव स्ट्रीमिंग से जुड़ी पूरी जानकारी

वहीं टीम इंडिया ने पीएम मोदी से भी उनके आवास पर जाकर मुलाकात की और साथ में ब्रेकफास्ट भी किया। इसके बाद टीम मुंबई के लिए रवाना हो गई। मुंबई में शाम को नरीमन पॉइंट स्थिति नेशनल सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स से वानखेड़े स्टेडियम तक एक खुली छत वाली बस में सवार होकर विक्ट्री परेड में हिस्सा लेगी।टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब अपने नाम करके टीम इंडिया स्वदेश लौट आई है। जिसके बाद नई दिल्ली एयरपोर्ट पर रोहित शर्मा और भारतीय टीम का जोरदार स्वागत हुआ। वहीं टीम इंडिया ने पीएम मोदी से भी उनके आवास पर जाकर मुलाकात की और साथ में ब्रेकफास्ट भी किया। इसके बाद टीम मुंबई के लिए रवाना हो गई। मुंबई में शाम को नरीमन पॉइंट स्थिति नेशनल सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स से वानखेड़े स्टेडियम तक एक खुली छत वाली बस में सवार होकर विक्ट्री परेड में हिस्सा लेगी। बीते बुधवार बारबाडोस से चलने के बाद कप्तान रोहित शर्मा ने अपने फैंस को विक्ट्री परेड में शामिल होने का आग्रह किया था। पिछली बार इस तरह की परेड 2007 में हुई थी। जब एमएस धोनी की कप्तान में टीम इंडिया पहली बार टी20 वर्ल्ड चौंपियन बनी थी। वहीं अगर आप भी इस विक्ट्री परेड का लुत्फ उठाना चाहते हैं और मुंबई नहीं जा सकते हैं तो आप यहां दी गई जानकारी से विक्ट्री परेड की लाइव स्ट्रीमिंग देख सकते हैं। भारत की टी20 वर्ल्ड कप



विक्ट्री परेड कब देखें?भारत की टी20 वर्ल्ड कप विक्ट्री परेड गुरुवार, 4 जुलई को भारतीय समयानुसार शाम 5 बजे शुरू होगी।

भारत की टी20 वर्ल्ड कप विक्ट्री परेड कहां होगी?भारत की टी20 वर्ल्ड कप विक्ट्री परेड मुंबई के मरीन ड्राइव और वानखेड़े स्टेडियम में होगी। भारत की टी20 वल्ड कप विक्ट्री परेड की लाइव स्ट्रीमिंग और लाइव टेलीकास्ट कहां देखें?भारत की टी20 वर्ल्ड कप विक्ट्री परेड का प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर होगा। वे स्टार स्पोर्ट्स चौनल और स्टार स्पोर्ट्स यूट्यूब पर क्रमशरू सुबह 9 बजे, दोपहर 12 बजे और फिर शाम 5 बजे से विशेष फॉलो द ब्लूज एडिशन का प्रसारण और लाइव स्ट्रीमिंग करेंगे। मुंबई में भारतीय टीम का पूरा कार्यक्रमदोपहर 2 बजे तक दिल्ली से मुंबई के लिए रवानाशाम 5 बजे– नरीमन पॉइंट से वानखेड़े स्टेडियम तक विक्ट्री परेडशाम 7 बजे– धन राशि वितरण कार्यक्रम

# रोहित शर्मा ने स्वदेश पहुंचकर मनाया अगल अंदाज में जश्न

गुरुवार सुबह तड़के टीम इंडिया दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंची जिसके बाद टीम बस में बैठकर आईटीसी मौर्या होटल के लिए रवाना हुई। रास्ते भर में फैंस का हुजूम उमड़ा हुआ था। रोहित शर्मा ने बस की विंडो से फैंस को ट्रॉफी का दीदार कराया और इस दौरान उन्होंने जीभ भी निकाली।आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 ट्रॉफी के साथ आखिरकार टीम इंडिया भारत पहुंच गई है। फैंस ने टीम इंडिया का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। गुरुवार सुबह तड़के टीम इंडिया दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंची जिसके बाद टीम बस में बैठकर आईटीसी मौर्या होटल के लिए रवाना हुई। रास्ते भर में फैंस का हुजूम उमड़ा हुआ था। रोहित शर्मा ने बस की विंडो से फैंस को ट्रॉफी का दीदार कराया और इस दौरान उन्होंने जीभ भी



निकाली। बीसीसीआई ने टीम इंडिया के ग्रांड वेलकम का एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया। रोहित शर्मा ने बीसीसीआई सेक्रटरी जय शाह और बीसीसीआई चीफ रॉजर बिन्नी के साथ मिलकर एयरपोर्ट पर ही केक भी काटा। इसके बाद जब रोहित होटल पहुंचे, तो बाहर ढोल बज रहे थे। इस दौरान रोहित भी मस्ती में दिखे और ढोल की तान पर मस्त होकर डांस भी किया। रोहित के डांस मूव्य काफी फनी थे। ढोल बजाते हुए किसी ने कहा कि जीते वर्ल्ड कप, नाचेंगे रोहित शर्मा... और फिर क्या था रोहित ने बिना समय गंवाने नाचना शुरू कर दिया। लोगों को ये वीडियो काफी पसंद आ रहे हैं। फिलहाल, टीम इंडिया पीएम मोदी के शाथ ब्रेकफास्ट कर रहे हैं। जल्द ही टीम मुंबई के लिए रवाना होगी, जहां विक्ट्री परेड का आयोजन किया गया है।

# प्रधानमंत्री मोदी से टीम इंडिया की मुलाकात, अब मुंबई में शाम 5 बजे विक्ट्री परेड

टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब अपने नाम करने के बाद गुरुवार की सुबह टीम इंडिया दिल्ली पहुंची। जहां उसका गर्मजोशी के साथ स्वागत हुआ। वहीं इसके बाद भारतीय टीम सुबह 11 बजे प्रधानमंत्री मोदी से उनके आवास 7 लोककल्याण मार्ग पहुंची, जहां टीम ने पीएम के साथ ब्रेकफास्ट किया और अपनी जीत की खुशी का मिलकर जश्न मनाया। वर्ल्ड चौंपियन भारतीय टीम गुरुवार को चार्टर फ्लाइट से बारबाडोस से नई दिल्ली पहुंची। जहां एयरपोर्ट पर भारतीय टीम का जोरदार स्वागत हुआ।



इसके बाद टीम आईटीसी मौर्या होटल पहुंची, इसके बाद टीम के सभी सदस्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने उनके आवास 7, लोक कल्याण मार्क पहुंचे। स दौरान पीएम मोदी के साथ टीम इंडिया के सदस्यों ने ब्रेकफास्ट किया और करीब 1 घंटा 40 मिनट का समय बिताया। पीएम से मुलाकात के बाद टीम इंडिया मुंबई के लिए रवाना हो गई। मुंबई में शाम 5 बजे नरीमन पॉइंटस स्थित नेशनल सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स से वानखेड़े स्टेडियम तक खुली बस में खिलाड़ियों की विक्ट्री परेड होगी। इसके अलावा विक्ट्री परेड के बाद शाम 7 बजे वानखेड़े स्टेडियम में भारतीय टीम को सम्मानित किया जाएगा। बीसीसीआई ने भारतीय टीम के लिए 25 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि का ऐलान किया है। इस समारोह का लाइव टेलीकास्ट आप स्टार स्पोर्ट्स और लाइव स्ट्रीमिंग हॉटस्टार पर देख सकते हैं। वहीं बता दें कि, 29 जून को साउथ अफ्रीका को हराकर टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब जीतने वाली भआरतीय टीम बेरिल तूफान के कारण बारबाडोस में फीं हुई थी। जिसके बाद बीसीसीआई ने भारतीय टीम को वापस लाने वाले विमान को एयर इंडिया की चार्टर फ्लाइट को एयर इंडिया चौंपियंस 24 वर्ल्ड कप नाम दिया गया है। इस विमान में भारतीय टीम, सहयोगी स्टाफ के आलावा खिलाड़ियों का परिवार भी सवार था। जबकि कुछ पत्रकार भी शामिल थे।

# टीम इंडिया का दिल्ली में फैंस ने किया शानदार स्वागत

नई दिल्ली, टी20 विश्व कप की ट्रॉफी के साथ टीम इंडिया भारत लौट चुकी है। एयरपोर्ट से लेकर होटल आईटीसी मौर्य तक क्रिकेट फैंस ने पूरे उत्साह और जोश के साथ भारतीय खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया। होटल पहुंचने पर कप्तान रोहित शर्मा सहित ऋषभ पंत, सूर्या और हार्दिक जैसे खिलाड़ी भांगड़ा करते नजर आए।

टी20 चौंपियन टीम इंडिया गुरुवार को बारबाडोस से भारत लौटी, जहां सैकड़ों प्रशंसकों ने इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के बाहर लगातार हो रही बूंदाबांदी और कड़ी सुरक्षा के बावजूद टीम इंडिया का भव्य स्वागत किया।

दिल्ली में सुबह के समय खराब मौसम के बावजूद, प्रशंसक अपने पसंदीदा खिलाड़ियों की एक झलक पाने के लिए एयरपोर्ट के बाहर हाथ में छत्री थामे और राष्ट्रीय ध्वज लहराते हुए कतार में खड़े थे।

एयरपोर्ट पर मौजूद एक प्रशंसक ने कहा, 11 साल का इंतजार खत्म हो गया है, इसलिए इसका जश्न भी शानदार होना चाहिए। मैं लक्ष्मी नगर से यहां आया हूं, और सुबह 5 बजे ही एयरपोर्ट पर पहुंच गया था, ताकि हमारे कप्तान इंडिया का राजा रोहित शर्मा और टीम की एक झलक देख सकूं।

एक अन्य महिला फैन ने कहा, हम रात से ही अपने स्टार खिलाड़ियों की राह देख रहे हैं। हम एयरपोर्ट पर सुबह 4 बजे ही आ गए थे।

वहीं, नोएडा से आई एक महिला फैन ने किंग कोहली के साथ एक सेल्फी और दिल्ली में एक रोड शो कराने की ख्वाहिश जताई।

तूफान के कारण जीत के तुरंत बाद घर वापस नहीं लौट पाने वाली टीम को तब तक अपने होटल में ही रहना पड़ा जब तक कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक स्पेशल चार्टर फ्लाइट की व्यवस्था नहीं कर दी।

एआईसी24डब्ल्यूसी–एयर इंडिया चौंपियंस 24 विश्व कप नाम से एयर इंडिया की फ्लाइट बुधवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 4रू50 बजे बारबाडोस से रवाना हुई और 16 घंटे की नॉन–स्टॉप यात्रा के बाद गुरुवार को सुबह 6 बजे (भारतीय समयानुसार) दिल्ली पहुंची।

भीड़ को नियंत्रित करने के लिए एयरपोर्ट पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी, लेकिन इससे प्रशंसकों का उत्साह कम नहीं हुआ। लोग स्टार बल्लेबाज विराट कोहली, कप्तान रोहित शर्मा और निवर्तमान मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के पोस्टर लेकर उत्साह से जयकारे लगा रहे थे।फाइनल में डेविड मिलर का शानदार कैच लेने वाले सूर्यकुमार यादव ने जयकारे लगाने वालों का साथ भी दिया। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने दर्शकों को सलाम किया, जबकि तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने फ्लाइंग किस उड़ाई।रोहित ने प्रतिष्ठित ट्रॉफी को थामे हुए बस में चढ़ने से पहले प्रशंसकों को एक झलक दिखाने के लिए इसे उठाया।

# टी 20 वर्डकप जीतने के बाद विराट कोहली के भाई पर परिवार ने किया स्वागत, कहा 'बहुत गर्व है भाई'

विकास कोहली ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर विराट कोहली के साथ अपनी, अपने बेटे, भतीजी और भतीजे की तस्वीरों के साथ लिखा, ष्बहुत गर्व है भाई।ष विकास कोहली और उनके बेटे ने भी विराट कोहली का टी20 विश्व कप पदक पहनकर खुशी साझा की। विराट कोहली के भाई और परिवार के अन्य सदस्यों ने गुरुवार सुबह दिल्ली में उनका स्वागत किया, क्योंकि टीम इंडिया टी–20 विश्व कप जीतने के बाद बारबाडोस से



नई दिल्ली पहुंची, जहां तूफान बेरिल के कारण कई दिनों तक देरी हुई थी। विकास कोहली ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर विराट कोहली के साथ अपनी, अपने बेटे, भतीजी और भतीजे की तस्वीरों के साथ लिखा, ष्बहुत गर्व है भाई।ष विकास कोहली और उनके बेटे ने भी विराट कोहली का टी20 विश्व कप पदक पहनकर खुशी साझा की। कोहली की बहन भावना कोहली ने भी अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर तस्वीरें साझा कीं। दिल्ली में जन्मे और पले–बढ़े विराट कोहली को प्रशंसकों की ओर से सबसे जोरदार जयकार मिली, जब क्रिकेटर बारबाडोस से घर लौटे।दिल्ली में टीम इंडिया का भव्य स्वागत

# पंकज आडवाणी का एशियाई बिलियर्ड्स में विजय क्रम जारी

रियाद एशियाई बिलियर्ड्स में खिताबी हैट्रिक की तलाश में उतरे भारत में शीर्ष क्यूइस्ट पंकज आडवाणी ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए सिद्धार्थ पारिख को 4–2 से हरा दिया।पंकज और सिद्धार्थ के बीच छह फ्रेम के मुकाबले में दोनों ने दबाव के बावजूद अपना कौशल दिखाया।मैच की शुरुआत सिद्धार्थ के बढ़त लेने से हुई। सटीकता और नियंत्रण दिखाते हुए, उन्होंने 101 अंक बनाए और पंकज 38 के साथ पीछे रह गए। सिद्धार्थ के शानदार प्रदर्शन ने मैच का माहौल तैयार कर दिया।दूसरा फ्रेम काफी रोमांचक था। सिद्धार्थ 100 से 99 के करीबी स्कोर के साथ पंकज को पछाड़ने में कामयाब रहे। विशेष रूप से, सिद्धार्थ के पास 65 का ब्रेक था, जबकि पंकज ने 92 के प्रभावशाली ब्रेक के साथ फ्रेम को लगभग अपने पक्ष में कर लिया था।अगले फ्रेम में जाकर, पंकज ने जोरदार वापसी की और सिद्धार्थ को 101 से 0 के स्कोर के साथ पूरी तरह से हरा दिया। 60 का उनका ब्रेक उनके रणनीतिक कौशल और निष्पादन का प्रमाण था। चौथा फ्रेम एक गहन लड़ाई थी। सिद्धार्थ ने 95 अंक बनाए, जिसमें 95 का ब्रेक भी शामिल था, लेकिन यह पंकज के 101 को पार करने के लिए पर्याप्त नहीं था।पंकज ने 93 के ब्रेक के साथ, दबाव में प्रदर्शन करने के अपने लचीलेपन और क्षमता का प्रदर्शन किया और मामूली अंतर से फ्रेम जीत लिया। उन्होंने पांचवें फ्रेम में अपना दबदबा जारी रखा और सिद्धार्थ

# कई उत्पादों का विकल्प हो सकता है फेस प्राइमर, जानिए इसके विभिन्न इस्तेमाल

फेस प्राइमर एक मेकअप प्रोडक्ट है, जिसका इस्तेमाल मेकअप बेस के लिए किया जाता है।यह चेहरे पर किए गए मेकअप को लंबे समय तक ठीक रखने और त्वचा को हाइड्रेट करने में भी काफी मदद कर सकते हैं। हालांकि, मेकअप के अलावा यह कई अन्य उत्पादों का विकल्प बन सकता है।आइए जानते हैं कि फेस प्राइमर का इस्तेमाल किन–किन उत्पादों की जगह किया जा सकता है।

आईशैडो को करता है गहरा

आप चाहें तो फेस प्राइमर का इस्तेमाल आईशैडो को गहरा करने के लिए कर सकते हैं।इसके लिए आईशैडो ब्रश पर थोड़ा फेस प्राइमर लगाएं, फिर इससे अपना पसंदीदा आईशैडो लें। ध्यान रखें कि ब्रश पर प्राइमर बहुत अधिक नहीं लगाना है क्योंकि इससे आईशैडो आंखों से नीचे गिरने लगेगा।इसके बाद आईशैडो को बंद आंखों पर लगाएं।यहां जानिए बाजार में मौजूद विभिन्न आईशैडो और उनके इस्तेमाल का तरीका।



लिपबाम की तरह लगाएं

रूखेपन के कारण होंठ फटते हैं और अगर वक्त रहते इस समस्या पर ध्यान न दिया जाए तो कई बार होंठ इतने फट जाते हैं कि उनसे खून तक निकलने लगता है।इस समस्या से सुरक्षित रहने के लिए रोजाना होंठों पर लिपबाम लगाएं।अगर आपके पास लिपबाम नहीं है तो आप उसकी जगह फेस प्राइमर को बतौर लिपबाम इस्तेमाल कर सकती हैं।इसके बाद होंठों पर लिपस्टिक लगाने पर काफी अच्छा लुक आता है।

शेविंग क्रीम के तौर पर करें इस्तेमाल

अगर आप शेविंग क्रीम खत्म होने पर साबुन का इस्तेमाल करने लगते हैं तो इससे त्वचा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।साबुन की जगह फेस प्राइमर का इस्तेमाल करना फायदेमंद हो सकता है क्योंकि इससे त्वचा मॉइश्चराइज होती है। इसके अलावा इसकी मदद से ब्लेड से त्वचा के कटने का डर भी नहीं रहता।लाभ के लिए शेविंग करते समय फेस प्राइमर को अपनी दाढ़ी वाले हिस्से पर लगाएं, फिर रेजर से अनचाहे बालों को साफ करें।

सूखे फाउंडेशन को कर सकता है ठीक

अगर आपके पास लिक्विड फाउंडेशन है और उसका इस्तेमाल रोजाना करने से वह सूख गया है तो इसे ठीक करने के लिए भी आप फेस प्राइमर का इस्तेमाल कर सकते हैं।इसके लिए फाउंडेशन की बोतल में फेस प्राइमर की 8–10 बूंदें डालें और इसे अच्छे से हिलाएं।इस तरह से फाउंडेशन पहले जैसा हो जाएगा और काम भी ज्यादा अच्छे तरीके से करेगा।यहां जानिए हल्के शेड के फाउंडेशन को ठीक करने के प्रभावी तरीके।

मेकअप साफ करने के आ सकता है काम

सोने से पहले अगर मेकअप साफ न किया जाए तो इससे त्वचा का स्वास्थ्य प्रभावित होता है।अगर आपके पास मेकअप रिमूवर नहीं है तो आप मेकअप हटाने के लिए फेस प्राइमर का इस्तेमाल कर सकते हैं।इसके लिए मेकअप वाले चेहरे पर थोड़ा–सा फेस प्राइमर लगाकर थोड़ी मसाज करें। इसके बाद

# कब खानी चाहिए अंजीर? जानिए इससे मिलने वाले फायदे

अंजीर एक फल है, जिसके टुकड़ों को सुखाकर सूखा मेवा भी बनाया जाता है।यह न सिर्फ स्वादिष्ट है, बल्कि सेहत के लिए बेहद गुणकारी भी हो सकता है क्योंकि प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम, पोटेशियम, आयरन, एंटी–ऑक?सीडेंट्स और अनसैचुरेटेड फैट का बेहतरीन स्रोत है।हालांकि, इसके सेवन का समय आपकी जीवनशैली और स्वास्थ्य लक्ष्यों पर निर्भर करता है।आइए अंजीर खाने के तरीके और इसके फायदे जानते हैं।

सुबह या शाम, किस समय अंजीर खाना है लाभदायक?

अगर आप सुबह के समय अंजीर खाते हैं तो यह भरपूर ऊर्जा प्रदान करने में मदद कर सकता है। इसके अतिरिक्त यह पाचन क्रिया को स्वस्थ रखने और भूख को नियंत्रित करने में भी मदद कर सकता है।अगर आप शाम को अंजीर का सेवन करते हैं तो यह मांसपेशियों को आराम देने और बेहतर नींद को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है। इसके अलावा यह देर रात स्नैकिंग की लालसा को रोकने में भी सहायक है।

हृदय को स्वस्थ रखने में है सहायक

सुबह और शाम के समय खाने से मिलने वाले फायदों से अलग अंजीर हृदय स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में भी मदद कर सकता है।इसका कारण है कि अंजीर में मौजूद अनसैचुरेटेड फैटी



एसिड कोरोनरी रोग (हृदय संबंधित समस्या) को रोकने में सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं।इसके अलावा अनसैचुरेटेड फैटी एसिड शरीर में कोलेस्ट्रॉल के जमाव को रोक सकते हैं। इन्हें रोकने में सक्षम होने के कारण अंजीर का सेवन हृदय को स्वस्थ रखने में लाभकारी माना जाता है।

ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में है प्रभावी

अंजीर ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में भी कारगर है, जिस कारण यह मधुमेह से सुरक्षित रखने में सहायक हो सकता है।इसमें क्लोरोजेनिक एसिड नामक एक यौगिक होता है, जो ग्लूकोज मेटाबॉलिज्म में सुधार करने में प्रभावी होता है।इसके अलावा इसमें फाइबर भी होता है, जो ब्लड शुगर के नियंत्रण में मददगार हो सकता है।हालांकि, जिन लोगों को पहले से मधुमेह है, वे डॉक्टरी सलाह के बाद ही अंजीर का सेवन करें।गर्भवती महिलाओं के लिए भी है लाभकारी

गर्भवती महिलाओं के लिए भी अंजीर लाभदायक मानी जाती है क्योंकि गर्भावस्था के दौरान महिला को अधिक मात्रा में ऊर्जा और पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है, जो अंजीर में प्रचुर मात्रा में मौजूद होते हैं।यही नहीं इसमें पाया जाने वाला आयरन और नियासिन (विटामिन बी–3) गर्भावस्था के दौरान अत्यधिक जरूरी होता है। बता दें इनकी कमी से गर्भवती को एनीमिया का खतरा हो सकता है।

अंजीर खाने के तरीके

अंजीर के फल को आप सुबह या शाम के नाश्ते के तौर पर खा सकते हैं।

# बाक्स आफिस पर कल्कि 2898 एडी का आंधी जारी, वर्ल्डवाइड कलेक्शन 700 करोड़ की ओर

नाग अश्विन की साइंस–फिक्शन एपिक फिल्म कल्कि 2898 एडी ने दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर अपनी ध् ामाकेदार कमाई से धमाल मचा दिया है. प्रभास, दीपिका पादुकोण, अमिताभ बच्चन और कमल हासन की तिकड़ी का जादू हर किसी को दीवाना कर दिया है. फिल्म ने दुनिया भर में 680 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की. फिल्म अब 700 करोड़ के आंकड़े की ओर बढ़ रही है. सोमवार को कलेक्शन में 60 प्रतिशत की गिरावट के बावजूद, फिल्म ने मंगलवार को अपनी गति बनाए रखने में कामयाबी हासिल की है.सैकनिल्क के अनुसार, कल्कि 2898 एडी ने अपने छठे दिन सभी भाषाओं में 27.85 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया, जिसमें हिंदी (14 करोड़ रुपये), तेलुगु (11.2 करोड़ रुपये), तमिल (1.2 करोड़ रुपये), कन्नड़ (0.25 करोड़ रुपये) और मलयालम (1.2 करोड़ रुपये) का योगदान रहा है. 6 दिनों के बाद भारतीय बॉक्स ऑफिस पर फिल्म का कुल कलेक्शन लगभग 371 करोड़ रुपये हो गया है.

छह दिनों की कमाई में तेलुगु भाषी क्षेत्रों का सबसे बड़ा योगदान 193.2 करोड़ रुपये है. हिंदी दूसरे सबसे बड़े बाजार के रूप में उभरा है, जिसने 142 करोड़ रुपये कमाए हैं. तमिल, कन्नड़ और मलयालम बाजारों में क्रमशरू 21 करोड़ रुपये, 2.4 करोड़ रुपये और 12.4 करोड़ रुपये कमाए है. उधर, दुनियाभर में 700 करोड़ रुपये का आंकड़ा छूने के साथ ही यह साल की पहली ब्लॉकबस्टर बनने की ओर अग्रसर है. वैजयंती मूवीज द्वारा



निर्मित इस फिल्म में कोई प्रतिस्पध ार्ा नहीं होने के कारण इस सप्ताहांत वृद्धि देखी जाएगी। 600 करोड़ रुपये के कथित बजट के साथ बनी कल्कि 2898 विज्ञापन में प्रभास, दीपिका पादुकोण, अमिताभ बच्चन और कमल हासन जैसे कई सितारे शामिल हैं।

फिल्म को ना सिर्फ रीव्यूअर्स से प्रंशसा मिल रही है, बल्कि फिल्म बिरादरी से भी काफी तारीफें मिल रही हैं. हाल ही में बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह, वरुण धवन, अर्जुन कपूर, जवान डायरेक्टर एटली ने फिल्म की वाहवाही की है.

# रितेश–सोनाक्षी की काकुड़ा का दिलचस्प का ट्रेलर आउट, हारर–कामेडी का तड़का लगाने आए साथ

सोनाक्षी सिन्हा और रितेश देशमुख की जल्द रिलीज होने जा रही फिल्म काकुड़ा का दिलचस्प ट्रेलर रिलीज हो चुका है. यह सोनाक्षी सिन्हा की शादी के बाद पहली फिल्म होगी. रितेश और सोनाक्षी के साथ इस फिल्म में एक्टर साकिब सलीम भी नजर आने वाले हैं.

काकुड़ा का ट्रेलर काफी दिलचस्प है. बता दें कि इस फिल्म को आदित्य सरपोतदार ने डायरेक्ट किया है. गौरतलब है कि हाल ही में उनकी फिल्म मुंज्या रिलीज हुई थी जो कि बॉक्स ऑफिस पर हिट हो चुकी है. इसके बाद अब आदित्य एक और इसी तरह की फिल्म लेकर तैयार है.रितेश देशमुख, सोनाक्षी सिन्हा और साकिब सलीम की तिकड़ी जल्द ही धमाल मचाती हुई नजर आएगी. तीनों सितारों की यह फिल्म 12 जुलाई को रिलीज होने जा रही है. हालांकि यह फिल्म सिनेमघरों में नहीं बल्कि ओटीटी पर दस्त देगी. काकुड़ा 12 जुलाई से जी5 पर स्ट्रीम की जाएगी. सोनाक्षी सिन्हा ने भी अपने सोशल मीडिया हैंडल से अपनी इस अपकमिंग फिल्म का ट्रेलर शेयर किया है. निर्देशक आदित्य सरपोतदार की हॉरर–कॉमेडी फिल्म काकुड़ा के ट्रेलर को शेयर करते हुए सोनाक्षी ने लिखा है कि, खुलेगा रतोडी का राज और क्या है काकुड़ा का श्राप. अब हर मंगलवार, शाम साढ़े सात बजे, दरवाजा खोलके रखना, क्योंकि काकुड़ा आ रहा है.



# बाक्स आफिस पर कार्तिक आर्यन की चंदू चौंपियन ने तोड़ा दम

कबीर खान इस बार दर्शकों के मनोरंजन के लिए फिल्म चंदू चौंपियन लेकर आए हैं।इसमें कार्तिक आर्यन मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म देश के पहले पैरालिंपिक स्वर्ण जीतने वाले मुरलीकांत पेटकर के जीवन पर आधारित है।फिल्म की कहानी और कार्तिक की अदाकारी लोगों को पसंद आ रही है, लेकिन यह दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने के लिए संघर्ष कर रही है।कल्कि 2898 एडी के आगमन के बाद चंदू चौंपियन की कमाई की रफ्तार धीमी हो गई।अब चंदू चौंपियन की कमाई के 19वें दिन के आंकड़े सामने आ गए हैं, जो अब तक का सबसे कम कारोबार है।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, चंदू चौंपियन ने 19वें दिन यानी तीसरे मंगलवार को 45 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 59.55 करोड़ रुपये हो गया है।फिल्म में विजय राज और राजपाल यादव ने भी अहम भूमिका निभाई है। साजिद नाडियाडवाला इसके निर्माता हैं।सिनेमाटोग्रॉफर के रूप में अपने फिल्मी करियर की शुरुआत करने वाले कबीर की गिनती बॉलीवुड के बेहतरीन निर्देशकों में होती है।उनके निर्देशन में एक था टाइगर और बजरंगी भाईजान जैसी सुपरहिट फिल्में बन चुकी हैं। कबीर एक शानदार लेखक और निर्माता भी हैं।न्यूयॉर्क, काबुल एक्सप्रेस और रणवीर सिंह अभिनीत 83 के निर्देशन की कमान भी उन्होंने ही संभाली थी। हालांकि, सलमान खान की फिल्म एक था टाइगर से उन्हें बॉलीवुड में पहचान मिली।



# फिल्म एक्सीडेंट या कान्सपिरेसी गोधरा का ट्रेलर जारी, 12 जुलाई को होगी रिलीज



27 फरवरी 2002 की रात गोधरा रेलवे स्टेशन के पास साबरमती ट्रेन में लगी आग 22 साल बाद भी लोगों के जहन में नहीं बुझ पाई है गोधरा कांड में करीब 59 लोगों की मौत हो गई थी, जिसके बाद गुजरात में दंगे हुए। सालों बाद भी सवाल उठते हैं कि यह सिर्फ हादसा था य साजिश?अब दो दशक के बाद गोधरा कांड पर फिल्म आ रही है। 25 जून 2024 को गोधरा कांड पर बनी फिल्म एक्सीडेंट ऑर कॉन्सपिरेसी गोधरा का ट्रेलर जारी किया गया है। फिल्म में रणवीर शौरी ने मुख्य भूमिका निभाई है।फिल्म के ट्रेलर की शुरुआत साबरमती ट्रेन के गोधर रेलवे स्टेशन में पहुंचने से शुरू होती है। जैसे ही ट्रेन गुजरात के गोध ारा के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर पहुंचती है, तोड़फोड़ के बाद ट्रेन में आग लग जाती है, जिसमें 59 लोगों की मौत हो गई। सवाल उठाता है– अटैक साबरमती में ही क्यों? इसे साजिश का नाम दिया गया। ट्रेलर मे एक महिला ने कहा, हजारों लोगों का मर्डर, गैंगरेप, यह साजिश नहीं तो और क्या है। फिल्म में वकील की भूमिका निभा रहे रणवीर शौरी कोर्ट में दलील देते नजर आये कि साबरमती ट्रेन को जलाया नहीं गया है उसको जलने दिया गया। यह प्रशासन सिर्फ एक कहानी बता रहा है अपनी गैरजिम्मेदारियों को कवर करने के लिए। रणवीर शौरी सवाल उठाते हैं, जब वह अटैक हुआ तो आरपीएफ कहां थी। गलती से जब उस ट्रेन में आ लग गई तो फायर ब्रिगेड कहां था। यह साजिश नहीं ..त्रिनेत्र फिल्म्स के बैनर तले बनी फिल्म गोधरा का निर्देशन एमके शिवाक्ष ने किया है। बीजे पुरोहित निर्मित फिल्म में रणवीर के अलावा अक्षित नामदेव, मनोज जोशी, हितु कनौडिया और देनिशा घुमरा हैं। फिल्म सिनेमाघरों में 12 जुलाई को रिलीज हो रही है।

# कोटेशन गैंग का ट्रेलर रिलीज, प्रियामणि संग खूनी खेल खेलेंगी सनी लियोनी

फिल्म कोटेशन गैंग का ट्रेलर रिलीज हो चुका है और यह सनी लियोनी की फिल्म से आपकी अपेक्षा से कहीं ज्यादा है. कोटेशन गैंग अपने दिलचस्प प्रमोशनल कंटेंट के कारण चर्चा में है। इस फिल्म में जैकी श्रॉफ, सनी लियोन, प्रियमणि और सारा अर्जुन मुख्य भूमिकाओं में हैं। हाल ही में इस फिल्म को ए सर्टिफिकेट के साथ सेंसर किया गया है। कोटेशन गैंग का ट्रेलर फिल्म के निर्माताओं द्वारा जारी किया गया। ट्रेलर में बहुत क्रूरता और खून–खराबा दिखाया गया है, जिसमें प्रियमणि को एक महिला कॉन्ट्रैक्ट किलर के रूप में दिखाया गया है, जो एक क्रूर गैंगस्टर और नारकोटिक्स की दुनिया में काम करती है। वह अपने व्यवसाय में अन्य पुरुषों के खिलाफ बढ़त हासिल करने की कोशिश करती है, और अन्य साहसी महिलाओं के साथ मिलकर लड़ती है।



कोटेशन गैंग एक हाइपरलिंक क्राइम ड्रामा है और इसे विवेक के कन्नन ने लिखा और निर्देशित किया है। फिल्म ने ए सर्टिफिकेट के साथ सेंसरशिप की औपचारिकताओं को पूरा कर लिया है। कोटेशन गैंग को सिनेमैटोग्राफर अरुण बाथमनबन ने कश्मीर, मुंबई और चेन्नई में शूट किया है और ड्रम्स शिवमणि ने इसका संगीत दिया है और केजे वेंकटरमन ने इसका संपादन किया है।

फिल्म में अशरफ मल्लिसरी, जया प्रकाश, अक्षय, प्रदीप कुमार, विष्णु वारियर, सोनल खिलवानी, कियारा, सतिंदर और शेरिन भी हैं। कोटेशन गैंग की रिलीज की तारीख की घोषणा अभी नहीं की गई है, लेकिन पहले यह घोषणा की गई थी कि फिल्म जुलाई में बड़े पर्दे पर आएगी। फिल्म कन्नड़, हिंदी, मलयालम और तेलुगु में भी रिलीज होगी।

# टीवी एक्ट्रेस निम्रत कौर अहलूवालिया ने डिप्रेशन पर की खुलकर बात

टीवी एक्ट्रेस निम्रत कौर अहलूवालिया ने डिप्रेशन से जूझने के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि टीवी शो छोटी सरदारनी की शूटिंग के दौरान लंबे समय तक काम करने और अकेलेपन ने उन्हें परेशान कर दिया था।

अपनी यात्रा को याद करते हुए उन्होंने कहा, डिप्रेशन से जूझना मेरे जीवन में एक बड़ी चुनौती रही है। छोटी सरदारनी की शूटिंग के दौरान लंबे समय तक काम करने के कारण मुझे बर्नआउट एंग्जायटी और डिप्रेशन का सामना करना पड़ा, साथ ही निजी जीवन में अकेलेपन का सामना करना पड़ा।रोहित शेट्टी द्वारा होस्ट किए जाने वाले स्टंट आधारित रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी 14 का हिस्सा रही निम्रत ने कहा कि उन्होंने अपने कॉलेज के दिनों में कभी भी डिप्रेशन का सामना नहीं किया।उन्होंने कहा, मैंने डिप्रेशन के पता चलने के बाद 40 दिन का ब्रेक लेने के बावजूद काम करना जारी रखा और एंटीडिप्रेसेंट लेना शुरू कर दिया। एक साल बाद मैंने होम्योपैथी पर स्विच कर लिया। बिग बॉस सीजन 16 में प्रवेश करने से लगभग एक महीने पहले मैंने दवा लेना बंद कर दिया।निम्रत ने कहा कि मेरे लिए काम ढूंढना कभी मुश्किल नहीं रहा। मुझे काम पाने के लिए कभी संघर्ष नहीं करना पड़ा। वास्तव में, मैं अपने टेलीविजन करियर के शिखर पर थी। भले ही दुनिया मुझे विजेता के रूप में न देखे, लेकिन मेरी सबसे बड़ी व्यक्तिगत जीत मेरे शरीर में साल भर में आए बदलावों से मानसिक और शारीरिक रूप से उबरना था।क्ट्रेस ने अपने करियर की शुरुआत मॉडलिंग से की। 2018 में उन्हें फेमिना मिस मणिपुर का ताज पहनाया गया। इसके बाद वह बी प्राक के मस्तानी नामक एक संगीत वीडियो में नजर आईं, जिसने उन्हें शोबिज की दुनिया में कदम रखने में मदद की। 2019 में



उन्होंने लोकप्रिय डेली सोप छोटी सरदारनी में काम करना शुरू किया, जिसने उन्हें फिर से सुर्खियों में लाने में मदद की। अभिनेत्री को बाद में सलमान खान द्वारा होस्ट किए जाने वाले विवादास्पद रियलिटी शो बिग बॉस 16 में देखा गया।

# बुरे फंसे निया शर्मा, करण वाही और क्रिस्टल डिसूजा, मनी लान्ड्रिंग मामले में ईडी ने किया तलब





तीनों सितारों को एक मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में पूछताछ के लिए बुलाया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रवर्तन निदेशालय 3 जुलाई को क्रिस्टल और करण से पूछताछ कर चुका है। टेलीविजन के जाने माने सितारे निया शर्मा, करण वाही और क्रिस्टल डिसूजा को प्रवर्तन निदेशालय ने तलब किया है। इन तीनों सितारों को एक मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में पूछताछ के लिए बुलाया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रवर्तन निदेशालय 3 जुलाई को क्रिस्टल और करण से पूछताछ कर चुका है। के अनुसार, कलाकारों से से अंतरराष्ट्रीय ब्रोकरों के माध्यम से अवैध ऑनलाइन फॉरेक्स ट्रेडिंग से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उनकी भागीदारी के बारे में पूछताछ की जा रही है। इस मामले में विशेष रूप से ऑक्टाफैक्स ट्रेडिंग ऐप और ऑक्टाफैक्स डॉट कॉम शामिल हैं। निया और क्रिस्टल टीवी की मशहूर अभिनेत्रियां है। दोनों ने साथ में शो एक हजारों में मेरी बहना है में बहनों का किरदार निभाया था, जो 2011 से 2013 तक प्रसारित हुआ था। वर्तमान की बात करें तो निया इन दिनों शो सुहागन चुड़ैल में नजर आ रही हैं। इस सुपरनैचुरल ड्रामा में अभिनेत्री नेगेटिव रोल निभा रही हैं।

# प्रभास को डेट कर रही है दिशा पाटानी टैटू पर अभिनेत्री के रहस्यमई जवाब ने अफवाहों को दी आग

दिशा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर टैटू वाली वायरल तस्वीर साझा की, जिसके साथ कैप्शन में उन्होंने लिखा, श्मेरे टैटू के बारे में इतनी उत्सुकता देखकर बहुत अच्छा लगा! पता लगाइए कि यह खुशी किस बारे में है! रुक्लाउडनाइन।श नए टैटू पर दिशा के जवाब ने सोशल मीडिया यूजर्स की उत्सुकता बढ़ा दी है।कल्कि 2898 ।क स्टार दिशा पाटनी अपने नए टैटू को लेकर सुर्खियों में है। दरअसल, हाल ही में अभिनेत्री ने अपने हाथ पर श्च्क्श अक्षर का नया टैटू बनवाया है, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आते ही लोगों ने दिशा का नाम प्रभास से जोड़ दिया। बता दें, दिशा और प्रभास इसी महीने रिलीज हुई ब्लॉकबस्टर फिल्म श्कल्किश में साथ में स्क्रीन करते दिखाई दिए। ऐसे में लोगों ने अभिनेत्री के टैटू को देखते ही प्रभास के साथ उनकी डेटिंग की अफवाहें उड़ाना शुरू कर दिया। हालाँकि, अब दिशा ने आगे आकर अपने नए टैटू पर सफाई दी है। दिशा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर टैटू वाली वायरल तस्वीर साझा की, जिसके साथ कैप्शन में उन्होंने लिखा, श्मेरे टैटू के बारे में इतनी उत्सुकता देखकर बहुत अच्छा लगा!

# बाक्स आफिस पर फिल्म मुंज्या की पकड़ बरकरार, जल्द पार करेगी 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा

पिछले कुछ साल कंटेंट से भरपूर फिल्मों के लिए काफी अच्छे रहे हैं। फिल्म की कहानी खुद ब खुद दर्शकों को थिएटर की तरफ खींचकर ले आई। 2024 में भी एक ऐसी ही अनोखी कहानी लोगों को फिल्म मुंज्या में देखने को मिली। छोटे बजट की इस फिल्म ने कुछ समय तक बॉक्स ऑफिस पर अपनी धाक जमाई, लेकिन प्रभास की फिल्म कल्कि 2898 एडी के रिलीज होते ही बुलेट ट्रेन से मुंज्या ने कछुए की रफ्तार पकड़ ली।मोना सिंह, अभय सिंह और शरवरी जैसे सितारों से सजी फिल्म मुंज्या इस साल की हिट फिल्म का तमगा हासिल कर चुकी है।7 जून को रिलीज हुई यह फिल्म शुरुआत से बॉक्स ऑफिस पर बढ़िया प्रदर्शन कर रही है और चौथे



सप्ताह में भी यह दर्शकों के बीच पकड़ मजबूत बनाए हुए है।घरेलू बॉक्स ऑफिस मुंज्या की कमाई 100 करोड़ रुपये की ओर है। आइए जानते हैं 26वें दिन इस फिल्म के खाते में कितने लाख रुपये आए।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, मुंज्या ने अपनी रिलीज के 25वें दिन यानी मंगलवार को 55 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 96 करोड़ रुपये हो गया है।दुनियाभर में इस फिल्म ने 118.51 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर लिया है।मुंज्या का निर्देशन आदित्य सरपोतदार ने किया है, वहीं दिनेश विजान इस फिल्म के निर्माता हैं। वरुण धवन ने मेहमान की भूमिका निभाई है।

# सम्पूर्णता अभियान का कलेक्ट्रेट में सीडीओ ने किया शुभारंभ

## समूह की महिलाओं को रोजगार हेतु 21 लाख 60 हजार का किया गया चेक प्रदान

## सायल हैल्थ कार्ड, आयुष्मान कार्ड का लाभार्थियों में किया गया वितरण

सोनभद्र(आरएनएस)। सम्पूर्णता अभियान का शुभारंभ गुरूवार को मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार एवं विशिष्ट अतिथि काव्या राजेंद्रन ने दीप प्रज्ज्वलन कर व मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अश्वनी कुमार, जिला विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, परियोजना निदेशक आर0एस0 मौर्या, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी निशिकान्त मिश्रा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें। मुख्य विकास अधिकारी ने मौके पर उपस्थित अधिकारीगण एवं लाभार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है कि देश को वर्ष–2047 तक विकसित भारत बनाना है। इसी कड़ी में नीति आयोग द्वारा चयनित देश के कुल 112 आकांक्षी जनपदों के 500 आकांक्षी ब्लाकों में विकास के लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण व सामाजिक विकास के आयामों से जुड़ें 6 महत्वपूर्ण इन्डीकेटर को आकांक्षी जनपद सोनभद्र व विकास खण्ड चतरा में त्रिवता के साथ संतृप्त करने हेतु 4 जुलाई से 30 सितम्बर,2024 तक विशेष अभियान के द्वारा स्वास्थ्य, सामर्थ्य व समृद्ध भारत का निर्माण करना है, आकांक्षी जनपद सोनभद्र में आज सम्पूर्णता अभियान का शुभारंभ किया जा रहा है, सम्पूर्णता अभियान के अन्तर्गत देश के अधिक संख्या में ब्लाकों को सम्पूर्णता अभियान के तहत 6 इन्डीकेटर्स पर संतृप्त किये जाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें जनपद सोनभद्र के आकांक्षात्मक ब्लाक के रूप में चतरा ब्लाक को चिन्हित किया गया है, यह अभियान 30 सितम्बर,2024 तक चलेगा, इस अभियान के अन्तर्गत आकांक्षात्मक ब्लाक चतरा को जिन 6 इन्डीकेटर्स पर संतृप्त किया जाना है, उसमें प्रमुख रूप से गर्भवती महिलाओं पर समय पर प्रसव, पूर्व देख–भाल मिले एवं गर्भवती महिलाओं को पूरक पोषाहार प्राप्त हो, सभी बच्चों का पूर्ण टीकाकरण किया जाये और प्रत्येक व्यक्ति की मधुमेव उच्च रक्तचाप की नियमित जॉच हो और लाभार्थियों को सॉयल हैल्थ कार्ड का वितरण किया जाये, एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को रिवाल्विंग फण्ड का वितरण किया जाये एवं स्कूलों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करायी जाये, जिससे आकांक्षात्मक ब्लाक चतरा सम्पूर्णता अभियान के अन्तर्गत सभी इन्डीकेटर्स पर तीन माह में संतृप्त किया जायेगा। मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थित लाभार्थियों, अधिकारियों एवं मीडिया बन्धुओं को सम्पूर्णता अभियान की शपथ भी दिलायी गयी। मुख्य विकास अधिकारी ने एनआरएलएम समूह की महिलाओं को रोजगार करने हेतु 21 लाख 60 हजार का डेमो चेक प्रदान किये, सॉयल हैल्थ कार्ड के लाभार्थियों को एवं आयुष्मान कार्ड का लाभार्थियों को भी कार्ड का वितरण किया गया। कलेक्ट्रेट परिसर में स्वास्थ्य, शिक्षा, उद्यान विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन किये और संचालित योजनाओं के सम्बन्ध में अधिकारियों से जानकारी भी प्राप्त किये।

मुख्य विकास अधिकारी ने बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी में अन्नप्रासन व गोदभराई की रश्म अदायगी भी किये। इस मौके पर अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, अपर अर्थ एवं संख्याधिकारी जय सिंह, डी0सी0 मनरेगा रमेश यादव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें। कार्यक्रम का सफल संचालन आनन्द त्रिपाठी द्वारा किया गया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 जुलाई को

मऊ(आरएनएस) । जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रामेश्वर एवं अपर प्रधान न्यायाधीशध्सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बाकर शमीम रिजवी के मार्गदर्शन में 13 जुलाई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में मामलों के निस्तारण हेतु जनपद के न्यायिक अधिकारीगण, समस्त प्रशासनिक अधिकारीगण एवं बैंक एवं बीएसएनएल के अधिकारीगण से अपेक्षा की गयी कि राष्ट्रीय लोक अदालत में ऐसे समस्त चिन्हांकित मामले जिनका निस्तारण आपसी सहमति के आधार पर पक्षकारों के मध्य हो सके उसका निस्तारण अधिक से अधिक संख्या में किया जाय। अपर प्रधान न्यायाधीशध सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अवगत कराया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के पूर्व 10 जुलाई से 12 जुलाई तक लघु आपराधिक वादों के निस्तारण हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आम–जनमानस से अपील की गयी कि अपने लम्बित वादों का निस्तारण कराकर इस अवसर का लाभ उठायें।

# – तमसा नदी के किनारे अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्यवाही शुरू

मऊ(आरएनएस) । जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र के निर्देश पर गुरूवार को सिटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में तमसा नदी के किनारे अवैध आक्रमण के खिलाफ कार्यवाही प्रारंभ की गई। आज लगभग 20 अवैध अतिक्रमण को बुलडोजर के माध्यम से तोड़ा गया। नदी के किनारे चिन्हांकन करते हुए नदी के दायरे में आने वाले समस्त निर्माण के मालिकों को नोटिस जारी भी जा चुकी है। जिलाधिकारी ने कहा कि नदी के किनारे समस्त अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी एवं नदी के निश्चित दायरे को अतिक्रमण से मुक्त किया जाएगा। साथ ही इन इलाकों में वृहद वृक्षारोपण भी कराया जाएगा, जिससे पर्यावरण भी ठीक रहेगा एवं नदी के बहाव क्षेत्र में वृद्धि भी होगी। इससे बाढ़ के खतरे से भी बचाव होगा। इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट बृजेंद्र कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद दिनेश कुमार, सीओ सिटी सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहे।

# स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

मऊ(आरएनएस) । साई कालेज आफॅ फार्मेसी सिकटीयाघ्ध में पूरे विश्व में भारतीय संस्कृति और अध्यात्म का डंका बजाने वाले स्वामी विवेकानंद के 122वीं पुण्यतिथि पर दिया गया श्रद्धांजलि। इसमे साई कालेज के प्रबन्धक अखिलेष राय ने बताया कि उनकी बुद्धिमत्ता और ज्ञान की अथक खोज भी बहुत प्रेरक हैं। हम एक समृद्ध और प्रगतिशील समाज के उनके सपने को पूरा करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं। स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 में हुआ था। चार जुलाई 1902 को उनका निधन हो गया था। वही प्रधानाचार्य अजय कुमार ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी का कहना था कि अगर तुम खुद ही नेता के रूप में खडें हो जाओगे, तो तुम्हें सहायता देने के लिये कोई भी आगे नही बढेगा अगर आप सफल होना चाहतें हो। इस दौरान प्रधानाचार्य अजय कुमार, अषजद कमाल, अध्यापकगण अविनास पाण्डेय, षिवम सुषील, अखिलेष सिंह चौहान, अजय सिंह, सुनिल राव, सतवन्त रवि, इरफान खान, आकांक्षा षर्मा, मुदस्सीर षमीम, कपिल मौर्या, विवेक पाण्डय, अमित श्रीवास्तव, सुनील मौर्या, अंकिता सिंह, जुही गुप्ता, प्रषान्त षर्मा आकांक्षा राव व छात्र छात्रा भी उपस्थित थे।

# पुलिस अधीक्षक ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रोंतटबंधों का किया निरीक्षण

मऊ(आरएनएस) । रेनिंग सीजन को लेकर बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में जन–धन की सुरक्षा एवं आमजन की सुविधा और राहत एवं बचाव कार्य के दृष्टिगत विशेष सर्तकता बरते जाने के क्रम में गुरूवार को पुलिस अधीक्षक इलामारन जी द्वारा थाना मधुबन क्षेत्रान्तर्गत बाढ़ प्रभावित क्षेत्रोंध्तटबंधों का भ्रमण कर शांतिध्सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना मधुबन क्षेत्र में बाढ़ से निपटने के लिये बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में बनी अस्थायी पुलिस चौकी परसिया जयरामगिरी बंधा व अस्थायी पुलिस चौकी नई बस्ती दुबारी एवं स्थायी पुलिस चौकी दुबारी का गहन निरीक्षण किया गया तथा उक्त चौकियों में नियुक्त (01–01 उपनिरीक्षक व 04–04 आरक्षी) पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये। साथ ही साथ थानाध्चौकियों में जाल, ट्यूब, रस्सी, टार्च व ड्रैगन लाइट एवं अन्य जरुरी संसाधनों के सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक मधुबन को निर्देशित किया गया तथा बाढ़ के दौरान भ्रमणशील रहकर सतर्क दृष्टि बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया।

# सच का सामना करने से घबराई भाजपा की हताशा सामने आई- अंशुमन

प्रयागराज (आरएनएस) । लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के भाषण से भाजपा की बौखलाहट खुल कर सामने आ चुकी है। राहुल गांधी ने लोकतंत्र, संविधान, रोजगार के साथ – साथ नीट सहित अन्य परीक्षाओं के पेपर लीक होने, अग्निवीरों के साथ दोयम व्यवहार सहित अन्य गंभीर मुद्दों पर सरकार को घेरा था। उन मुद्दों पर अपने जबाबदेही से भागती भाजपा नीत सरकार ने उनके भाजपाई हितुत्व पर किये गए कटाक्ष को मुद्दा बना कर एक बार फिर जनता का ध्यान भटकाने का हताश प्रयास शुरू कर दिया है। इसी क्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के घर उनकी अनुपस्थिति में पँहुच कर प्रदर्शन करने और पुतला फूंकने की घटना के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित किया है ज्ञापन में मांग की गई है कि चुनावी असफलता और खीझ में भाजपा सरकार एकबार फिर उसी पुराने रास्ते पर चल निकली है जिसके खिलाफ जनता ने जनादेश दिया है । इस अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा अंशुमन ने कहा कि जनता के मूलभूत सवालों से कांग्रेस भाजपा को भागने नहीं देगी और उसे अपनी कारगुजारियों की जबाबदेही देनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि साम्प्रदायिक विभाजन का उसका घिसा–पिटा प्रयोग अब इस देश मे अप्रासंगिक हो चुका है और जनता अपने जीवन से जुड़े सवालों पर सरकार से जबाब चाहती है।इस अवसर पर प्रदीप मिश्र अंशुमन, विनय पांडेय, प्रदीप वर्मा, फोटो देवी, इंदु बाला, गीता देवी, मुन्ना जाफरी, पुष्पेंद्र भारतीय, कुलदीप गिहार, रमेश हरिजन, विशाल सोनकर, सकूर, रमेश यादव, गुलाम ख्वाजा, जमाल अख्तर, अजय श्रीवास्तव, अल्तमश, रमेश वर्मा, सनी सोनकर प्रमोद, मनोज श्रीवास्तव, रवि कांत मिश्र, शिवेंद्र सिंह आदि नेतागण उपस्थित थे।

# जैन संत गणाचार्य विराग सागर महाराज की समाधि से जैन समाज को गहरा आघात

प्रयागराज (आरएनएस) । जैन संत आचार्य विराग सागर महाराज की 4 जुलाई को महाराष्ट्र में जालना के नजदीक देवमूर्ति गांव में समाधि का समाचार पाकर जैन समाज में शोक की लहर दौड़ गई। आचार्य श्री का जन्म दमोह जिले के पथरिया में हुआ था। फरवरी 2024 में आचार्य विद्यासागर जी के बाद जैन समाज के बड़े संत आचार्य विराग सागरजी महाराज की समाधि को बड़ी क्षति बताया गया है। जैन समाज के मुताबिक आचार्य श्री 350 से अधिक मुनि और आर्यिका को दीक्षित कर चुके गणाचार्य विराग सागरजी महाराज के समाधि लेने पर जैन समाज ने विनम्र श्रद्धांजलि दी है। विराग सागर जी महाराज के मंगलमय विचार और लोकहितकारी जीवन सर्वदा मानवता के कल्याण के दिव्य प्रकाश पुंज को देदीप्यमान रखेंगे। विराग सागर जी महाराज का 2002 और 2021 में प्रयागराज में भी आगमन हो चुका है। सुबह जैसे ही उनकी समाधि का समाचार प्राप्त हुआ सभी की आंखे नम हो गई। आचार्य श्री ने कई तीर्थो का भी निर्माण कराया। उन्होंने सामाजिक बुराइयों को दूर करने एवम श्रमण संस्कृति के उत्थान में भी अपना योगदान दिया।

# चांद दिखाई देने पर रविवार या सोमवार से होगा गम के महीने का आगाज

परंपरागत तरीके से उठेंगे दरियाबाद, रानीमंडी, करैली, रौशनबाग आदि मोहल्लों से उठने वाले मातमी जुलूसः सैयद मोहम्मद अस्करी

प्रयागराज (आरएनएस) । करबला के शहीदों की याद में दो माह आठ दिनों तक मनाए जाने वाले गम के महीने का आगाज ऐसे तो चांद की तस्दीक के बाद ही होगा लेकिन शुक्रवार को इस्तेकबाल ए अजा का पहला जुलूस दरियाबाद स्थित इमामबाड़ा अरब अली खां से रात्रि 8रू30 बजे निकाला जाएगा। शहजेब असगर की निजामत में हैदर जैदी बिट्टू भाई की सोजख्वानी से मजलिस का आगाज होगा। मौलाना इरफान हैदर जैदी मजलिस को खिताब करेंगे।

# मोहर्रम में पढ़े जाने वाले नौहों के अभ्यास में लगी मातमी अन्जुमने

प्रयागराज (आरएनएस) । खानदाने रिसालत के साथ चौदह सौ साल पहले इराकध के करबला में घटित घटना की याद में मनाए जाने वाले दो माह और आठ दिनों तक जुलूसों, शब्बेदारी व मजलिसों में पढ़े जाने वाले नौहों की तैयारी इन दिनों विभिन्न मातमी अन्जुमनें कर रही हैं। शायरों से नौहा लिखवाने और उसे तर्ज (धुन लय) देने के बाद मंजरे आम पर पेश करने को शहर भर की दो दर्जन से अधिक मातमी अन्जुमनों द्वारा अपने नौहाख्वानों व हमनवा साथियों के साथ मश्कध यानि प्रेक्टिस जारी है। नौहों को अन्तिम रूप देकर आज अन्जुमन गुन्चा ए कासिमिया की ओर से बख्शी बाजार स्थित मिर्जा अजादार हुसैन के अजाखाना पर मजलिस हुई जिसमें अन्जुमन के सदस्यों को पहली बार नौहे की धुन व लय से अवगत कराया गया।

# एनसीएल में 'प्रोक्योरमेंट आफ गुड्स' विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण

सोनभद्र(आरएनएस)। भारत सरकार की मिनिरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में कोयला मंत्रालय के मार्गदर्शन में 'प्रोक्योरमेंट ऑफ गुड्स' विषय पर 2 दिवसीय मैराथन प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण कार्यक्रम एमडीआई, सीईटीआई सिंगरौली में चल रहा है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम एनसीएल के सतर्कता विभाग और सामग्री प्रबंधन विभाग की देखरेख में 4–5 जुलाई तक आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले दिन निदेशक (वित्त)रजनीश नारायण और मुख्य सतर्कता अधिकारी, एनसीएल रविन्द्र प्रसाद ने प्रशिक्षण सत्र को संबोधित किया और कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान एनसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों से विभागाध्यक्ष भी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में गुरुवार को कार्यकारी निदेशक (सामग्री और अनुबंध) कोल इंडिया, पी. डी. शर्मा और जेम सलाहकार आनंद एस. सिंह ने प्रभावी खरीद प्रबंधन पर जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर एनसीएल के विभिन्न क्षेत्रोंध्इकाइयों से 80 प्रतिभागियों ने हिस्सा लेकर ज्ञान अर्जन किया।गौरतलब है कि कोयला मंत्रालय के निर्देशन में एनसीएल का सतर्कता विभाग इस वर्ष विभिन्न विषयों पर क्षमता निर्माण के लिए मैराथन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। इसी कड़ी में अप्रैल, मई और जून महीने के लिए क्रमशः खनन अनुबंध, सिविल और प्रोक्योरमेंट जैसे विषय पर सफलतापूर्वक प्रशिक्षण दिया जा चुका है। साथ ही जुलाई माह में वित्त विषय पर प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# पूर्व सांसद अतुल राय के प्रयास से 106 दिव्यांग जनों को वितरित की गई मोटराइज्ड ट्राई साइकिल

## – सांसद निधि के माध्यम से दिव्यांगजनों को उपलब्ध कराई गई मोटराइज्ड ट्राई साइकिल

मऊ(आरएनएस) । जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र ने गुरूवार को कम्युनिटी हाल परिसर से 106 दिव्यांग जनों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल वितरित किया। ये मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल पूर्व सांसद अतुल राय के प्रस्ताव पर सांसद निधि के माध्यम से उपलब्ध कराई गई थी। इस अवसर पर अपने संबोधन में जिलाधिकारी ने सांसद, सांसद प्रतिनिधि, मुख्य विकास अधिकारी तथा दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी को दिव्यांगजनों हेतु मोटराइज्ड ट्राई साइकिल उपलब्ध कराने हेतु किए गए प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही उन्होंने दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल मिलने पर उनको मिलने वाली सहूलियतें, लंबी दूरी को आसान बनाने तथा समय की बचत करने में सहायक बताते हुए समस्त दिव्यांगजनों से अपनी प्रतिभा के अनुसार रोजगार के अवसर प्राप्त करने के प्रयास करने को कहा, जिससे वे आत्मनिर्भर हो सके। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत कार्यरत समूहो के तहत रोजगार के अवसर पैदा करने को कहा। साथ ही दिव्यांगजनों को जिला प्रशासन द्वारा पूरा सहयोग प्रदान करने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने दिव्यांगजनों से उनके अंदर छिपी ताकत को पहचान कर जीवन में आत्मनिर्भर होते हुए आगे बढ़ाने की अपील भी की। इस दौरान उन्होंने वहां पर उपस्थित मीडिया कर्मियों का धन्यवाद करते हुए दिव्यांगजनों हेतु शासन द्वारा चलाए जा रही विभिन्न योजनाओं का प्रचार प्रसार करने तथा उन्हें इसका लाभ दिलाने हेतु कार्य करने की भी अपील की तथा दिव्यांगजनों के मोटिवेशन हेतु विशेष प्रयास करने को भी कहा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने भी समस्त दिव्यांगजनों को प्रोत्साहित करते हुए लक्ष्य का निर्धारण कर जीवन में आगे बढ़ने हेतु प्रयास करने को कहा। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि गोपाल राय, परियोजना निदेशक बाबूराम त्रिपाठी, दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी नरेंद्र विश्वकर्मा सहित अन्य संबंधित लोग तथा बड़ी संख्या में दिव्यांगजन एवं उनके परिजन उपस्थित रहे।

# 25 करोड़ की लागत से संवरेगा स्टेडियम–दिनेश सिंह

## उद्यान मंत्री ने अधिकारियों संग की विकास कार्यों की समीक्षा

रायबरेलीरायबरेली (आरएनएस) ।प्रदेश के उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने सरकार द्वारा चलाये जा रहे कल्याणकारी योजनाओं व विकास कार्यो की प्रगति की समीक्षा अधिकारियों के साथ की। श्री सिंह ने कहा कि मोती लाल नेहरू स्टेडियम के विकास के लिए लगभग 25 करोड़ रूपये मोती लाल नेहरू स्टेडियम के लिए स्वीकृत कराकर अवमुक्त करा दिया।साथ ही विकास खण्ड लालगंज और सरेनी के मध्य एक बडेध स्टेडियम की स्थापना हेतु भूमि उपलब्ध कराये जाने और स्टेडियम निर्माण हेतु शीघ्र प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।शहर में फीरोज गाँधी चौराहे से दिवानी कचहरी, जहानाबाद चौकी होते हुए त्रिपुला तक, रतापुर से जहानाबाद तक, सिविल लाइन से पीएसी कॉलोनी तक, फीरोज गाँधी चौराहे से सई नदी पुल तक सड़कों के चौड़ीकरण व डिवाइडर रोड की प्रगति की भी समीक्षा की।नहरों में पर्याप्त पानी उपलब्ध कराये जाने, विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं का निदान कराने, फ्लोराइड युक्त पानी पीने पर मजबूर खीरों ब्लाक के भीतरी गांव में स्थापित पानी की टंकी को शीघ्र संचालित कराने व डलमऊ में निर्माणाधीन वृहद गौशाला का निर्माण शीघ्र प्रारम्भ कराने, हरचन्दपुर में औद्यानिक व कृषि महाविद्यालय का निर्माण शीघ्र कराने के भी निर्देश अधिकारियों को दिये।इस अवसर पर डीएम हर्षिता माथुर, एसपी अभिषेक अग्रवाल सहित जिले के प्रमुख विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# रेलवे ने विशेष गाड़ियों के संचालन में बढ़ाये फेरे

प्रयागराज (आरएनएस) । रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिये कई गाड़ियों के संचालन अवधि में विस्तार करने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी संख्या 01919ध01920 आगरा कैंट–अहमदाबाद जंक्शन साप्ताह में तीन दिन, सुपरफास्ट विशेष गाड़ी आगरा कैंट से गाड़ी संख्या 01919 प्रत्येक मंगलवार, गुरुवार एवं शनिवार 4 से 30 जुलाई तक 11 फेरों के लिये विस्तार किया गया है। वहीं अहमदाबाद से गाड़ी संख्या 01920, प्रत्येक बुधवार, शुक्रवार एवं रविवार 5 से 31 जुलाई तक संचालित की जायेगी। इसके अलावा गाड़ी संख्या 01905ध01906 कानपुर–अहमदाबाद जंक्शन साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष गाड़ी कानपुर से गाड़ी संख्या 01905, प्रत्येक सोमवार 8 से 29 जून तक तथा अहमदाबाद से गाड़ी संख्या 01906, प्रत्येक मंगलवार 9 से 30 जुलाई तक संचालित होगी। इसके अलावा गाड़ी संख्या 04165ध04166 आगरा कैंट–अहमदाबाद जंक्शन साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष गाड़ी आगरा कैंट से गाड़ी संख्या 04165, प्रत्येक बुधवार 10 से 31 जुलाई, अहमदाबाद से गाड़ी संख्या 04166, प्रत्येक गुरुवार 11 जुलाई से 01 अगस्त तक चलाई जायेगी। वहीं गाड़ी संख्या 04167ध04168 आगरा कैंट–अहमदाबाद जंक्शन साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष गाड़ी आगरा कैंट से गाड़ी संख्या 04167, प्रत्येक रविवार 7 से 28 जुलाई, अहमदाबाद से गाड़ी संख्या 04168, प्रत्येक सोमवार 08 से 29 जुलाई तक एवं गाड़ी संख्या 04115ध04116 सुबेदारगंज–लोकमान्य तिलक विशेष गाड़ी सुबेदारगंज से गाड़ी संख्या 04115, प्रत्येक गुरुवार 04 से 25 जुलाई, लोकमान्य तिलक से गाड़ी संख्या 04116, प्रत्येक शुक्रवार 05 से 26 जुलाई तक संचालित होगी। इसी क्रम में गाड़ी संख्या 04121ध04122 सुबेदारगंज–सिकंदराबाद साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष सुबेदारगंज से गाड़ी संख्या 04121 प्रत्येक गुरुवार 04 से 25 जुलाई, सिकंदराबाद से गाड़ी संख्या 04122 प्रत्येक शनिवार 06 से 27 जुलाई, गाड़ी संख्या 02199ध02200 वीरांगना लक्ष्मीबाई–बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष वीरांगना लक्ष्मीबाई से गाड़ी संख्या 02199 प्रत्येक गुरुवार 04 से 25 जुलाई, बांद्रा टर्मिनस से गाड़ी संख्या 02200, प्रत्येक शनिवार 06 से 27 जुलाई तक चलाई जायेगी। गाड़ी संख्या 01922 वीरांगना लक्ष्मीबाई–पुणे साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष गाड़ी और गाड़ी संख्या 01921 पुणे–वीरांगना लक्ष्मीबाई साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष गाड़ी वीरांगना लक्ष्मीबाई से गाड़ी संख्या 01922, प्रत्येक बुधवार 10 से 31 जुलाई, पुणे गाड़ी संख्या 01921, प्रत्येक 11 जुलाई से 01 अगस्त तक संचालित की जायेगी।

# पूनम मिश्रा ने मुक्त विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी का पदभार किया ग्रहण

प्रयागराज (आरएनएस) । उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज की नियमित वित्त अधिकारी श्रीमती पूनम मिश्रा ने आज कार्यभार ग्रहण कर लिया। उत्तर प्रदेश वित्त एवं लेखा सेवा संवर्ग समूह क की अधिकारी श्रीमती पूनम मिश्रा इसके पहले सुपर स्पेशियलिटी बाल चिकित्सालय, नोएडा में कार्यरत थी। विश्वविद्यालय में आयोजित समारोह में कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने श्रीमती मिश्रा का स्वागत करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय को पूर्णकालिक वित्त अधिकारी मिलने से विश्वविद्यालय के रुके हुए कार्य तेजी से आगे बढ़ेंगे। संस्था के विकास के लिए वित्तीय अनुशासन पहली प्राथमिकता होनी चाहिए, जिस पर नवागत वित्त अधिकारी पूरा ध्यान देंगी।विश्वविद्यालय में पूर्णकालिक वित्त अधिकारी नियुक्त करने पर कुलपति ने उत्तर प्रदेश शासन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय की नवनियुक्त वित्त अधिकारी श्रीमती पूनम मिश्रा ने कुलपति के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में वित्तीय शुचिता का पूर्ण ध्यान रखते हुए विश्वविद्यालय के विकास में हर संभव योगदान करेंगी। इस अवसर पर नवागत वित्त अधिकारी का स्वागत विश्वविद्यालय के निदेशक, कुलसचिव, परीक्षा नियंत्रक,अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने किया।

# धोखाधड़ी और ब्लेकमेलिंग के आरोप में शालिनी मिश्रा पर दर्ज कराया एफआईआर

प्रयागराजध्लखनऊ (आरएनएस) लखनऊ पुलिस ने धोखाधड़ी और ब्लेकमेलिंग के गंभीर आरोपों में शालिनी मिश्रा के खिलाफ हजरतगंज थाणे में एफआईआर दर्ज की है। यह शिकायत श्रेया ग्रुप ऑफ कम्पनीज के अध्यक्ष हेमंत कुमार राय द्वारा की गई है, जिसने शालिनी मिश्रा पर कंपनी के आंतरिक दस्तावेजों और संवेदनशील जानकारी का दुरुपयोग कर ब्लैकमेलिंग का आरोप लगाया है।

श्रेया ग्रुप ऑफ कम्पनीज की ओर से दर्ज एफआईआर के अनुसार, शालिनी मिश्रा, जो कंपनी में एक महत्वपूर्ण पद पर कार्यरत थीं, ने धोखे से कई महत्वपूर्ण और गोपनीय दस्तावेज हासिल किए और इसके आधार पर कंपनी से बड़ी रकम की मांग की। जब कंपनी ने उनकी मांगों को पूरा नहीं किया, तो उन्होंने ब्लैकमेलिंग शुरू कर दी। इसके अलावा शालिनी मिश्रा पर एमएमएस वायरल कर बदनाम करने का आरोप भी लगाया गया है।

कंपनी के अध्यक्ष हेमंत कुमार राय ने बताया शालिनी मिश्रा, उनके पिता राम शरण मिश्रा के अलावा गुलिस्तां (मुस्कान), सुनील कुमार गुप्ता, बृजेश कुमार और अखिलेश कुमार तिवारी करोड़ों रुपए कंपनी से लिए हुए हैं, जिसे कंपनी को देना ना हो इसलिए षड्यंत्र रच रहे हैं। इसमें कई लोग और शामिल है जो पुलिस जांच के दौरान सामने आएंगे और अन्य अन्य कई लोगों की संलिप्तता सामने आएगी।

वहीं, श्रेया ग्रुप ऑफ कम्पनीज की ओर से कहा गया है कि, हमारी कंपनी में किसी भी प्रकार की अनैतिक और अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हमने इस मामले को कानून के समक्ष रखा है और हमें न्याय प्रणाली पर पूरा भरोसा है। उन्होंने पुलिस से इस मामले में शिकायत दर्ज कर आरोपियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।